* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

* पटना संस्करण

* रजि. नंबर : 52290/90 * वर्ष : 36 * अंक : 200 * पृष्ठ : 12 * औरंगाबाद, बुधवार, 17 दिसम्बर 2025 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com


बिहार में पम्प्ड स्टोरज प्रोजेक्ट के अधिष्ठापन हेतु एकरारनामे पर हस्ताक्षर किया गया

# पांच साल में 50 लाख करोड़ का होगा निवेश, एक करोड़ नौकरी-रोजगार देगी सरकार

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया सात निश्चय पार्ट-3 का ऐलान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नीतीश कैबिनेट की मंगलवार को हुई बैठक में 5 साल में 50 लाख करोड़ निवेश करने का फैसला लिया गया है। इसके साथ ही एक करोड़ नौकरी-रोजगार के रोडमैप पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही सात निश्चय योजना 3.0 को मंजूरी मिली है। सीएम नीतीश कुमार ने एक्सपर लिखा- 24 नवंबर 2005 को जब से हम लोगों की सरकार बनी, तब से राज्य में कानून का राज है। लगातार 20 सालों से सभी क्षेत्रों और सभी वर्गों के विकास के लिए काम किया गया है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि राज्य में अब सात निश्चय-3 कार्यक्रमों को लागू करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने लिखा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि राज्य में सुशासन के कार्यक्रमों में सात निश्चय (2015-2020) और सात निश्चय-2 (2020-2025) में न्याय के साथ विकास से जुड़े निर्धारित लक्ष्यों को हासिल किया गया। सीएम नीतीश ने अपने पोस्ट में यह भी लिखा कि अब बिहार को सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने के लिये अब सात निश्चय पार्ट-3 कार्यक्रमों को लागू करने का निर्णय लिया गया है। सात निश्चय-3 का पहला निश्चय 'दोगुना रोजगार-दोगुनी आय' रखा गया है। इसका उद्देश्य राज्य की प्रति व्यक्ति औसत आय को दोगुना करना है। इसके लिए कई कार्यक्रमों और योजनाओं को लागू किया गया है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत राज्य की महिलाओं को स्वरोजगार के लिए 10 हजार रुपए दिये जा रहे हैं। इस योजना के लाभुकों को अपना रोजगार आगे बढ़ाने के लिए 2 लाख रुपए तक की सहायता दी जाएगी। साथ ही साल 2023 में राज्य में जाति आधारित गणना के साथ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण भी कराया था जिसमें चिह्नित 94 लाख गरीब परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार योजनाओं और जरुरत पड़ने पर अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी। अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं के लिए नौकरी और रोजगार के अवसर पैदा करने का लक्ष्य निर्धारित



किया गया है। इसके लिए वर्तमान में अलग से युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग का गठन किया जा चुका है। सात निश्चय-3 का दूसरा निश्चय 'समृद्ध उद्योग- सशक्त बिहार' है। इसके तहत राज्य में तेजी के उद्योगों के विकास के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में तीन उच्चस्तरीय समितियों का गठन किया जा चुका है। इन समितियों के गठन का मुख्य उद्देश्य है- बिहार को पूर्वी भारत का नया प्रौद्योगिकी केंद्र बनाना, बिहार को विश्वस्तरीय कार्य स्थल के रूप में विकसित करना और राज्य के प्रतिष्ठित उद्यमियों और प्रतिभाशाली युवाओं को राज्य के अंदर उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है। दरअसल राज्य के सभी जिलों में उद्योग लगाने के लिए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। अगले 5 सालों में राज्य में कम से कम 50 लाख करोड़ का निजी निवेश सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नई सरकार बनने के बाद राज्य में उद्योग विभाग के छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग निदेशालय का गठन किया गया है। इसके साथ ही सरकार ने यह भी फैसला लिया है कि बंद पड़ी 9 चीनी मिलों को फ़ेज वाइस चालू किया जाएगा। 25 नई चीनी मिलों की स्थापना भी की जाएगी। सात निश्चय-3 का तीसरा निश्चय 'कृषि में प्रगति- प्रदेश की समृद्धि' है। इसके तहत किसानों की आय बढ़ाने के लिए वर्ष 2024 से 2029 के लिए गठित चौथे कृषि रोड मैप के काम में और तेजी लाई जाएगी। साथ ही मखाना रोड मैप बनाकर मखाना के उत्पादन एवं प्रसंस्करण को बढ़ावा दिया जाएगा। डेयरी एवं मत्स्य पालन पर विशेष जोर दिया जाएगा और राज्य के सभी गावों में दुग्ध उत्पादन समितियों का गठन और हर एक पंचायत में 'सुधा' बिक्री केंद्र की स्थापना की जाएगी। साथ ही हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के काम को और आगे बढ़ाया जाएगा। सात निश्चय-3 का चौथा निश्चय 'उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य' है। इसके तहत राज्य में अलग उच्च शिक्षा विभाग का गठन कर दिया गया है। अब राज्य के पुराने प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा और राज्य में नई एजुकेशन सिटी का निर्माण भी किया जाएगा। सात (शेष पृष्ठ 11 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी गिरफ्तार

**सहरसा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पतरघट अंचल कार्यालय में मंगलवार को निगरानी विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए राजस्व कर्मचारी राहुल कुमार को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। पटना से आई निगरानी विभाग की नौ सदस्यीय टीम ने यह कार्रवाई की। निगरानी विभाग, पटना के डीएसपी मिथलेश कुमार ने सहरसा के सर्किट हाउस में मीडिया को इसकी जानकारी दी। डीएसपी मिथलेश कुमार के अनुसार पतरघट प्रखंड की धबौली पंचायत निवासी रणबहादुर सिंह ने 4 दिसंबर को निगरानी विभाग में शिकायत दर्ज कराई थी।

### इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा ने लगायी फांसी

**पूर्णिया (नबिटा ब्यूरो)।** इंजीनियरिंग कॉलेज की एक छात्रा की फंदे से झूलती लाश एक निजी लॉज में मिली है। मृतका की पहचान दरभंगा जिले के निवासी शिवेन्द्र कुमार कर्ण की 19 वर्षीय पुत्री सुजाता कुमारी के रूप में हुई है। घटना मरंगा थाना के शास्त्रीनगर इलाके की है। वो पूर्णिया इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रथम सेमेस्टर की छात्रा थी और लॉज में रह कर पढ़ाई कर रही थी। घटना की सूचना परिजनों और पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

### छह जिलों के अफसरों पर होगी कार्रवाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** विकास राशि खर्च कर उपयोगिता प्रमाण पत्र पंचायती राज विभाग को भेजने में लापरवाह छह जिलों के संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। पंचायती राज विभाग के सचिव मनोज कुमार ने मंगलवार को दक्षिण बिहार के 17 जिलों की विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान कार्रवाई के निर्देश दिये। समीक्षा में पाया गया कि पटना, गया जी, रोहतास, भागलपुर, शेखपुरा और बक्सर का एक से 15 दिसंबर तक लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने की स्थिति शून्य है। इस पर सचिव ने इन जिलों के जिला पंचायत राज पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है।

# सीएम नीतीश कुमार ने नवचयनित 2390 लोगों को दिए नियुक्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऊर्ज़ा विभाग में नवचयनित 2390 लोगों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इनमें 1810 तकनीशियन, 512 पत्राचार लिपिक तथा 68 भंडार सहायक कर्मी शामिल हैं। यह नियुक्ति बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड एवं उनसे संबंद्ध कंपनियों के लिए की गयी है। मंगलवार को विद्युत भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नियुक्ति पत्र पानेवाले सभी लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आप सभी से उम्मीद करता हूं कि पूरी मेहनत और लगन से काम करेंगे तथा बिहार को और आगे बढ़ायेंगे। उन्होंने कहा कि हमलागों के द्वारा शुरू से ही युवाओं को सरकारी नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।




मुख्यमंत्री ने कहा कि 2005 से वर्ष 2020 के बीच 8 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी गयी। वर्ष 2020 में सात निश्चय-2 के तहत 10 लाख नौकरी एवं 10 लाख रोजगार देना तय किया गया था जिसके तहत हमलोगों ने 10 लाख नौकरी एवं 40 लाख रोजगार यानी कुल 50 लाख नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध कराया। अब हमने तय किया है कि अगले पांच वर्षों में इसको दोगुना यानी एक करोड़ नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध करायेंगे। सरकार इस पर तेजी से काम कर रही है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से 03 लोगों सन्नी साकेत, आषुतोष कुमार एवं मोहित कुमार भट्ट को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष राज्य में पम्प्ड स्टोरज प्रोजेक्ट के अधिष्ठापन हेतु एकरारनामे पर हस्ताक्षर किया गया। राज्य में ऊर्ज़ा सुरक्षा को सुदृढ़ करने और नवीकरणीय ऊर्ज़ा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिहार सरकार द्वारा पम्प स्टोरेज पॉलिसी-2025 लागू की गई है। इस नीति के आधार पर बिहार स्टेट पॉवर जेनेरेशन कंपनी लिमिटेड द्वारा दो एजेंसियों मेसर्स ग्रीनको एवं मेसर्स सन पेट्रो का चयन किया गया है। ये दोनों परियोजनाएं नवादा जिले के पहाड़ी क्षेत्रों में प्रस्तावित हैं, जहां प्राकृतिक ऊंचाई का अंतर पम्प स्टोरेज व्यवस्था के लिए अनुकूल है।

# नितिन नवीन ने मंत्री पद से दिया इस्तीफा

- उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को नगर विकास विभाग एवं दिलीप जायसवाल को मिला पथ निर्माण विभाग का अतिरिक्त प्रभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन ने मंगलवार को मंत्रिपद से इस्तीफा दे दिया है। उनके पास दो विभागों की जिम्मेदारी थी। पार्टी ने उन्हें बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। उनके पास पथ निर्माण विभाग और नगर विकास विभाग की जिम्मेदारी थी। अब ये विभाग दो मंत्रियों को दिया गया है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को नगर विकास विभाग जबकि दिलीप जायसवाल को पथ निर्माण विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। भाजपा में लंबे समय से 'एक व्यक्ति एक पद' का सिद्धांत लागू है। इस सिद्धांत के तहत नितिन नवीन को मंत्रीमंडल से इस्तीफा देना पड़ा है। जेपी नड्डा के केंद्रीय मंत्री बनने के बाद उनके पार्टी अध्यक्ष पद को



लेकर स्थिति स्पष्ट हुई थी। नड्डा का कार्यकाल लोकसभा चुनाव से पहले समाप्त हो चुका था, जिसे जून 2024 तक बढ़ाया गया। इसके बाद पार्टी नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की तलाश में थी, जो फिलहाल नितिन नवीन को कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर पूरी की है। बिहार सरकार में मंत्री नितिन नवीन ने सोमवार को दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला। गृहमंत्री अमित शाह और निवर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हाथ पकड़कर उन्हें कुर्सी पर बिठाया।

# नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री राहत कोष में सौंपा एक माह के वेतन का चेक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में अपने एक माह के वेतन का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के प्रभारी अधिकारी-सह-मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार को सौंपा। मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों, समाज के समृद्ध एवं समर्थ लोगों से अपील की है कि वे मुख्यमंत्री राहत कोष में अधिक से अधिक राशि दान करें ताकि आपदा की स्थिति में प्रभावित लोगों की अधिक से अधिक मदद की जा सके।

## बीपीएससी ने 70वीं मेंस परीक्षा का रिजल्ट किया जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार लोक सेवा आयोग ने एकीकृत 70वीं संयुक्त मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह परिणाम आज आधिकारिक रूप से प्रकाशित किया गया। आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार यह मुख्य (लिखित) परीक्षा 25 से 30 अप्रैल के बीच पटना स्थित 32 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी।

# भवन निर्माण निदेशक के ठिकानों पर छापेमारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार के भवन निर्माण विभाग के निदेशक गजाधर मंडल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में विशेष निगरानी इकाई (एसभीयू) ने कार्रवाई की है। एसभीयू ने मंडल के विरुद्ध कांड संख्या-27/2025 दर्ज किया है। गजाधर मंडल के पटना स्थित राजवंशी नगर कार्यालय के चेंबर से कुछ कागजात जब्त किए गए हैं। निगरानी इकाई के अनुसार गजाधर मंडल ने अपनी सेवा अवधि में विभिन्न पदों पर रहते हुए अवैध रूप से लगभग 2 करोड़ 82 लाख 61 हजार रुपए की संपत्ति अर्जित की है। यह संपत्ति उनके ज्ञात और वैध आय स्रोतों से काफी अधिक पाई गई है। विशेष न्यायाधीश, निगरानी की ओर से जारी तलाशी वारंट के आधार पर आज बड़ी कार्रवाई की गई। निगरानी की टीमों ने पटना और भागलपुर में निदेशक गजाधर मंडल के कार्यालय और आवासीय परिसरों में एक साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दस्तावेजों, बैंक खातों, निवेश से जुड़े कागजात और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्यों की गहन जांच की जा रही है।



पटना में भवन निर्माण विभाग का कार्यालय राजवंशी नगर में स्थित है, जहां भी छापेमारी जारी है। मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा 13(1)(बी), 13(2) व 12 और भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 61(2)(ए) के तहत दर्ज किया गया है। गजाधर मंडल वर्तमान में दरभंगा में भवन निर्माण विभाग के निदेशक पद पर तैनात हैं। पटना राजवंशी नगर स्थित कार्यालय पर साढ़े 11 बजे करीब टीम पहुंची थी। करीब 1 घंटे तक रही, उस वक्त कार्यालय में गजाधर मंडल मौजूद थे। इसके बाद लंबी पूछताछ की गई और गजाधर मंडल के साथ टीम एजी कॉलोनी रेजिडेंस की तरफ रवाना हो गई। करीब 6 महीने पहले ही पटना के राजवंशी नगर स्थित निदेशक कार्यालय गुणवत्ता अनुश्रवण कार्यालय के निदेशक पद पर नियुक्त किए गए थे।



# बिहार में खुलेगा तलवारबाजी का ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर : डॉ.मनसुख मंडाविया

## खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने केंद्रीय मंत्री डॉ.मनसुख मंडाविया और राज्य मंत्री रक्षा एन. खडसे से की मुलाकात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण, उप निदेशक हिमांशु सिंह तथा राज्य के दो खेल सलाहकारों के साथ, खेल एवं युवा मामले के केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और राज्य मंत्री रक्षा एन. खडसे से दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की।

श्रेयसी सिंह ने खेल के क्षेत्र में सुदृढ़ता के साथ वैश्विक स्तर पर बिहार की उभरती छवि और उपलब्धियों के लिए बिहार सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों और सहयोगों के बारे में उन्हें अवगत कराया। डॉ. मनसुख मंडाविया ने प्रयासों और उपलब्धियों की सराहना करते हुए बिहार में खेल और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र द्वारा हर संभव प्रयास और सहयोग करने का आश्वासन दिया। खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने बिहार में भी ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर खोलने का आग्रह और प्रस्ताव डॉ.मंडाविया के समक्ष रखा जिस पर तलवारबाजी के लिए बिहार में ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर खोलने के संबंध में केंद्रीय खेल मंत्री ने अपनी मौखिक सहमति दे दी। जनवरी महीने में होने वाली खेल मंथन शिविर में हिस्सा लेने के लिए मनसुख मंडाविया ने बिहार की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह, खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ.बी. राजेंदर और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण को आधिकारिक तौर पर आमंत्रित किया। इस खेल मंथन शिविर में मिशन ओलंपिक के तहत देश में ज्यादा से ज्यादा ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर खोलने और ओलंपिक में पदक जीतने संबंधी महत्त्वपूर्ण विषयों पर देश भर के खेल विशेषज्ञों, खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के साथ विचार मंथन होगा। श्रेयसी सिंह ने मई महीने में चीन में होने वाले स्पोर्ट्स एक्सपो में शामिल होने के लिए एक प्रस्ताव केंद्रीय खेल मंत्री के सामने रखा जिसे मनसुख मंडाविया ने तत्काल सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि केन्द्र और बिहार के अधिकारियों की एक टीम इस स्पोर्ट्स एक्सपो में जरूर शामिल होगी।

रक्षा खडसे ने विशेषकर स्कूल के बच्चों के बीच खेल संस्कृति के विकास और उनके बीच प्रतिभा चयन को लेकर चर्चा की साथ ही साथ खेल के अनुरूप उनकी सेहत, स्वास्थ्य और वैज्ञानिक तरीके से उनके प्रशिक्षण संबंधी विषयों पर भी विस्तार से अपनी राय रखी। श्रेयसी सिंह ने डॉ.मंडाविया और रक्षा खडसे को मधुबनी पेंटिंग्स से सुसज्जित साड़ी, अंग वस्त्र और बोधि वृक्ष का प्रतीक चिन्ह उन्हें देकर उनका अभिनंदन किया।

## डॉ दिलीप जायसवाल को भागलपुर जिला का प्रभारी मंत्री बनाए जाने पर भाजपा जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता ने दी बधाई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** बिहार भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष व बिहार सरकार के उद्योग मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल को भागलपुर जिला का प्रभारी मंत्री बनाए जाने पर भागलपुर भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष कुमार एवं जिला प्रवक्ता इंदु भूषण झा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि डॉ दिलीप जायसवाल का संगठनात्मक अनुभव, प्रशासनिक दक्षता और जमीनी जुड़ाव निश्चित रूप से भागलपुर के विकास को नई गति देगा तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से धरातल तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा। जिला प्रवक्ता इंदु भूषण झा ने बताया कि डॉक्टर दिलीप जायसवाल के मार्गदर्शन में क्षेत्र और संगठन दोनों और अधिक सशक्त होंगे।

# बिहार भाजपा अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई देने वालों को संजय सरावगी ने जताया आभार

## संगठन को सशक्त बनाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** दरभंगा के विधायक संजय सरावगी को बिहार भाजपा अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद आज दिनभर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। विभिन्न संगठनों के लोग, समर्थक और राजनीतिक कार्यकर्ता उनके आवास पहुंचते रहे और बधाई और शुभकामनाएं देते रहे। बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने बधाई देने वाले सभी लोगों का आभार जताया। उन्होंने बधाई देने वाले स्नेहीजनों, सम्मानित कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का हृदय से आभार और धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग, विश्वास और संगठनात्मक ऊर्जा से पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने हेतु सदैव प्रतिबद्ध रहूंगा। इससे पहले आज प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद विधायक संजय सरावगी दरभंगा के शिवाजीनगर, जीतूगाछी स्थित प्रसिद्ध श्री श्याम बाबा मंदिर पहुंचकर खाटू नरेश की पूजा-आर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से करने तथा पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करते रहने के लिए बाबा खाटू श्याम से प्रार्थना की और बिहार के लोगों के लिए कल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक अमरनाथ गामी सहित पार्टी के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा नेतृत्व ने दी बधाइयां







नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता नितिन नवीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर देशभर से शुभकामनाओं का सिलसिला जारी है। दिल्ली पहुंचने पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। इसके बाद पूर्व उपप्रधान मंत्री लालकृष्ण आडवाणी, पूर्व भाजपा अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा चार बार औरंगाबाद से सांसद रह चुके सुशील कुमार सिंह ने भी नितिन नवीन को शुभकामनाएं दीं। राजनाथ सिंह ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने नितिन नवीन की लगन, मेहनत और संगठनात्मक कौशल को देखते हुए उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नितिन नवीन इस दायित्व का निर्वहन पूरी कुशलता और प्रतिबद्धता के साथ करेंगे। नितिन गडकरी ने कहा कि नितिन नवीन जनता से जुड़े नेता हैं। श्री नितिन नवीन ने भाजपा के वरीय नेता लालकृष्ण आडवाणी से भेंट की। संगठन के साथ-साथ प्रशासन और सरकार चलाने का उन्हें लंबा अनुभव है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने इन्हीं क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी है जो पूरी तरह स्वागत योग्य है। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि नितिन नवीन एक कुशल और प्रभावशाली संगठनकर्ता हैं। उन्होंने बेहद कम उम्र में अपनी योग्यता और क्षमता का परिचय दिया है। चाहे छत्तीसगढ़ का चुनाव हो या बिहार का, नितिन नवीन ने कार्यकर्ताओं और जनता से सीधे संवाद के माध्यम से पार्टी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे पार्टी कार्यकर्ताओं से गहराई से जुड़े हैं और क्षेत्र की जमीनी हकीकत से भली-भांति परिचित हैं। सुशील कुमार सिंह ने विश्वास जताया कि नितिन नवीन अपने नेतृत्व और कार्यशैली से भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में एक नया और मजबूत अध्याय जोड़ेंगे।

# राष्ट्रीय लोक मोर्चा में बड़ी राजनीतिक भागीदारी

## उपेंद्र कुशवाहा की उपस्थिति में दर्जनों नेताओं ने ग्रहण की सदस्यता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नई दिल्ली/पटना।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित एक महत्वपूर्ण मिलन समारोह में लोकजन विभिन्न राजनीतिक-सामाजिक संगठनों से जुड़े बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर दिल्ली सहित अन्य राज्यों से आए नेताओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया। सम्मेलन में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं लोकजनशक्ति पार्टी के संस्थापक सदस्य ए. के. बाजपेयी, राष्ट्रीय वरिष्ठ अध्यक्ष एवं मुख्य प्रवक्ता, जो वर्ष 1985 से स्व. रामविलास पासवान के निकट सहयोगी रहे हैं, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ-साथ सदस्यता ग्रहण करने वाले प्रमुख नेताओं में पृथ्वी राज यादव (राष्ट्रीय महासचिव,लोजपा), एस. के. मिश्रा (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, किसान प्रकोष्ठ), हर प्रकाश (पूर्व दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष), विनोद नागर (पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक सदस्य) तथा सुनैना वाल्मीकि (पूर्व अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ, दिल्ली प्रदेश) शामिल रहे। इसके अतिरिक्त नवीन सिंह (पूर्व भाजपा प्रवक्ता एवं जनसुराज नेता), अनिल तंवर (पूर्व सचिव, दिल्ली प्रदेश), बी. कौशिक (वरिष्ठ नेता, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस), शबनम खान (मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं पूर्व प्रवक्ता, राष्ट्रीय लोकदल), तनिष्क चंदेला (अधिवक्ता एवं जिला अध्यक्ष) एवं नितिन बाजपेयी (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ऑल इंडिया लीगल सेल) सहित कई प्रमुख चेहरों ने सम्मेलन में सहभागिता की। लोकजनशक्ति पार्टी की संपूर्ण जम्मू-कश्मीर इकाई एवं लगभग 50 वरिष्ठ नेता-कार्यकर्ता भी इस अवसर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान दिल्ली प्रदेश लोकजनशक्ति पार्टी की कार्यकारिणी एवं बड़ी संख्या में पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा में औपचारिक रूप से शामिल होकर संगठन को मजबूती प्रदान की। इनमें प्रदेश, जिला, विधानसभा एवं वार्ड स्तर के अनेक पूर्व अध्यक्ष, महासचिव, सचिव और संयोजक शामिल रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए राष्ट्रीय लोक मोर्चा एक सशक्त वैकल्पिक मंच के रूप में उभर रहा है। उन्होंने नए साथियों का स्वागत करते हुए संगठन को जन-आंदोलन से जोड़ने का आह्वान किया।

## बिहार संस्कृत संजीवन समाज की ओर से नितिन नवीन एवं संजय सरावगी को दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने मंत्री नितिन नवीन को भाजपा का नया राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तथा दरभंगा के विधायक संजय सरावगी को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नीतिन नवीन पार्टी के सौम्य और समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं तथा संजय सरावगी भी पार्टी के कुशल और अनुभवी नेता हैं। इन दोनों के नेतृत्व में देश और बिहार में भारतीय जनता पार्टी का चहुंमुखी विकास होगा।

## नेशनल एनर्जी कंजर्वेशन अवार्ड से सम्मानित हुआ क्रॉम्पटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** भारत के एक सबसे भरोसेमंद और अभिनव कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल ब्रांड, क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड को ऊर्जा दक्षता के लिए भारत के सबसे बड़े राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया गया। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने क्रॉम्पटन को नेशनल एनर्जी कंजर्वेशन अवॉर्ड 2025 प्रदान किया। यह पुरस्कार कंपनी के स्टेशनरी स्टोरेज टाइप इलेक्ट्रिक वॉटर हीटर श्रेणी में ऊर्जा संरक्षण के लिए उसके उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है। यह पुरस्कार विद्युत मंत्रालय द्वारा ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) के माध्यम से प्रदान किया जाता है, इसने क्रॉम्पटन के ऐसे उपकरणों को डिजाइन करने पर दृढ़ फोकस को सम्मानित किया है जो ऊर्जा खपत को काफी कम करते हैं और बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं। क्रॉम्पटन के ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ प्रोमीत घोष ने कंपनी की ओर से यह पुरस्कार स्वीकार किया जो संगठन की नवाचार, स्थिरता और उपभोक्ता-केंद्रित समाधानों के प्रति प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस अवसर पर प्रोमीत घोष, क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ ने कहा कि नेशनल एनर्जी कंजर्वेशन अवॉर्ड से एक बार फिर सम्मानित होना, विशेष रूप से भारत की राष्ट्रपति द्वारा एक जबरदस्त सम्मान है और क्रॉम्पटन के ऊर्जा-दक्ष नवाचारों को आगे लाने के निरंतर फोकस का प्रतिबिंब है। हमारे बीईई 5-स्टार रेटेड स्टोरेज वॉटर हीटर प्रोडक्ट के लिए एप्लायंस फॉर द ईयर का यह सम्मान, प्रदर्शन से समझौता किए बिना स्थिरता को प्राथमिकता देने वाले उपकरण विकसित करने की हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

# 21 को मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी का वृहद मेगा हेल्थ कैम्प

### 23 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक करेंगे मरीजों की जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी राजेंद्र नगर रोड नंबर 7 में रविवार 21 दिसम्बर को निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि यह शिविर पटना के राजेन्द्र सुमित्रा, अरविंद पायल एवं अभिषेक स्नेह मित्तल के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने बताया कि शिविर में विभिन्न रोगों के करीब 23 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच करेंगे। मरीज प्रातः आठ बजे से 10 बजे तक जांच हेतु अपना नम्बर लगा सकेंगे। सोसाइटी के सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि इस चिकित्सा शिविर में प्रसिद्ध पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका, हड्डी रोह विशेषज्ञ डॉ राजेश कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक कुमार, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत कुमार, एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ गौतम मोदी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चारु मोदी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्रवण कुमार एवं डॉ कृष्ण केशव ठाकुर, जेनेरल फिजिशियन पूनम नंदन एवं डॉ मुकेश कुमार तथा सज्जन डिडवानिया, कान, नाक एवं गला विशेषज्ञ डॉ दिवेश कुमार, न्यूरो फिजिशियन डॉ हेमंत कुमार, सीनियर न्यूरोथैरेपी विशेषज्ञ नितिन बहुगुणा, पैरालाइसिस विशेषज्ञ डॉ हिमांशु शेखर, मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ गौरव सिंह, कॉन्टैक्ट लेंस विशेषज्ञ डॉ प्रवीण कुमार सहित अन्य डाक्टर मरीजों की जांच करेंगे। कोषाध्यक्ष सुजीत सिंघानिया ने बताया कि शिविर में चिकित्सकों द्वारा लिखे गए सभी तरह की पैथोलॉजिकल जांच तथा इसीजी, एक्स रे, शुगर एवं बीपी की जांच उसी दिन काफी रियायती शुल्क पर किये जायेंगे तथा सभी उपलब्ध दवाएं भी निःशुल्क दिए जाएंगे। एम पी जैन ने बताया कि चिकित्सकों द्वारा अनुमोदित मोतियाबिंद के मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन भी कराया जाएगा। साथ ही नजदीक पढ़ने का चश्मा भी मुफ्त में उपलब्ध करवाया जाएगा। शिविर में जांच कराने वाले सभी मरीजों एवं सहयोगियों को नास्ते का पैकेट भी दिया जाएगा।

# राज्य के प्रत्येक पंचायत में स्थापित होंगे कस्टम हायरिंग सेंटर

## आधुनिक यंत्रों से सशक्त होगा किसान, समृद्ध बनेगा बिहार : राम कृपाल यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि राज्य के लघु एवं सीमांत किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों की सहज, सुलभ एवं किफायती उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि रोड मैप के अंतर्गत राज्य के प्रत्येक पंचायत में कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना की जाएगी। यह योजना बिहार की कृषि को आधुनिक, समयबद्ध और लाभकारी बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। मंत्री ने कहा कि आज भी बड़ी संख्या में किसान आर्थिक मजबूरियों के कारण आधुनिक कृषि यंत्र खरीदने में असमर्थ हैं। कस्टम हायरिंग सेंटर ऐसे किसानों के लिए वरदान सिद्ध होंगे जहां से वे मामूली किराए पर जुताई, बुआई/रोपनी, कटाई, हार्वेस्टिंग एवं थ्रेसिंग जैसे कार्यों हेतु सभी प्रकार के आधुनिक कृषि यंत्र प्राप्त कर सकेंगे। इससे खेती की लागत घटेगी, कार्य समय पर पूरे होंगे और उत्पादन एवं उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना हेतु अधिकतम 10 लाख रुपये की परियोजना लागत निर्धारित है जिसके अंतर्गत स्थानीय फसल चक्र के अनुसार किसानों के लिए आवश्यक आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। मंत्री ने बताया कि इस योजना का लाभ प्रगतिशील किसान, जीविका समूह, ग्राम संगठन, क्लस्टर फेडरेशन, आत्मा से संबद्ध फार्मर इंटरेस्ट ग्रुप (एफआईजी), नाबार्ड/राष्ट्रीयकृत बैंकों से संबद्ध किसान क्लब, कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ)/किसान उत्पादक कंपनी (एफपीसी), स्वयं सहायता समूह एवं पैक्स को दिया जा रहा है। ताकि गांव-गांव तक आधुनिक कृषि सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक राज्य में 950 कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जा चुके हैं तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 267 नए कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 4 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

## एससी-एसटी जाति के लोगों को जमीन पर दिलाया जायेगा कब्जा : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अनुसूचित जाति एवं जनजातियों को सरकार की ओर से दी गई जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए फिर अभियान शुरू किया गया गया है। इस तरह का अभियान नए मंत्रियों के पदभार ग्रहण करने के समय हमेशा चलता है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भूमि सुधार मंत्री के रूप में अभियान चलाने का ताजा निर्देश दिया है। विभाग के सचिव जय सिंह ने कहा कि विभाग अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति परिवारों को आवंटित एवं बंदोबस्त की गई भूमि पर वास्तविक दखल-कब्जा दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस वर्ग को दी गई सरकारी, अधिशेष, भूदान अथवा क्रय की गई भूमि से यदि किसी भी निजी व्यक्ति द्वारा बेदखल किया जाता है तो इसे गंभीर और दंडनीय अपराध माना जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत सभी पात्र पर्चाधारियों को उनकी आवंटित भूमि पर शत-प्रतिशत दखल-कब्जा दिलाना राज्य सरकार का लक्ष्य है।

# माइक्रोफाइनेंस बैंकों पर लगाम लगाए सरकार, पीड़ित परिवार से मिले राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मुजफ्फरपुर जिले में पिता द्वारा अपने बच्चों के साथ फांसी लगाने की अत्यंत दुखद और हृदयविदारक घटना जिसमें चार लोगों की दर्दनाक मृत्यु हो गई, को लेकर आज बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने शिष्टमंडल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और गहरी संवेदना व्यक्त की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि माइक्रोफाइनेंस बैंकों के कारण लगातार सूबे में अप्रिय घटनाएं घट रही हैं और सरकार इस पर लगाम लगाने के बजाय केवल मीडिया बयानबाजी कर रही है। यह घटना केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि समाज और सरकार की नीतिगत विफलताओं का परिणाम है। अत्यधिक गरीबी, बेरोजगारी और माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के कर्ज के दबाव ने एक परिवार को इस भयावह कदम के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को न तो समय पर आर्थिक सहायता मिल रही है और न ही उन्हें शोषण से बचाने की कोई प्रभावी व्यवस्था है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने राज्य सरकार से मांग की है कि पीड़ित परिवार को अविलंब समुचित मुआवजा दिया जाए, जीवित बचे बच्चों की शिक्षा और पालन-पोषण की पूरी जिम्मेदारी सरकार उठाए तथा माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के कर्ज और उनके कार्यप्रणाली की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी इस मामले को गंभीरता से सक्षम मंच पर उठाएगी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के साथ वरिष्ठ नेता ब्रजेश प्रसाद मुनन, मयंक मुन्ना एवं स्थानीय कांग्रेस नेता तथा कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# 92.67 किलो गांजा के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 92.67 किलोग्राम गांजा के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्कर हुंडई वेन्यू कार और सोनालिका ट्रैक्टर के माध्यम से गांजा की खेप लेकर जा रहे थे। इस संबंध में एएसपी सह एसडीपीओ अतुलेश झा ने मंगलवार की शाम नगर थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि गांजा की एक बड़ी खेप कार और ट्रैक्टर के जरिए तस्करी कर लाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक सह डिहरी नगर थाना अध्यक्ष शिवेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया तथा दंडाधिकारी के रूप में अंचल अधिकारी डिहरी को शामिल किया गया। पाली रोड स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर सघन वाहन जांच के दौरान संदिग्ध हुंडई वेन्यू कार (संख्या जेएच-एवाई-9231) और बिना नंबर की सोनालिका ट्रैक्टर को रोका गया। तलाशी के दौरान कार और ट्रैक्टर से कुल 92.67 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। मौके से पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में शिवसागर थाना क्षेत्र के मुरलीपुर निवासी पप्पू कुमार, उसी थाना क्षेत्र के मोरसराय गांव निवासी शिव कुमार, सासाराम मुफसिल थाना क्षेत्र के मुरादाबाद निवासी अनिश सौरभ, नोखा थाना क्षेत्र के पचपोखरी गांव निवासी दुन्नू कुमार तथा करगहर थाना क्षेत्र के नीमड़ीहरा गांव निवासी मनीष कुमार शामिल हैं। एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में एक व्यक्ति ट्रैक्टर पर सवार था जबकि चार लोग कार में मौजूद थे।

पुलिस के अनुसार जब्त किए गए गांजा की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये आंकी गई है। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी लगातार जारी है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी सख्ती के साथ जारी रहेगा और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान छापामारी दल में शामिल नगर थाना अध्यक्ष शिवेंद्र कुमार, एसआई चन्द्रहास कुमार, अंजलि कुमारी, कृष्णा यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद थे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**भभुआ।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति जिला टास्क फोर्स की बैठक में समितियों के चयन, राइस मिलों के सत्यापन, मिलों की टैगिंग, एफआरके की उपलब्धता एवं कैश-क्रेडिट सुविधा पर विस्तृत समीक्षा की गई। वही जिले में धान अधिप्राप्ति कार्य को सुचारु, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से धान अधिप्राप्ति जिला टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में धान खरीद से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वही बैठक के दौरान निम्नलिखित एजेंडा बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बता दें कि धान अधिप्राप्ति हेतु चयनित पैक्स/व्यापार मंडलों के चयन की प्रक्रिया की समीक्षा की गई। साथ ही यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि सभी समितियां निर्धारित मापदंडों का पूर्णतः पालन करें ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अब तक 144 समितियों का चयन किया गया है। वही जिले में निबंधित राइस मिलों के भौतिक एवं दस्तावेजी सत्यापन की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम द्वारा बताया गया कि अब तक राइस मिलों का सत्यापन नहीं किया जा सका है। इस पर जिला पदाधिकारी नितिन कुमार सिंह द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सत्यापन कार्य यथाशीघ्र एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण किया जाए। वही धान अधिप्राप्ति से संबंधित मिलों की टैगिंग प्रक्रिया प्राप्त मार्गदर्शिका के अनुरूप लशीघ्र पूर्ण करने का निदेश दिया गया। ताकि धान मिलिंग एवं चावल आपूर्ति की प्रक्रिया निर्बाध रूप से संचालित हो सके। साथ ही मिलों में एफआरके की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए आवश्यकतानुसार इसकी आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए जिससे धान उठाव एवं मिलिंग कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। वही राइस मिलों को उपलब्ध कराई जा रही कैश-क्रेडिट सुविधा की स्थिति की समीक्षा की गई तथा संबंधित बैंक एवं विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वही जिलाधिकारी द्वारा बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि धान अधिप्राप्ति कार्य में किसानों के हित सर्वोपरि हैं तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# नितिन नवीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं संजय सरावगी के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** दिनारा प्रखंड भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं वांग्मय परिषद के साहित्यकार-कवियों ने विधायक नितिन नवीन को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं संजय सरावगी को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें असीम बधाई दी है। साथ ही नितिन नवीन को भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रति भी आभार व्यक्त किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे बिहार के राजनीतिक इतिहास में युगांतरकारी पहल बताते हुए राज्य के लिए गर्व की बात कहा है। साथ ही युवा शक्ति को भाजपा संगठन में शीर्ष जगह देने पर प्रधानमंत्री के दूरदर्शी राजनीतिक सोच की जमकर तारीफ की है। बधाई देने वालों में वांग्मय परिषद के काशीनाथ सिंह, शिवकुमार सिंह, गोविंद कुमार सिंह, कृष्ण कुमार दुबे, नागेंद्र मिश्रा, राज बल्लभ सिंह, विनोद दुबे, हृदयानंद गोस्वामी, विकास कविराज एवं भाजपा के दिनारा मंडल अध्यक्ष विकास कुमार, पूर्व भाजपा अध्यक्ष विंध्याचल केसरी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता जनार्दन सिंह आदि शामिल हैं।

# पारा लीगल वालंटियर का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित नारायण विधि संकाय में पैरवी एवं नारायण विधि संकाय के संयुक्त बैनर तले पारा लीगल वालंटियर का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में विधि के छात्रों के साथ-साथ समुदाय से जुड़े कुल लगभग 50 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रशिक्षण सत्र में संसाधन व्यक्ति सुनील झा द्वारा अपनाई गई प्रशिक्षण विधि की प्रतिभागियों ने विशेष रूप से सराहना की। उनके सहज एवं व्यावहारिक प्रस्तुतीकरण से किशोर न्याय कानून को समझना प्रतिभागियों के लिए अत्यंत सरल और उपयोगी सिद्ध हुआ। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम को लागू हुए 10 वर्ष पूरे हो चुके हैं और इस अवधि में कानून के विकास, उद्देश्य एवं प्रभावों को विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम में किशोर न्याय बोर्ड और बाल कल्याण समिति की कार्यप्रणाली, उनकी भूमिका एवं अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही यह भी बताया गया कि प्रशिक्षु पारा लीगल वालंटियर न्याय तक पहुंच के मुद्दे पर किस प्रकार जमीनी स्तर पर कार्य कर सकते हैं और बच्चों के अधिकारों के संरक्षण में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। प्रमाणपत्र वितरण नारायण विधि संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर विनोद कुमार सरोज, पैरवी के दीनबंधु वत्स एवं संतोष उपाध्याय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के आयोजकों ने प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** एल.एस मेमोरियल हेल्थ केयर एंड वैलनेस सेंटर मोहनियां कैमूर के द्वितीय वर्षगांठ पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का लाभ लगभग 21 मरीजों ने लिया। इस शिविर में मुख्य रूप से लकवा गठिया साइटिका के मरीज शामिल हुए। शिविर के संचालन कर रहे डॉक्टर संदीप कुमार ने बताया विशेष कर लकवा के मरीजों को ठंड में बचकर रहना चाहिए एवं लगातार अपना ब्लड प्रेशर का नियमित जांच करते रहना चाहिए क्योंकि ठंड के दिन में हमारे शरीर के ब्लड वेसल्स संकीर्ण हो जाती है एवं धमनियों पर दबाव बढ़ जाता है जिससे ब्रेन हेमरेज होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे मरीजों को नियमित एक्टिव एक्सरसाइज एवं एक्सपर्ट फिजियोथैरेपिस्ट के मार्गदर्शन में प्रॉपर फिजियोथैरेपी करते रहना चाहिए। डॉ संदीप कुमार ने सुबह टहलने वाले मरीजों के लिए विशेष रूप से हिदायत दिया कि जो मरीज शुगर और बीपी पीड़ित है वैसे मरीजों को सुबह में पार्क या घर से बाहर टहलने से बचना चाहिए क्योंकि हमारे घर का तापमान अलग होता है और जैसे ही हम खुले आसमान में जाते हैं उसका तापमान अलग हो जाता है जिससे लकवा का खतरा बढ़ जाता है तो ऐसे मरीजों के लिए घर पर ही टहलने का ठंड में आदत डालनी चाहिए।

# रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) ने किया नियुक्ति पत्र वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन सासाराम प्रखंड अंतर्गत बेदा गांव में महिला प्रदेश अध्यक्ष सलोनी जी के आवास पर किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष चंदन चौबे की विशेष उपस्थिति रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य बिहार में आगामी पंचायत एवं स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर पार्टी की रणनीति तय करना था। बैठक में पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए। सभी ने एकजुट होकर विचार-विमर्श किया और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) बिहार में मुखिया, सरपंच, बीडीसी, वार्ड सदस्य एवं जिला परिषद के चुनाव पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी। पार्टी का उद्देश्य समाज के गरीब, दलित, पिछड़े, महिला एवं वंचित वर्गों को राजनीतिक भागीदारी दिलाना और उनकी समस्याओं को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मजबूती से उठाना है। इस अवसर पर महिला प्रदेश अध्यक्ष सलोनी जी ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना बेहद जरूरी है जिसके लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका निभानी होगी। वहीं जिलाध्यक्ष चंदन चौबे ने संगठन विस्तार, चुनावी तैयारी और योग्य उम्मीदवारों के चयन पर विशेष जोर दिया। रोहतास जिलाध्यक्ष, अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्रकोष्ठ के रमेश राम ने वर्तमान सरकार पर गरीबों को घर से बेघर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसी सरकार को हटाने के लिए सभी को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। कार्यक्रम में मौजूद पार्टी के राष्ट्रीय सचिव वासुकीनाथ शाह ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) जल्द ही बक्सर जिले में सदस्यता अभियान चलाएगी और संगठन को और अधिक मजबूत करने का काम करेगी। अंत में सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी को बिहार में मजबूत बनाने और आगामी चुनावों में सफलता प्राप्त करने का संकल्प लिया।

# चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार, गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** बहेरा थाना गेट के सामने से सघन वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बहेरा थाना गेट के मुख्य मार्ग पर की गई जांच के क्रम में चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान वसीम अंसारी, पिता हनान अंसारी, निवासी कंगाली बीघा, थाना बाराचट्टी, जिला गया के रूप में की गई है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर उसे हिरासत में लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद व्यक्ति को आगे की कार्रवाई हेतु न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस संबंध में बहेरा थाना अध्यक्ष ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि यह कार्रवाई नियमित सघन वाहन जांच अभियान के तहत की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आगे भी इसी तरह सघन जांच अभियान जारी रहेगा। ताकि चोरी व अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जा सके।

# कुशवाहा सभा भवन में अध्यक्ष पद का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** कुशवाहा सभा भवन समिति के चुनाव के लिए कुशवाहा सभा भवन के ट्रस्टी सदस्य दानदाता सदस्यों का बृहद आमसभा कुशवाहा सभा भवन में चुनाव के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं चुनाव पदाधिकारी लाल बिहारी सिंह एवं भंते धाम चक्रधारी ट्रस्टी सदस्यों के देख-देख में कुशवाहा सभा भवन में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थापकों को दीप जलाकर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर एवं बौद्ध भिक्षुओं के द्वारा पंचशील एवं बुद्ध वंदना से शुरू हुआ। कुशवाहा सभा भवन की ओर से चुनाव पदाधिकारी बौद्ध भिक्षुओं को अंग वस्त्र एवं माला देकर सम्मानित किया गया। मुख्य चुनाव पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि देश में जितने भी सामाजिक संस्थाएं हैं वहां आपसी बातचीत कर सर्व समिति से चुनाव होता है अनेक वक्ताओं ने भी कहा कि 25 वर्षों में 6 बार कुशवाहा सभा भवन का चुनाव सर्वससम्मति से हुआ है। सरकारी कर्मचारी संघ के पूर्व सचिव एवं दानदाता मदन सिंह ने उपरोक्त सभी वक्ताओं का समर्थन करते हुए प्रस्ताव किया कि अध्यक्ष पद के लिए आजीवन सदस्य पूर्व उपमुख्य पार्षद चंद्रशेखर सिंह का नाम प्रस्तावित करता हूं तथा समिति के अन्य पदाधिकारी सदस्यों का चयन करने का अधिकार देने का प्रस्ताव करता हूं। उपस्थित सभी लोगों ने ताली बजाकर स्वागत किया।


**पूर्व मध्य रेल**

**(पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल)**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं.:** 50 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू। मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। **(1) निविदा सं.: 25–डीडीयू–व.मं. इंजी.–I–25–26. कार्य का नाम एवं लोकेशनः** सहायक मंडल इंजीनियर/II/डीडीयू के अधीन सामान्य लूप लाइनों और शंट सिग्नल के प्रावधान के साथ ऊपर की दिशा में माल शेड साइडिंग के रूप में डीजीओ का विकास। **कार्य की अनुमानित लागतः ₹41868982.59, धरोहर राशिः ₹359400.00. (2) निविदा सं.: 26–डीडीयू–व.मं.इंजी.–I–25–26. कार्य का नाम एवं लोकेशनः** मुठानी स्टेशन पर डाउन लूप लाइन के सीएसएल को बढ़ाने के लिए मुठानी में यार्ड रीमॉडलिंग। **कार्य की अनुमानित लागतः ₹ 4369105.92. धरोहर राशिः ₹ 87400.00. (3) निविदा सं.: 27–डीडीयू–व.मं.इंजी.–I–25–26. कार्य का नाम एवं लोकेशनः** जोन सं.–15, सहायक मंडल इंजीनियर/II/डीडीयू के अधीन रोड कार्य के क्षेत्रीय ठेके गजंख्वाजा (कि.मी. 668) से कि.मी. 588 के सभी रेल कर्मचारी आवासों, समपार फाटक एवं सर्विस बिल्डिंग इत्यादि के कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः ₹ 1958217.60, धरोहर राशिः ₹ 39200.00.** ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः 05.01.2026 को 12:00 बजे तक। वेबसाइट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारीः **www.ireps.gov.in. नोटः** विवाद की स्थिति में अंग्रेज़ी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक**
**पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय**
**पीआर/1460/डीडीयू/टी/25–26/52**

**पूर्व मध्य रेल**

**(पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल)**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं0–51 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।** मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। **(1) निविदा सं0–19–डीडीयू–व0मं0इंजी0–II-25-26. कार्य का नाम एवं लोकेशनः** सोननगर स्टेशन के डाउन प्रथम लूप और द्वितीय लूप में ओवर रन लाइन का प्रावधान और बगोही कुसा. लंबी दूरी की ट्रेनों को समायोजित करने के लिए अप लॉन्ग हॉल लूप लाइन को कम से कम 1400 मीटर तक बढाना। **कार्य का अनुमानित लागतः ₹ 18749890.60, धरोहर राशिः ₹ 243800.00. (2) निविदा सं0–20–डीडीयू–व0मं0इंजी0–II-25-26. कार्य का नाम एवं लोकेशनः** सहायक मंडल अभियंता/गया के तहत देव–रोड पर माइनर ब्रिज. रिटेनिंग वॉल और अप और डाउन लूप प्लेटफार्म का विस्तार। **कार्य का अनुमानित लागतः ₹ 46643891.69, धरोहर राशिः ₹ 383200.00. (3) निविदा सं0–20–डीडीयू–व0मं0इंजी0–III-25-26. कार्य का नाम एवं लोकेशनः** वरीय मंडल इंजीनियर/III/डी0डी0यू0 के अधीन डीडीयू यार्ड में ब्रिज नंबर 454, 735, 736 और 738 का पुनर्वास। **कार्य का अनुमानित लागतः ₹22232746.41, धरोहर राशिः ₹261200.00. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 05.01.2026 को 12:00 बजे तक। **बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी www.ireps.gov.in. नोटः** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक**
**पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय**
**पीआर/1462/डीडीयू/टी/25–26/52**


# मंडल रेल प्रबंधक ने रेलकर्मियों को दिलाया ऊर्जा संरक्षण का संकल्प



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह -2025 के क्रम में विद्युत (सामान्य) विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा विद्युत एक अमूल्य संसाधन है, इसकी आवश्यकता और खपत पर नियंत्रण रखकर हम अपने भविष्य को सुरक्षित बना सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी अपने दैनिक कार्यों में ऊर्जा संरक्षण को अपनाएं और हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दें। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार, वरीय मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) सुनील सिंह यादव सहित विभिन्न शाखा अधिकारी व बड़ी संख्या में रेल कर्मी उपस्थित रहे। मंडल रेल प्रबंधक श्री मीना के साथ सामूहिक रूप से ऊर्जा संरक्षण का संकल्प दोहराया गया। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने हरे गुब्बारे उड़ाकर हरित ऊर्जा और सतत विकास का प्रतीकात्मक संदेश दिया।

# आरएसके पब्लिक स्कूल बस्तीपुर, डिहरी में श्रद्धा व सम्मान के साथ मना विजय दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** आरएसके पब्लिक स्कूल बस्तीपुर, डिहरी में विजय दिवस श्रद्धा, सम्मान और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए भारतीय सशस्त्र बलों के वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विजय दिवस भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम का प्रतीक है। वर्ष 1971 में इसी दिन भारतीय सेना ने दुश्मन के हौसलों को परास्त कर ऐतिहासिक विजय प्राप्त की थी। यह विजय न केवल सैन्य सफलता थी, बल्कि मानवीय मूल्यों की रक्षा और विश्व मंच पर भारत की वीरता का अद्वितीय उदाहरण भी बनी। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह ने कहा कि हमें अपने देश के शहीदों को कभी नहीं भूलना चाहिए। आरएसके पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को निरंतर यह शिक्षा दी जाती है कि राष्ट्रधर्म सर्वोपरि है। एनसीसी कैडेट्स के माध्यम से छात्रों में देशभक्ति और अनुशासन की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया जाता है। कार्यक्रम के तहत 29/42 एनसीसी बटालियन के कैडेट्स द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें शहीदों के बलिदान को नमन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की संयुक्त निदेशक गिन्नी सिंह, उपनिदेशक रंजन कुमार सिंह, संयुक्त उपनिदेशक सोनी सिंह, प्रधानाचार्य राज नारायण सिंह, उपप्राचार्य रवि शंकर श्रीवास्तव, जूनियर प्रिंसिपल प्रेमलता शर्मा, सीटीओ अरुण कुमार, प्रशिक्षक अरुण कुमार अरुण सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति के संकल्प और शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए किया गया।

# ग्राम पंचायत केर में जीपीडीपी को लेकर ग्राम सभा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** ग्राम पंचायत केर में मंगलवार दोपहर 12 बजे मुखिया शशि कुमार की अध्यक्षता में जीपीडीपी (ग्राम पंचायत विकास योजना) को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में पंचायत के सर्वांगीण विकास से जुड़ी योजनाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुखिया शशि कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए पंचायत के विकास में जनभागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं के चयन और क्रियान्वयन में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर उप मुखिया संजय यादव, लालू यादव, पंचायत सचिव बाल चंद मंडल, कार्यपालक सहायक रोहित कुमार, रंजीत चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं और सुझाव रखें जिन पर अमल करने का आश्वासन दिया गया।

# किसान संघर्ष मोर्चा की ड्राफ्टिंग कमेटी की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** इस्माइलपुर में उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा की ड्राफ्टिंग कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ड्राफ्टिंग कमिटी के सदस्यों ने भाग लिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए मोर्चा के सचिव सह जिला पार्षद बालेश्वर प्रसाद यादव ने बताया कि पांच सदस्यीय ड्राफ्टिंग कमिटी की बैठक में बालेश्वर प्रसाद यादव, जयनंदन शर्मा, नंदलाल सिंह एवं देव लाल सिंह शामिल हुए। बैठक में मोर्चा से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा कर उन्हें अंतिम रूप दिया गया।


**दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय**
एन.एच.-120, गया-पंचानपुर रोड, गया-824236, बिहार
A++ NAAC

**भर्ती सूचना - शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों हेतु**

**विज्ञापन सं0- सीयूएसबी/विज्ञा./45/2025 एवं सीयूएसबी/विज्ञा./46/2025, दिनांक : 15 दिसम्बर, 2025**

**शैक्षणिक (प्राध्यापक/सह प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक)** पदों तथा गैर–शैक्षणिक **(ग्रुप–'ए', 'बी' एवं 'सी')** पदों पर नियुक्ति हेतु योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
योग्यता, अनुभव, भर्ती प्रक्रिया और अन्य दिशा निर्देशों का विवरण इस विज्ञापन के साथ विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.cusb.ac.in** पर उपलब्ध हैं।

**कुलसचिव**

**e-Procurement Cell**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,**
**e-Procurement Notice**
**(Short Notice)**
**Tender Ref. No.-23/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26-Date: 16.12.2025**

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | **Construction of Bar Council Building at Medininagar, Palamu, Jharkhand.** | **4,73,83,800.00** | **12 Months** |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 07-01-2026 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 16-01-2026 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 19-01-2026 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430783582 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9529503499 | |

• इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

**Nodal Officer,**
e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj

**PR 368722 Building(25-26)D**

## एक नजर

### पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान शुरू

**नारदीगंज (नवादा)।** पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान मंगलवार से शुरू हुआ। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार ने नवजात शिशु को पोलियो ड्राप पिलाकर अभियान की शुरुआत की। यह कार्यक्रम 16 दिसम्बर 2025 से शुरू हुआ है। जो आगामी 20 दिसम्बर 2025 तक चलेगा। अभियान के तहत पांच वर्ष तक के बच्चों को घर घर जाकर पोलियो का ड्राप पिलाना है। एक भी बच्चा छूट नहीं जाए। इसका ख्याल रखना जरूरी है। कोताही बरतने वाले पोलियो कर्मियों पर कार्रवाई होगी। इस अभियान में आशा व आंगनबाड़ी सेविका को घर घर जाकर पोलियो की दवा बच्चों को पिलाने की जिम्मेदारी दी गई है।

### हाजत से ही फरार आरोपित गिरफ्तार

**पकरीबरावां।** हाजत से फरार आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि लगभग एक माह पूर्व पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय के शांतिनगर मोहल्ला निवासी शैलेन्द्र साव को जान मारने की नीयत से धारदार हथियार लेकर आये रामपुर गांव के जयपाल कुमार को पकड़कर लोगों ने पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तार युवक हाजत से फरार हो गया था। पुलिस उसे गिरफ्तार करने के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। पुलिस के अनुसार उस पर दो- तीन मामले दर्ज है।

### प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर लोगों में खुशी

**पकरीबरावां।** पूर्व मंत्री संजय सरावगी को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर दत्तरौल पैक्स अध्यक्ष सह भाजपा नेता श्रवण कुमार, भाजपा नेता मुकेश सिंह, सुदामा चौहान, दिलीप कुमार रंजन, अभय सिंह, पुर्णेन्दु मिश्रा सहित अन्य ने खुशी का इजहार किया है। भाजपा नेता श्रवण कुमार ने कहा कि संजय सरावगी के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी संगठन काफी मजबूत होगा।

### झोपड़ी घर में लगी आग, मवेशी जले

**हिलसा (नालंदा)।** चिकसौरा थाना क्षेत्र के कुसेता गांव में सोमवार की रात एक फुसनुमा घर में अचानक आग लग जाने से हजारों रुपया की संपत्ति सहित तीन बकरियां जलकर मर गई। आग लगने से ग्रामीणों के बीच अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि घरवालों कुछ समझ पाते तबतक घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। एवं जीविका के द्वारा तीन बकरी पालन किया जा रहा था वह भी जिंदा जलकर मर गई। ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। पीड़ित जतन पासवान ने बताया कि सोमवार कि रात पूरा परिवार घर में सोए हुए थे। रात करीब 2 बजे घर से धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते अचानक आग लग गयी। किसी तरह पूरा परिवार घर से निकलकर जान बचाया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि घर के लोगों को सामान निकालने तक का मौका नहीं मिला। घर में रखा अनाज, कपड़ा, बिछावन, बर्तन, रुपये सहित जरूरी कागजात जलकर राख हो गया। उन्होंने बताया कि आग किसी सामाजिक तत्वों के द्वारा जानबूझकर लगा देने की आशंका जाताया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मामले की जांच कर सरकारी स्तर पर सहायता देने की मांग की। इस अगलगी के बाद पीड़ित परिवार ठंड के इस मौसम में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है।

### संपत्ति विवाद को लेकर मारपीट

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना क्षेत्र के कृष्णा बिगहा गांव में मंगलवार को संपत्ति विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक कृष्णा बिगहा गांव निवासी बृजनंदन पासवान के 21 वर्षीय पुत्र भोला कुमार है। इलाज के दौरान भोला कुमार ने बताया कि पूर्व से गोतिया से संपत्ति बटवारा का विवाद चला आ रहा है। उसी विवाद को लेकर मंगलवार को दोनों के बीच बोला बोली करते हुए अचानक मारपीटकर करने लगा जिसमें जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की सहयोग से हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया जहां इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में आवेदन दिया गया है मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### तेतरिया पंचायत भवन में ग्राम सभा आयोजित

**मेसकौर (नवादा)।** मंगलवार को प्रखंड अंतर्गत तेतरिया स्थित पंचायत सरकार भवन में मुखिया उमा भारती की अध्यक्षता में सबकी योजना सबका विकास कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत विकास योजना कार्यक्रम के वित्तीय वर्ष 2026-27 के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी योजनाये लेकर विशेष चर्चा की गई मुखिया उमा भारती ने बताई कि पंचायत के सभी वार्डों से योजनाएं ली गई हैं और अगले वित्तीय वर्ष में आवंटित राशि के अनुरूप योजनाएं पारित की जाएगी ग्राम सभा में टायड और अनटायड में आगामी वित्तीय वर्ष में योजनाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा ग्राम सभा में ली गई योजनाएं ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे मौके पर पंचायत सचिव ओम प्रकाश, पैक्स अध्यक्ष मनोज कुमार, संतोष कुमार, कैलाश प्रसाद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### 9 देशों के 18 विदेशी सोशल मीडिया क्रिएटर पहुंचे राजगीर



**बिहारशरीफ/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पर्यटन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने की दिशा में पर्यटन विभाग, बिहार सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। अब पर्यटन स्थलों की ब्रांडिंग के लिए विदेशी सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर की मदद ली जा रही है, जो विभिन्न अंतराष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर बिहार की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करेंगे। इसी क्रम में विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया, मंगोलिया, म्यानमार, सिंगापुर, साउथ कोरिया, श्रीलंका एवं थाईलैंड से आए 18 विदेशी सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर एवं कंटेंट क्रिएटर का दल 15 दिसंबर 2025 को राजगीर-नालंदा के परिभ्रमण पर पहुंचा। पर्यटन भ्रमण के दौरान विदेशी दल ने राजगीर पर्यटन क्षेत्र अंतर्गत नालंदा खंडहर, नालंदा यूनिवर्सिटी, रोप-वे, विश्व शांति स्तूप तथा घोड़ा कटोरा का भ्रमण किया। ऐतिहासिक और विश्व धरोहर स्थलों को नजदीक से देखकर विदेशी मेहमान काफी उत्साहित नजर आए और उन्होंने राजगीर की प्राचीन विरासत एवं प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना की। नालंदा यूनिवर्सिटी पहुंचने पर विश्वविद्यालय के प्रिंसिपल द्वारा सभी विदेशी पर्यटक दल को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस परिभ्रमण कार्यक्रम के दौरान समन्वय एवं सहयोग के लिए गुप्तेश्वर कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, नालंदा तथा संजय कुमार, पर्यटन अधिकारी उपस्थित रहे।

# 20 सूत्री बैठक में जनसमस्याओं पर विस्तृत चर्चा





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोविंदपुर(नवादा)।** प्रखंड कार्यालय सभागार भवन में आज 20 सूत्री कार्यक्रम समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शोभा कुमारी ने संयुक्त रूप से की। बैठक में गोविंदपुर विधानसभा की विधायक विनीता मेहता प्रमुख रूप से उपस्थित रही। बैठक में उपाध्यक्ष राजेश कुमार, गोविंदपुर प्रखंड प्रमुख रिंकू कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार शैलेंद्र, अंचल अधिकारी संजीव कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं समिति सदस्य मौजूद थे।

बैठक के दौरान 20 सूत्री सदस्य प्रवीण कुमार ने पंजाब नेशनल बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) दनियार का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि सीएसपी दनियार के नाम पर कोड तो है, लेकिन संचालन किसी अन्य स्थान से किया जा रहा है। इस संबंध में चार महीने पूर्व ही गोविंदपुर पीएनबी प्रबंधक को शिकायत दी गई थी, लेकिन अब तक कोई सुधार नहीं हुआ। वहीं सदस्य नवल सिंह ने पंचायत सुघरी, भवनपुर एवं माधोपुर में भी सीएसपी के गलत संचालन का मुद्दा उठाया। इस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने 15 दिनों के भीतर कार्रवाई का निर्देश देते हुए कहा कि अन्यथा एलडीएम को लिखित शिकायत भेजी जाएगी।

थाली थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने कहा कि अधिकांश ग्राहक सेवा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। साथ ही सीएसपी संचालक बैंक से नकद राशि अकेले लेकर आते हैं, जिससे किसी भी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। उन्होंने सुझाव दिया कि बड़े ब्रांच द्वारा सूचना दिए जाने पर 112 टीम के माध्यम से नकद राशि पहुंचाने में पुलिस सहयोग करेगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कई बैंक शाखाओं में लगे कैमरे की क्वालिटी भी सही नहीं है। उन्होंने आग्रह किया कि प्रत्येक ग्राहक सेवा केंद्र में थाना प्रभारी या पुलिस पदाधिकारी का मोबाइल नंबर बैनर के माध्यम से लगाया जाए।

स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी कई मुद्दे उठे। सदस्य रामाश्रय सिंह ने उप स्वास्थ्य केंद्र बुधवारा के संचालन नहीं होने की बात कही। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोविंदपुर में अल्ट्रासाउंड एवं फिजियोथेरेपी सुविधा की आवश्यकता बताई गई। सदस्य नवल किशोर सिंह ने आरोप लगाया कि सीएचसी में डॉक्टर अनुपमा कुमारी की उपस्थिति नहीं रहती, फिर भी उनकी हाजिरी लगाई जाती है। इस पर विधायक विनीता मेहता ने सीएचसी प्रभारी कुमार गौरव को कड़ी फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि सुधार नहीं होने पर जांच कर विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

आंगनबाड़ी एवं शिक्षा से जुड़े मामलों में सदस्य प्रवीण कुमार ने पंचायत भवनपुर वार्ड नंबर 7 में आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन नहीं होने एवं भवन के जर्जर होने की बात कही। सदस्य रामबालक प्रसाद ने शेखोपुर प्राथमिक विद्यालय के जर्जर भवन का मुद्दा उठाया। इस पर बीडीओ दिगंबर ठाकुर ने बताया कि इसकी रिपोर्ट भेजी जा चुकी है और शीघ्र भवन निर्माण कराया जाएगा।

कृषि विभाग पर भी सवाल उठे। सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा कि बीज वितरण सभी पंचायतों में नहीं किया जा रहा है, केवल दो पंचायतों में ही वितरण हो रहा है। वहीं सदस्य प्रेम सिंह ने माधोपुर पंचायत वार्ड नंबर 5 में नल-जल योजना के लंबे समय से बंद पड़े होने की शिकायत की। इस पर बीडीओ ने पंचायती राज पदाधिकारी को जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। आवास योजना के तहत मनरेगा भुगतान को लेकर भी नाराजगी जताई गई। सदस्य नवल किशोर सिंह ने कहा कि कई लाभुकों को आवास पूर्ण होने के बाद भी मनरेगा की पूरी राशि नहीं मिल पाई है। एक गंभीर मामला उठाते हुए सदस्य मुकेश कुमार (सरकंडा पंचायत) ने बताया कि छठ पूजा के आसपास उनकी पत्नी की डिलीवरी सीएचसी गोविंदपुर में कराई गई थी, जहां लापरवाही के कारण नवजात का हाथ टूट गया और बाद में उसकी मौत हो गई। इस पर बीडीओ कुमार शैलेंद्र ने कहा कि मामले की रिपोर्ट सिविल सर्जन को भेजी जा चुकी है और जल्द कार्रवाई होगी।

इसके अलावा प्रवीण कुमार ने गोविंदपुर थाना में बाउंड्री लाइट एवं थाना मुख्य द्वार से भवन तक पीसीसी ढलाई की मांग की। थाली थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि थाना परिसर से 11 हजार वोल्ट का तार हटाया जाना जरूरी है, साथ ही थाली बाजार से थाली थाने तक प्रत्येक पोल पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था होनी चाहिए।

बालू उठाव को लेकर नवल किशोर सिंह ने गोविंदपुर महावरा घाट का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अलग रास्ता होने के बावजूद बाजार के रास्ते से बालू ढुलाई हो रही है, जिससे जाम की समस्या बनी रहती है। इस पर अंचल अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि बाढ़ से क्षतिग्रस्त वैकल्पिक रास्ते की मरम्मत कर दो दिनों के भीतर समस्या का समाधान कर लिया जाएगा। बैठक के अंत में बीडीओ कुमार शैलेंद्र ने बताया कि पिछली बैठक के 19 मामलों में से 12 का निष्पादन हो चुका है और 7 मामले लंबित हैं। इनमें दनियार के आंगनबाड़ी केंद्र (वार्ड 6 व 7), तीन सीएचसी से जुड़े मामले, एक बैंक सीएसपी, एक एचएससी एवं एक जमीनी विवाद शामिल है।

## इनरव्हील क्लब बिहारशरीफ की सेवा-यात्रा को मिला नया आयाम

### जिला अध्यक्ष रश्मि गुप्ता ने की ऑफिशियल विजिट




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** इनरव्हील क्लब बिहारशरीफ की सामाजिक प्रतिबद्धता और सक्रियता उस समय और सशक्त रूप में सामने आई, जब बिहार एवं झारखंड की जिला अध्यक्ष रश्मि गुप्ता ने क्लब का आधिकारिक दौरा किया। इस अवसर पर क्लब द्वारा शिक्षा, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण और जनहित से जुड़े कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसकी जिला अध्यक्ष ने सराहना करते हुए भविष्य में और व्यापक स्तर पर सेवा कार्य करने का आह्वान किया। ऑफिशियल विजिट के दौरान जिला अध्यक्ष ने क्लब द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक प्रोजेक्ट्स की विस्तार से जानकारी ली। इसी क्रम में हॉस्पिटल मोड़ चौराहा के समीप यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस चेक पोस्ट का उद्घाटन क्लब अध्यक्ष रश्मि रानी, सचिव रश्मि कुमारी, कोषाध्यक्ष सुनीता सिंहा, पूर्व अध्यक्षों एवं सदस्यों के साथ संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में क्लब की सचिव रश्मि कुमारी ने इस सत्र में अब तक किए गए कार्यों का संक्षिप्त लेकिन प्रभावशाली विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर क्लब संपादक पूनम कुमारी, जिला अध्यक्ष रश्मि गुप्ता, क्लब अध्यक्ष रश्मि रानी, सचिव रश्मि कुमारी, कोषाध्यक्ष सुनीता सिंहा, आई.पी.पी. रूबी सिंहा एवं उपाध्यक्ष शोभा रानी द्वारा इनर व्हील क्लब की पत्रिका 'अंतर्मन' का विमोचन किया गया। मंच संचालन पूर्व अध्यक्ष मधु कंचन ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन शोभा रानी द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में क्लब की पूर्व अध्यक्षाएं, कार्यकारी सदस्य, सीबीएसई रिसोर्स पर्सन कुंदन पाठक, डैफोडिल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन रंजीत प्रसाद सिंह, प्राचार्य उमेश कुमार, रोटरी क्लब के जोनल डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## बिहार विधान परिषद् में सत्तारूढ़ दल की सचेतक बनीं रीना यादव



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार विधान परिषद् में रीना यादव को सत्तारूढ़ दल की सचेतक बनाये जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने बधाइयाँ दीं। इस उपलब्धि को संगठन की मजबूती और अनुशासित संसदीय संचालन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि रीना यादव सचेतक के रूप में उनके अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और सदन की कार्यवाही पर गहरी पकड़ का प्रमाण है। उनके नेतृत्व में सत्तारूढ़ दल के सदस्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा और सरकार की नीतियों को सदन में प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा सकेगा। बधाई देने वालों में मनोज मुखिया, विधान पार्षद प्रतिनिधि अक़लाख़ अहमद, दिलीप कुमार, राजीव रंजन, धर्मेंद्र यादव, एहसान खान, एहतेशाम मालिक और श्रवण यादव प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी ने उन्हें इस जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे इस दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगी।

## पशु स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सोनसीहारी पंचायत में आज जीविका और पशुपालन निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. अवधेश कुमार, जीविका के युवा पेशेवर (पशुधन) सौरव कुमार सिन्हा, प्रबंधक संचार राजीव रंजन, प्रखंड परियोजना प्रबंधक रौनक कुमारी, तरंग जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की अध्यक्षा अनीता देवी एवं सचिव नीतू देवी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस शिविर में 100 से अधिक पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य, पोषण एवं बीमारियों की रोकथाम से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही विशेषज्ञ टीम द्वारा पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर मुफ्त दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर नवादा प्रखंड के जीविका कर्मी, कैडर एवं पशुपालक जीविका दीदियां उपस्थित थी।

## नवादा के लाल को मिला राष्ट्रीय दायित्व, भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** बिहार सरकार में पथ निर्माण मंत्री और नवादा के ग्राम अमावां के मूल निवास नितिन नवीन को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर नवादा सहित पूरे प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह और उमंग का माहौल है। पार्टी के संसदीय बोर्ड द्वारा नितिन नवीन को यह महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व सौंपे जाने पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें हृदयतल से बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं प्रदान की हैं। कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन और राष्ट्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश नड्डा के कुशल नेतृत्व में नितिन नवीन के संगठनात्मक कौशल,अनुभव और युवा नेतृत्व से निश्चित ही संगठन को नई ऊर्जा और नया विस्तार प्राप्त होगा। उनकी नियुक्ति से 'राष्ट्र प्रथम' की विचारधारा जन-जन तक और अधिक प्रभावी रूप से पहुंचेगी।भाजपा नेता रंजय कुमार सिंह ने श्री नवीन की प्रशंसा करते हुए कहा कि नितिन नवीन ने एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। वे एक युवा और परिश्रमी नेता हैं, जिनके पास संगठन का गहरा अनुभव है। उन्होंने बिहार में लगातार पांचवीं बार विधायक और मंत्री के रूप में नवीन के प्रभावी कार्यों और जनआकांक्षाओं को पूरे समर्पण भाव से पूरा करने की प्रतिबद्धता का उल्लेख किया। उन्होंने यह भी बताया कि श्री नवीन अपने विनम्र स्वभाव और जमीन से जुड़े काम करने के लिए जाने जाते हैं। यह एक सुखद संयोग है कि वे 45 वर्ष के हुए हैं और भाजपा भी अपने 45वें वर्ष में है। कार्यकर्ताओं ने अपनी ऊर्जा और प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि नितिन नवीन का नेतृत्व पार्टी को और अधिक सशक्त बनाएगा। वहीं पैतृक भूमि अमावा में उत्साह देखा गया लोगों ने मिठाइयां बांटी एवं लिट्टी चोखा का भोज कराया गया लोगों में बहुत उत्साह दिखाई दिया इस अवसर पर कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को हार्दिक बधाई एवं उनके सफल, प्रेरणादायी एवं ऐतिहासिक कार्यकाल हेतु अनंत शुभकामनाएं देने वाले अमवा के विकास सिंह बिट्टू राय संटु सिंह गौरव कुमार उदय मिश्र सोनू भदानी भाजपा कार्यकर्ताओं में रणजीत कुमार सिंह, रंजय कुमार सिंह, प्रमोद चंद्रवंशी, गौरव शांडिल्य गगन, कुमार मनीष देव, संतोष कुमार, अशोक कुमार राय रितेश कुमार कौशल, विकास कुमार, संदीप कुमार, निशांत कुमार मोंटी, पवन कुमार सिंह, गोलू सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### साइबर ठगी मामले में दो लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** साइबर अपराध के मामले में पकरीबरावां पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में हिसुआ थाना के कैथिर निवासी नरेंद्र कुमार के पुत्र अभिनाश कुमार एवं पकरीबरावां थाना के अमरपुर बेलदरिया निवासी रामोतार चौहान के पुत्र पिंटू चौहान शामिल हैं। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## नरहट अस्पताल में एएनएम व सीएचओ के साथ समीक्षा बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नरहट (नवादा)।** मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहट में एएनएम एवं सीएचओ के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एमओआईसी डॉ. ओम प्रकाश ने की। बैठक में बीएचएम राहुल कुमार, बीसीएम संजय कुमार, बीएम एंड ई सुनील कुमार, पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधि मंतोष कुमार, आराध्या मुन्नी, गाँधी फेलो समीक्षा पाठक एवं प्रियंका कोली, सीडीपीओ ज्योति सिन्हा तथा पीएफआई से शीला कुमारी ने सक्रिय सहभागिता रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य मातृ एनीमिया की रोकथाम, उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) की पहचान एवं उनके प्रभावी फॉलो-अप को लेकर विस्तृत जानकारी साझा करना रहा। इस अवसर पर एमओआईसी डॉ. ओम प्रकाश ने उपस्थित सभी स्वास्थ्यकर्मियों को अवगत कराया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान पी एम एस एम ए के अंतर्गत प्रत्येक माह 9, 15 एवं 21 तारीख को गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की जाती है। यह सुविधा सीएचसी नरहट एवं एपीएचसी पुनौल में उपलब्ध कराई जा रही है।

उन्होंने सभी एएनएम एवं सीएचओ को निर्देश दिया कि चिन्हित उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं को निर्धारित तिथियों पर सीएचसी नरहट भेजना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें समय पर एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जा सके। बैठक के अंत में सभी स्वास्थ्यकर्मियों से आपसी समन्वय के साथ क्षेत्र स्तर पर बेहतर कार्य करने की अपील की गई, ताकि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। सरकार के तरफ से चलाये जा रहे सभी तरह के कार्यक्रम को समुदाय स्तर तक जरूर पहुंचाए।

## नालंदा कॉलेज के सात छात्रों को मिला प्लेसमेंट



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा कॉलेज में मंगलवार को गुजरात की अलिवस लाइफ साइंस कंपनी ने सात छात्रों को आकर्षक पैकेज पर सेक्लेट किया। प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर अनिरबन चटर्जी ने बताया कि गुजरात की अलिवस लाइफ साइंस कंपनी प्लेसमेंट के लिए तीसरी बार कॉलेज आई है। कॉलेज की प्राचार्या प्रो सुनीता सिन्हा ने चयनित छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी। एमबीए कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित साक्षात्कार में डॉ. आर. आर. झा, डॉ. विजय कुमार, बिनय कुमार, जितेंद्र कुमार सिन्हा और आशुतोष भारती ने सहयोग किया। नालंदा कॉलेज ने एक सफल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव होस्ट किया। इसे एलिवस लाइफ साइंस ने चलाया था। एलिवस लाइफ साइंस फार्मास्यूटिकल मैन्युफैक्चरिंग और रिसर्च में एक जाना-माना नाम है, जिसे पहले ग्लेनमार्क के नाम से जाना जाता था। इस ड्राइव का मकसद केमिस्ट्री डिपार्टमेंट के फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स, खासकर पीजी, को रिक्रूट करना था। यह इवेंट नालंदा कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. सुनीता सिंह के दूरदर्शी गाइडेंस में किया गया था। एकेडेमिया और इंडस्ट्री के बीच के गैप को कम करने पर उनका फोकस कैंपस में एक हाई-प्रोफाइल लाइफ साइंसेज फर्म लाने में मददगार रहा। डॉ. विजय कुमार, डॉ. झा, बिनय कुमार, आशुतोष और सभी एमबीए स्टाफ की मदद से, हमने स्टूडेंट रजिस्ट्रेशन से लेकर इंटरव्यू पैनल को आसान बनाने तक, एंड-टू-एंड लॉजिस्टिक्स को मैनेज किया, जिससे रिक्रूटर और कैंडिडेट दोनों को एक आसान एक्सपीरियंस मिला। इस बार इस पोजीशन के लिए सात स्टूडेंट्स चुने गए, और कई स्टूडेंट्स को क्विज़ और पोस्टर के लिए प्राइज दिए गए।

## राजगीर महोत्सव के सफल आयोजन हेतु डीएम ने किया स्थल निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने राजगीर महोत्सव 2025 के सफल आयोजन हेतु स्थलीय निरीक्षण किया। विदित हो कि राजगीर महोत्सव- दिनांक 19/20 एवं 21 दिसम्बर 2025 को मुख्य कार्यक्रम स्थल आर आईसीसी एवं हॉकी मैदान, राजगीर के निकट खाली भूखंड पर आयोजन निर्धारित है । आगामी राजगीर महोत्सव के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां शामिल की गई हैं। निरीक्षण के क्रम में विधि व्यवस्था/ सुरक्षा व्यवस्था/ समारोह स्थल की तैयारी /लाइटिंग/ प्रचार प्रसार /सांस्कृतिक कार्यक्रम/ प्रदर्शनी /स्टॉल/ कृषि मेला/ व्यंजन मेला /महिला महोत्सव/ सद्भावना मार्च/ तांगा तथा पालकी सज्जा / साफ सफाई/ पेयजल/ शौचालय/ जन सुविधा की व्यवस्था /खेल महोत्सव / नुक्कड़ नाटक /आमंत्रण पत्र का वितरण / सर्व धर्म मंगलाचरण / वाहन पार्किंग/ यातायात व्यवस्था /चिकित्सा व्यवस्था/ सड़क मरम्मती /विद्युत प्रकाश एवं लाइटिंग/ निजी घरों, होटलों एवं अन्य भवनों का साज सज्जा प्रतियोगिता /प्रचार प्रसार /उद्घाटन एवं समापन/ पुरस्कार वितरण आदि विषयों पर चर्चा के क्रम में संबंधित कार्य को ससमय पूर्ण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी राजगीर को निर्देश देते हुए कहा कि संपूर्ण राजगीर में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय ,राष्ट्रीय पर्यटकों की सुविधा के बारे में अवगत कराया जाए , रात्रि सुविधा उपलब्ध कराई जाए, पैकेज टूर की सुविधा, संपूर्ण पर्यटन क्षेत्रों में लाइटिंग की सुविधा, विधि व्यवस्था, पुलिस की सॉफ्ट ट्रेनिंग, मल्टी स्टोरेज पार्किंग, वेंडिंग जोन को सुदृढ़ किया जाए। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधा प्रदान करना है,ताकि ज्यादा से ज्यादा पर्यटक राजगीर पर्यटन हेतु आकर्षित हो सके। इस अवसर पर नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, अनुमंडल पदाधिकारी, राजगीर, नजारत शाखा उपसमाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सहायक निदेशक समाज कल्याण विभाग, कृषि आदि विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कादिरगंज कोबराज की टीम बड़े अंतर से जीती

### चैलेंजर ट्रॉफी अंडर -14 टूर्नामेंट में




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा से निबंधित चैलेंजर ट्रॉफी अंडर-14 क्रिकेट मुकाबले में मंगलवार को कादिरगंज कोबराज की टीम का मुकाबला नारदीगंज लायंस के बीच में हुआ। जिसमें कादिरगंज कोब्रास के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 217 रन बनाए। कादिरगंज कोबराज के बल्लेबाज कप्तान जितेंद्र ने शानदार 82 देव कुमार ने 65 एवं मोहित राज ने 24 रनों का योगदान अपने टीम के लिए दिया। गेंदबाजी करते हुए नारदीगंज लायंस के गेंदबाज सत्यम, हर्ष और आशीष ने एक-एक खिलाड़ियों को आउट किया। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी नारदीगंज लायंस के बल्लेबाजों ने 27 ओवरों में 109 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें नारदीगंज लायंस के ऋषभ राज ने 21 मयंक राज ने 23एवं यश कुमार ने 11 रनों का योगदान हीं दे सके और पूरी टीम बिखर सी गई। गेंदबाजी करते हुए कादिरगंज कोबराज के गेंदबाज दिव्यांश राज ने शानदार तीन विकेट जबकि जितेंद्र एवं अक्सर ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। आज के मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले जितेंद्र को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी समाजसेवी विवेक कुमार के द्वारा दिया गया।

# बिपार्ड में दो दिवसीय उच्चस्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड), गया द्वारा राज्य के वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों के लिए एक दो-दिवसीय उच्चस्तरीय कार्यशाला 'मंथन-2025' का आयोजन 17-18 दिसंबर 2025 को बिपार्ड परिसर, गया में किया जा रहा है। यह कार्यशाला समकालीन शासन चुनौतियों, उभरती प्रशासनिक प्राथमिकताओं तथा भविष्य उन्मुख नीति संवाद के लिए एक सशक्त मंच के रूप में आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य 'जिला-केंद्रित शासन प्रणाली' को सुदृढ़ करना, नीति-निर्माण और क्षेत्रीय स्तर पर उसके प्रभावी क्रियान्वयन के मध्य समन्वय को मजबूत करना तथा अनुभव-साझाकरण के माध्यम से प्रशासनिक दक्षता और निर्णय क्षमता को बढ़ावा देना है। 'मंथन-2025' के दौरान उत्तरदायी शासन ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, शहरी विकास की चुनौतियां एवं भावी मार्ग, प्रभावी प्रशासन हेतु विधि एवं विधिक ढांचा तथा लोक-निजी भागीदारी एवं अवसंरचना विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। इन सत्रों में प्रतिष्ठित विषय विशेषज्ञों, वरिष्ठ नीति-निर्माताओं एवं अनुभवी प्रशासकों द्वारा अपने अनुभव और दृष्टिकोण साझा किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त विभिन्न जिलों द्वारा प्रस्तुत नवाचारी पहलों के माध्यम से क्षेत्रीय स्तर की सफल प्रशासनिक पहलों को भी साझा किया जाएगा। कार्यशाला का औपचारिक उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 17 दिसंबर 2025 को किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बिपार्ड परिसर में विकसित की गई विभिन्न विकासात्मक एवं नवाचारी अवसंरचना सुविधाओं का लोकार्पण भी करेंगे। इनमें संवाद वाटिका, नक्षत्र वन, सुनियोजित प्रयासों से पुनर्जीवित ब्रह्मयोनि सरोवर, उन्नत पुस्तकालय, मोटर ड्राइविंग स्कूल तथा नव-स्थापित स्पेस गैलरी शामिल हैं। ये पहले बिपार्ड के उस समग्र दृष्टिकोण को दर्शाती हैं जिसमें प्रशासनिक प्रशिक्षण को शैक्षणिक उत्कृष्टता, पर्यावरणीय संवेदनशीलता, कौशल विकास एवं वैज्ञानिक चेतना के साथ जोड़ा गया है। कार्यशाला में प्रत्यय अमृत, मुख्य सचिव, डॉ. वी. राजेन्दर, अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार-सह-महानिदेशक, बिपार्ड तथा डॉ. सफीना ए.एन., अपर महानिदेशक, बिपार्ड, गया-सह-आयुक्त, मगध प्रमंडल, गया सहित अन्य सचिव स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त पी.के. शाही, महाधिवक्ता, बिहार कार्यशाला के प्रतिभागियों को विधिक विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। 'मंथन-2025' से राज्य में प्रशासनिक तैयारियों को सुदृढ़ करने, क्षेत्रीय पदाधिकारियों में विधिक एवं संस्थागत आत्मविश्वास को मजबूत करने तथा समग्र प्रशासनिक परिणामों में गुणात्मक सुधार की अपेक्षा की जा रही है। कार्यशाला का समापन 18 दिसंबर 2025 को सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री के संबोधन के साथ होगा। बिपार्ड, बिहार सरकार का शीर्ष प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान होने के नाते, नीति संवाद, प्रशासनिक क्षमता निर्माण तथा सार्वजनिक शासन में नवाचार को निरंतर प्रोत्साहित करता रहा है। 'मंथन-2025' के माध्यम से बिपार्ड एक बार पुनः राज्य में प्रभावी, उत्तरदायी एवं भविष्य-दृष्टि सम्पन्न शासन व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है।

## गयाजी में आज जुटेंगे प्रदेश भर के आइएएस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** प्रशासनिक एजेंडे को नई दिशा देने के लिए 17 दिसंबर को बिहार भर के आईएएस अफसर गयाजी में जुटेंगे। इस अहम बैठक में राज्य के विकास काम की प्रगति, प्रशासनिक सुधार और भविष्य की कार्ययोजना पर गहन मंथन होगा। सूत्रों की मानें तो इस दौरान कई कड़े और दूरगामी फैसले लिए जा सकते हैं। बैठक का नेतृत्व खुद मुख्य सचिव करेंगे। खास बात यह है कि इस पूरी कवायद से फिलहाल मीडिया को दूर रखा गया है जिससे बैठक को लेकर सियासी और प्रशासनिक हलकों में चर्चाएं तेज हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि कार्यक्रम के उदघाटन के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आना प्रस्तावित है। यदि मुख्यमंत्री शामिल होते हैं तो यह बैठक और भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## एक नजर

### देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** पुलिस ने छापेमारी करते हुए सिद्धार्थपुर गांव से देसी कट्टा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर थाने लाई है। गिरफ्तार व्यक्ति सिद्धार्थपुर गांव के सोनी खान के पुत्र अलम्स खान के रूप में की गई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सोनी खान के पुत्र अलम्स खान अपने आवास पर देसी कट्टा व कारतूस छिपा कर रखे हुए है। पुलिस ने जब छापेमारी की तो उसके पास से देसी कट्टा के साथ दो पिस जिंदा कारतूस बरामद की गई। पुलिस ने छापेमारी कर उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### बंद घर से लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के रौना गांव में चोरों ने सीआरपीएफ जवान के ताला बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवर, नगद राशि समेत जरूरी कागजात की चोरी कर ली। चोरी की यह घटना मंगलवार सुबह सामने आई जिससे गांव में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रौना गांव निवासी सीआरपीएफ जवान धनंजय कुमार, पिता रामाश्रय प्रसाद, वर्तमान में झारखंड राज्य में पदस्थापित हैं। उनकी पत्नी, पिता और बच्चे गुरारू के बहवलपुर मोहल्ला में किराए के मकान में रहकर बच्चों की पढ़ाई करवा रहे हैं। सोमवार की रात परिवार के सभी सदस्य रौना गांव पहुंचे हुए थे, लेकिन वे अपने पुराने मकान में सोए हुए थे जबकि नया मकान का ताला बंद था। मंगलवार सुबह करीब सात बजे जब परिवार के लोग उठे तो देखा कि घर के पीछे से चोरों ने सेंधमारी कर ताला बंद मकान में प्रवेश किया और अलमारी में रखे लाखों रुपये के जेवर, नगद राशि व आवश्यक कागजात चुरा लिए।

### मामूली विवाद में मारपीट, दोनों पक्षों से पांच गए जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शहर के गढ़ मुहल्ला में आपसी विवाद के बाद उत्पन्न तनाव को पुलिस ने समय रहते नियंत्रित कर लिया। मामूली कहा-सुनी से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते दो परिवारों के बीच गाली-गलौज और मारपीट में तब्दील हो गया जिससे मुहल्ले में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही शेरघाटी थाना पुलिस सक्रिय हुई। दोनों पक्षों की ओर से थाने में आवेदन दिया गया जिसके आधार पर पुलिस ने निष्पक्ष रूप से अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए। पुलिस ने मौके की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि समय पर कार्रवाई नहीं होती तो स्थिति और बिगड़ सकती थी। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांति बनाए रखने की सख्त हिदायत दी है।

### धोखाधड़ी का आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी के एक पुराने मामले में पुलिस को सफलता हाथ लगी है। चिताप कला गांव से गिरफ्तार किए गए आरोपी रंजीत कुमार पर धोखाधड़ी का गंभीर आरोप है और वह लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था। आरोपी के खिलाफ न्यायालय द्वारा पहले ही वारंट जारी किया जा चुका था, लेकिन वह लगातार बचता फिर रहा था। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी गांव में ही छिपकर रह रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद विशेष टीम गठित कर योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की गई जिसमें आरोपी को बिना किसी विरोध के गिरफ्तार कर लिया गया।

# गया में कुशवाहा समाज ने किया विधायक डॉ. सुनील कुमार का नागरिक अभिनंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** गया के होटल सुखदेव क्लर्क इन में कुशवाहा समाज द्वारा पूर्व मंत्री एवं भाजपा विधायक डॉ. सुनील कुमार का भव्य नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों की बड़ी उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामयी बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवनंदन प्रसाद, पूर्व मुखिया ने की जबकि संचालन समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने डॉ. सुनील कुमार के सामाजिक, राजनीतिक और जनकल्याणकारी योगदान की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. सुनील कुमार ने अपने सार्वजनिक जीवन में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं जिससे समाज के हर वर्ग को लाभ मिला है। कुशवाहा समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता और सहयोगी रवैया सदैव प्रेरणादायी रहा है। अपने सम्मान से अभिभूत डॉ. सुनील कुमार ने कुशवाहा समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह नागरिक अभिनंदन उनके लिए सम्मान के साथ-साथ जिम्मेदारी भी है। उन्होंने समाज के उत्थान, युवाओं की शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि समाज की एकता और संगठन से ही विकास के नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं। कार्यक्रम में युवा समाजसेवी पिंकू वर्मा, डॉ. रूबी वोरा, पंचायत समस्त सदस्य बालेश्वर जी, मुखिया प्रतिनिधि उमेश वर्मा, अनूप लाल मेहता, शिक्षक विशुन देव प्रसाद, पूर्व मुखिया अरबिंद प्रसाद, रवि मेहता, अजय मेहता, पूर्व मुखिया सचिदानंद, इमामगंज के कौशल वर्मा सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अपनी भाषा में मौलिक रचना से ही होगा भाषा का सच्चा प्रसार : परम प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बोधगया।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, गया के तत्वावधान में गया विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा कार्यशाला एवं प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को गया एयरपोर्ट स्थित कांफ्रेंस हॉल में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हिन्दी विभाग, मगध विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. परम प्रकाश राय, विमानपत्तन निदेशक अवधेश, नराकास सचिव और गया स्थित अनेक केंद्र सरकारी कार्यालयों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में दीप प्रज्वलन और स्वागत से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। डॉ. परम प्रकाश ने कहा कि हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं में तकनीक, न्याय, विज्ञान, आर्थिकी आदि क्षेत्रों में मौलिक रचनाओं की भारी कमी है। इसीलिए पश्चिमी भाषाओं विशेष रूप से अंग्रेजी पर हम प्रत्येक उत्कृष्ट सामग्री के लिए आश्रित हैं। राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार में यह एक बड़ी बाधा है। साथ ही अंग्रेजी के वर्चस्व के आगे हिंदी के प्रति हीनताबोध भी इसका एक बड़ा कारण है। स्पैरो पोर्टल पर वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन, राजभाषा कीर्ति पुरस्कार, एआई युक्त कंठस्थ और लीला जैसे पोर्टल, नराकास जैसी समितियां और गतिविधियां - इनके माध्यम से केंद्र सरकार का जोर राजभाषा के प्रचार प्रसार पर है। कार्यशाला के उपरान्त गूगल फॉर्म के माध्यम से प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिनके तीन विजेताओं को निदेशक और मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया।

# गयाजी में एसबीआई ग्राम सेवा परियोजना शुरु

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया।** एसबीआई फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक संजय प्रकाश ने गया जी जिले के जयपुर ग्राम में 'ग्राम सेवा' परियोजना का औपचारिक शुभारंभ किया। यह एसबीआई फाउंडेशन की प्रमुख कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) परियोजना है जिसका उद्देश्य क्षेत्र में समेकित ग्रामीण विकास गतिविधियों के माध्यम से समुदायों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान को सुनिश्चित करना है। इस परियोजना का क्रियान्वयन सहभागी शिक्षण केंद्र (एनजीओ) के सहयोग से तथा ग्राम पंचायतों एवं स्थानीय प्रशासन के समन्वय से किया जा रहा है।
उद्घाटन समारोह के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, कृषि एवं बुनियादी ढांचे जैसे प्रमुख क्षेत्रों में विभिन्न विकासात्मक हस्तक्षेपों की औपचारिक शुरुआत की गई। परियोजना के अंतर्गत सराय टांड़ स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय के उन्नयन कार्य किए गए हैं जिनमें स्मार्ट कक्षा, कंप्यूटर प्रयोगशाला, विज्ञान प्रयोगशाला, ओपन जिम एवं बालिकाओं के लिए कॉमन रूम की स्थापना शामिल है। इसके साथ ही सरायटांड़ ग्राम में 'बाबू वीर कुंवर सिंह युवा प्रशिक्षण केंद्र' का भी उद्घाटन किया गया जहां युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु निःशुल्क शारीरिक एवं शैक्षणिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जयपुर ग्राम में 'ग्राम सेवा केंद्र' की स्थापना भी की गई है जो सूचना प्रसार एवं ऑनलाइन सेवाओं को सुगम बनाने के लिए एक समर्पित केंद्र के रूप में कार्य करेगा। क्षेत्र में आवश्यक सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु तीन मोबाइल सेवा इकाइयों का भी विधिवत शुभारंभ किया गया। इनमें 'एसबीआई संजीवनी' मोबाइल स्वास्थ्य एवं एंबुलेंस सेवा, 'शालिहोत्र एक्सप्रेस' मोबाइल पशु चिकित्सा सेवा इकाई तथा 'स्वच्छता साथी' अपशिष्ट संग्रह वाहन शामिल हैं। इन पहलों का उद्देश्य ग्रामीण समुदायों तक अंतिम छोर तक आवश्यक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर अपने संबोधन में संजय प्रकाश ने कहा एसबीआई फाउंडेशन ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक उत्थान के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहा है। हमें विश्वास है कि आज प्रारंभ की गई ये विविध पहलें आत्मनिर्भर समुदायों के निर्माण तथा आने वाले वर्षों में आदर्श ग्रामों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। ग्राम स्वराज की भावना से प्रेरित यह पहल समुदायों को उनके विकास की यात्रा का केंद्र बनाती है। हम ग्राम पंचायतों एवं स्थानीय हितधारकों से सक्रिय सहभागिता का आह्वान करते हैं। ताकि परियोजना का दीर्घकालिक और सार्थक प्रभाव सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में सहभागी शिक्षण केंद्र के संस्थापक निर्देशक अशोक कुमार सिंह, निर्देशक ऑपरेशन्स अमित कुमार सिंह, ग्राम सेवा कार्यक्रम प्रमुख सिद्धलिंगेश बी, स्थानीय ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण समुदाय के सदस्य उपस्थित रहे।

# चोरी का कोयला लदा ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कुटुंबा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान सोमवार की देर शाम एक ट्रकों पर लदा चोरी का कोयला वाहन सहित जब्त कर लिया। साथ ही वाहन चालक को भी गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए चालक की पहचान रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र में रनी गांव निवासी अशोक चौबे के रूप में की गई है। पुलिस के मुताबिक सूचना के आधार पर एक ट्रक पर भारी मात्रा में चोरी का कोयला झारखंड से बिहार की तरफ जा रहा है जिसके आलोक में सदर एसडीपीओ एवं खनन पदाधिकारी के संयुक्त कार्रवाई में वाहन जांच शुरू की गई। इस दौरान एक ट्रक चालक पुलिस को देख तेजी से भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने ट्रक को पीछा कर धर दबोचा। इसके बाद पुलिस ने वन अधिनियम सहित अन्य विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कोयला माफियाओं और तस्करों की तलाश में पुलिस जुट गई है। थानाध्यक्ष मो. इमरान आलम ने बताया कि कोयला लदा एक ट्रक को रोक कर चालक से संबधित दस्तावेज मांग की गई। लेकिन वह प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में लिया गया है। आवश्यक पूछताछ के उपरांत चालक को जेल भेज दिया गया।

## शपथ पत्र

मैं पियूष रंजन पिता-संतोष कुमार सिंह, ग्राम-धिरी बिगहा, पोस्ट- चरण, थाना-माली जिला-औरंगाबाद (बिहार) का स्थायी निवासी हूं। शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पत्ते का स्थायी निवासी हूं तथा मेरा आधार कार्ड सं.- 8713 5780 8149 है।
अपने गांव धिरी बिगहा से माली जाने के क्रम में दिनांक- 10.12.2025 को अपने पीठ बैग जिसमें मेरा मैट्रिक का मार्कशीट था, जिसका क्रमांक सं.- 22103264 केन्द्रीय विद्यालय जोगिया बभण्डीह औरंगाबाद बिहार का था जो कि बैग के चैन खुला रहने के कारण गिरकर गुम हो गया, मैं काफी खोजबीन किया परन्तु प्राप्त नहीं हो सका। मैं यह शपथ-पत्र अपना मैट्रिक के मार्कशीट का द्वितीय कॉपी प्राप्त करने हेतु कर रहा हूं। मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 26716 दिनांक 16.12.25

**शपथकर्ता**
**पियूष रंजन**

# धान अधिप्राप्ति में लापरवाही पर डीएम ने लगाई फटकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जिले में किसानों से अधिप्राप्त धान की स्थिति एवं किसानों को किए जा रहे भुगतान की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया में तेजी लाने का स्पष्ट निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि ओबरा, नवीनगर एवं हसपुरा प्रखंडों में धान क्रय की प्रगति अपेक्षाकृत कम है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि धान क्रय में शीघ्र अपेक्षित सुधार नहीं हुआ, तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देशित किया कि आगामी बैठकों में राज्य स्तरीय बैठकों के अनुरूप सम्यक एवं अद्यतन प्रतिवेदन तैयार कर प्रस्तुत किया जाए। साथ ही, अधिक से अधिक किसानों के निबंधन सुनिश्चित करने हेतु जिला कृषि पदाधिकारी एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला सहकारिता बैंक के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी दाउदनगर, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, राज्य खाद्य निगम जिला प्रबंधक, सहकारिता विभाग से संबंधित सहकारिता प्रसार पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कुख्यात नक्सली के घर पर चिपकाया इश्तेहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरिया।** प्रखंड के छकरबंधा थाना क्षेत्र के चोड़ीटांड़ गांव के रहने वाले कुख्यात नक्सली निशांत उर्फ प्रसनजीत उर्फ दारा सिंह उर्फ अमित कुमार के घर झारखंड पुलिस पहुंची। घर पर कोर्ट से निर्गत इश्तेहार को चिपकाया। नक्सली कई गंभीर मामलों में लंबे समय से फरार चल रहा है।


**झारखण्ड स्टेट फौरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०**
**Jharkhand State Forest Development Corporation Ltd.**
**(A Govt. of Jharkhand undertaking )E-mail ID dm.daltan_jsfdc@yahoo.co.in**
**कार्यालय: प्रमण्डलीय प्रबंधक,लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल डालटनगंज,पलामू**

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन निगम मुख्यालय रॉची के निदेशानुसार लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज अन्तर्गत डालटनगंज स्थित चैनपुर वनागार, चैनपुर में भण्डारित विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठ एवं जलावन की बिक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमण्डलीय कार्यालय, डालटनगंज से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता हैं। वनागार में आम नीलामी की तिथि निम्नवत् है:–

| वनागार का नाम | समय | दिसम्बर– 2025 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| चैनपुर वनागार चैनपुर | प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00बजे अपराह्न तक। | 22-12-2025 |

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को गेट मनी के रूप में 5000.00 रू0 (पॉच हजार ) रूपया नगद नीलामी में भाग लेने के पूर्व गेट पर जमा करना होगा । नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को पैन कार्ड,जी0एस0टी0 एवं आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना होगा।

ह0/
प्रमण्डलीय प्रबन्धक
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल,डालटनगंज

PR 368724 Forest, Environment and Climate Changes(25-26).D



**कार्यालय जिला परिषद, पलामू**
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**दुकान आवंटन हेतु आम डाक सूचना।**

एतद् द्वारा निम्नांकित प्रखण्ड में अवस्थित जिला परिषदीय रिक्त दुकान के आम डाक के माध्यम से आवंटन हेतु पलामू जिले के प्रमुख एवं लोकप्रिय समाचार पत्र के माध्यम से इच्छुक व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र. | प्रखण्ड | | रिक्त दुकान सं0 | कुल रिक्त दुकान | मासिक किराया दर प्रति दुकान | जमानत की राशि | डाक की न्यूनतम राशि (Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नीलाम्बर–पीताम्बरपुर | प्रथम तल | B-32 | 01 | 480.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 2 | बिश्रामपुर | भूतल | D-10, D-17 | 02 | 700.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 3 | छतरपुर | भूतल | C-01, C-05, C-08, | 03 | 865.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 4 | मनातू | प्रथम तल | A-20, A-21, A-22, A-23, A-24, A-25, A-26, A-27, A-28, A-29, A-30, A-31, A-32 | 13 | 500.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 5 | हरिहरगंज | भूतल | 06, 07, 15 | 03 | 480.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 6 | नावाबाजार | भूतल | B-01, B-02, B-03, B-04, B-05, B-06, B-07, B-08, B-09, B-10, B-11, B-12, B-13, B-14, B-15, B-16, B-17, B-18, B-19, B-20, B-21, B-22, B-23 | 23 | 700.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 7 | हुसैनाबाद | प्रथम तल | E-01 | 01 | 960.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | प्रथम तल | G-05, G-06, G-07, G-09, G-10, G-11, G-17, G-18, G-19, G-20, G-21, G-22, G-23, G-24, G-25, G-26, G-27, G-28, G-29, G-31, G-32, G-33, G-34, G-35, G-36, G-37, G-38 | 27 | 600.00- 1190.00 (*) | 25000.00 | 50000.00 |
| 8 | मोहम्मदगंज | भूतल | A-08, A-09, A-10, A-11, A-12, A-13, A-14, A-15, A-16, B-08, B-09, B-10, B-11, B-12, B-13, B-14, B-15, B-16 | 18 | 400.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 9 | तरहसी | भूतल | C-01, C-02, C-03, C-06, C-10, C-11, C-12, C-13 | 08 | 750.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | प्रथम तल | C-14, C-15, C-16, C-18, C-19, C-20, C-21, C-22 | 08 | 500.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | प्रथम तल | C-17 | 01 | 785.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 10 | पाँकी (तेतराई) | भूतल | 101, 103, 104, 105, 106, 107, 108, 110, 111, 112 | 10 | 720.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | भूतल | 102, 109, | 02 | 780.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | | कुल :– | 120 | | | |

*** दुकानवार किराया दर की सूची विस्तृत आम सूचना के साथ संलग्न।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदन पत्र बिक्री की तिथि :– | दिनांक 19.12.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक |
| 2. | आवेदन पत्र बिक्री का स्थान :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| 3. | आवेदन पत्र का शुल्क :– (प्रत्येक दुकान के लिए अलग–अलग) | 15000.00 (पन्द्रह हजार) रूपये मात्र। |
| 4. | आवेदन पत्र जमा करने की तिथि :– | दिनांक 20.12.2025 अपराह्न 03:00 बजे तक |
| 5. | आवेदन पत्र जमा करने का स्थान :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| 6. | डाक की तिथि व समय :– | 22.12.2025 को 12:00 बजे मध्याह्न |
| 7. | डाक का स्थान :– | अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय वेश्म। |
| 8. | आवेदन पत्र के साथ संलग्न कागजात :– | वैद्य पहचान पत्र (आधार कार्ड), स्थानीय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो |

**नोट 1**:– दुकान का आवंटन खुली डाक द्वारा नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जायेगी जिसमें सर्वोच डाकवक्ता को दुकान आवंटित किया जायेगा। डाक कॉलम संख्या–7 में अंकित एकमुस्त Non Refundable राशि के आधार पर किया जायेगा। डाक में दो बोली के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 5000.00 (पाँच हजार) रूपये होगी। डाक समाप्ति के पश्चात संपूर्ण डाक राशि राशि (Non Refundable) 24 घंटा के अन्दर जमा करना होगा उसके उपरांत आवंटियों की सूची जारी की जायेगी।
**नोट 2** :– दुकानों की संख्या घट– बढ़ सकती है। अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अंतिम होगा।
**नोट 3** :– दुकान आवंटन हेतु निर्धारित विस्तृत शर्त पलामू NIC के Website- www.palamu.nic.in, कार्यालय जिला परिषद, पलामू एवं संबंधित प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।

PR.NO.368666 District(25-26):D

संपादकीय

# भारत : अमीर-गरीब की बढ़ती खाई

आमदनी और सम्पत्ति के संदर्भ में हाल में जारी अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट 'वर्ल्ड इनइक्वेलिटी रिपोर्ट 2026 जहां भारत में अमीरों और गरीबों के बीच आर्थिक खाई को रेखांकित करती है, वहीं यह दुनिया भर में पुरूष और महिलाओं के बीच आर्थिक असमानता को भी उजागर करती है। भारत के लिए चिंता की बात यह है कि देश में तमाम आर्थिक तरक्की के दावों के बाद भी सारी सम्पत्ति सिर्फ 2 फीसदी लोगों के हाथों में सिमटती जा रही है, जबकि इसका अमीर और गरीबों के बीच आनुपातिक बंटवारा होना चाहिए था। बहरहाल, इस रिपोर्ट को अर्थशास्त्री लुकस चांसेल, रिकार्डो गोमेज़-कैरेरा, रोवाइडा मोशरिफ़ और थॉमस पिकेटी ने तैयार किया है। साल 2018 और 2022 के बाद ये तीसरी वर्ल्ड इनइक्वेलिटी रिपोर्ट है। इसे दुनियाभर के 200 से अधिक स्कॉलर्स की मदद से तैयार किया गया है। वर्ल्ड इनइक्वेलिटी लैब के को-डायरेक्टर थॉमस पिकेटी के अनुसार ये रिपोर्ट राजनीतिक लिहाज़ से चुनौतीपूर्ण समय पर आई है, लेकिन ये पहले से कहीं ज़्यादा ज़रूरी है। ऐतिहासिक तौर पर बराबरी के लिए चलाए गए आंदोलनों को जारी रखते हुए ही हम आने वाले दशकों में सामाजिक और जलवायु से संबंधित चुनौतियों से निपट पाएंगे। भारत के संदर्भ मे यह रिपोर्ट खास महत्व रखती है। इसके मुताबिक आज भारत की कुल आय का लगभग 58 फ़ीसदी हिस्सा 10 फ़ीसदी लोग ही कमा रहे हैं। नीचे के 50 फ़ीसदी लोगों का भारत की आमदनी में हिस्सा महज़ 15 फ़ीसदी ही है। भारत में ये असमानता सिर्फ़ आमदनी में ही नहीं है। सम्पत्ति के पैमाने पर तो यह और गहरी है। हकीकत यह है कि आज देश के सबसे अमीर 10 फ़ीसदी लोग देश की लगभग 65 फ़ीसदी सम्पत्ति के मालिक हैं। इनमें से भी टॉप एक फ़ीसदी अमीर लोगों के पास देश की 40 फ़ीसदी धन-संपत्ति है। साल 2014 से 2024 के बीच भारत में आय के लिहाज़ से शीर्ष 10 फ़ीसदी और निचले 50 फ़ीसदी के बीच फ़ासला स्थिर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय (पर्चेज़िंग पावर पैरिटी) सालाना 6200 यूरो है, जो भारतीय मुद्रा के हिसाब से करीब साढ़े छह लाख रुपये होते हैं। रिपोर्ट कहती है कि भारत में प्रति व्यक्ति सम्पत्ति करीब 28 हज़ार यूरो है, जो भारतीय मुद्रा में क़रीब 29 लाख रुपये से अधिक है। यह रिपोर्ट भारत सहित पूरी दुनिया पुरूष और स्त्रियों के बीच आय और सम्पत्ति की असमानता की खाई को बताती है। रिपोर्ट कहती है कि लैंगिक आधार पर वेतन की असमानता दुनियाभर में बनी हुई है। ये दिक्कत असंगठित क्षेत्र में अधिक है। अगर महिलाओं के घर में किए गए काम के घंटों को भी जोड़ लिया जाए तो वो एक सप्ताह में औसतन 53 घंटे काम करती हैं, जबकि पुरुष 43 घंटे ही काम करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार अगर महिलाओं के इन अवैतनिक कामों को छोड़ भी दिया जाए तो भी वह पुरुषों को प्रति घंटे मिलने वाले वेतन का सिर्फ़ 61 फ़ीसदी ही कमाती हैं। अगर अवैतनिक श्रम को भी जोड़ें तो यह आंकड़ा घटकर 32 फ़ीसदी रह जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में महिलाओं की श्रम क्षेत्र में हिस्सेदारी भी बहुत कम है। सिर्फ़ 15.7 फ़ीसदी महिलाएं ही श्रम शक्ति का हैं। इस आंकड़े में पिछले एक दशक से कोई सुधार नहीं हुआ है। भारत में आय, संपत्ति और लैंगिक असामानता गहराई से जमी हुई है। यह वाकई चिंताजनक है और सरकार को इस स्थिति को बदलना बड़ी चुनौती है। क्योंकि एक तरफ हम विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का दावा कर रहे हैं तो दूसरी तरफ अमीरों और गरीबों की खाई कम होने की जगह बढ़ती ही जा रही है।

# न्यायाधीश महोदय- आपके पास संविधान का चाबुक है

**सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री सूर्यकांत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पास प्रदूषण मिटाने की कोई जादू की छड़ी नहीं है उनके इस बयान को निराशा माना जाये या कमजोरी माना जाये यह विचारणीय है। परन्तु उनके इस बयान से प्रदूषण से पीड़ित लोगों के लिये निराशा हुई है। पिछले लगभग 3 माह से दिल्ली का प्रदूषण नर हत्यारा जैसा बन गया है और पिछले 20-30 दिन से तो दिल्ली के प्रदूषण का मानक 600 और उससे अधिक तक का रहा है। इतना ही नहीं इस प्रदूषण में जो धूल के कण हैं या अन्य जहरीले तत्व कण हैं वे भी लोगों को अगर मार नहीं रहे तो मौत की ओर धकेल रहे हैं।**

**रघु ठाकुर**

अक्टूबर माह में दिवाली के बाद से अभी तक दिल्ली का प्रदूषण धुंध की छाया में है हालाँकि सरकार ने बहुत प्रचार किया था कि दीपावली के बाद पानी का छिड़काव कर प्रदूषण कम करेंगे। जैसा की आमचलन है कि पानी का छिड़काव वीआईपी और भाजपा की सत्ता के आसपास होकर रह गया। सत्ताधीशों और अफसरों के घरों में एयर प्यूरिफाई पहले ही लग चुके हैं। दिल्ली की हालत इतनी बदतर है की दो में से एक व्यक्ति श्वास, कफ, खांसी और बुखार का शिकार है। अस्पतालों में लंबी-लंबी लाईन लगी हैं यहां लोग इलाज की उम्मीद लगा रहे हैं परंतु चिकित्सा सेवाएं और डॉक्टर की भी सीमाएं हैं। अगर एक डॉक्टर के पास 200-300 मरीज पहुंचेंगे तो वह कितनों की जांच कर सकेगा? कितनों को गंभीर रूप से देख सकेगा? यह कोई समझना कठिन नहीं है परंतु सरकारें तो केवल मीडिया के प्रचार पर जिंदा हैं जिन्हें आमजन से कोई लेना-देना नहीं है। मीडिया का काम सरकार के झूठे सपने परोसाना मात्र रह गया है।

दिल्ली के एक वरिष्ठ पत्रकार श्री राहुल देव का एक पीड़ादायक बयान अखबारों में छपा है कि अब दिल्ली आम लोगों के लिए रहने के लायक नहीं है। उन्होंने लिखा है कि मैं 38 साल पहले दिल्ली आया था परंतु अब मैं एनसीआर में रहने की स्थिति में नहीं हूं। अब मैं दिल्ली छोड़कर लाचार होकर लखनऊ जा रहा हूं और अगर लखनऊ में भी प्रदूषण का यही हाल रहा तो मैं गांव चला जाऊंगा।

श्री राहुल देव मेरे प्रिय मित्र हैं, मैं उनका सम्मान करता हूं, परंतु मैं उनके इस निर्णय से सहमत नहीं हूं। मैं उनकी टिप्पणी को अधूरी मानता हूं। श्री राहुल देव गांधीवादी है या नहीं यह मैं नहीं कह सकता परंतु उनकी गांधी के प्रति गहरी आस्था है यह मैं जानता हूं। अच्छा होता कि वह अपनी इस टिप्पणी में गांधी की याद दिलाते। गांधी की बीज पुस्तक हिंद स्वराज्य का जिक्र करते जिसमें महात्मा गांधी ने 1909 में ही हिन्द स्वराज में इस शहरीकरण सभ्यता के खतरों से दुनिया को अवगत कराया था। आज से लगभग 116 साल पहले एक भारतीय यह साहस कर रहा था कि न केवल भारत को बल्कि उस समय की दुनिया और समाज को जो बड़े औद्योगिकरण और शहरीकरण की ओर आकर्षित हो रही थी, को गांधी सावधान कर रहे थे कि यह सभ्यता इंसान की हत्यारी सभ्यता है और वापस गांव की ओर जाने की सलाह दे रहे थे। महात्मा गांधी ने हिंद स्वराज के अध्याय 5 सभ्यता में लिखा था कि पहले लोग खुली हवा में उतना ही काम करते थे जितना उन्हें जरूरी जान पड़ता था। आज हजारों मजदूर अपनी गुजर बसर के लिए इकट्ठे होकर बड़े कारखाने या खदानों में काम करते हैं उनकी दशा जानवरों से भी बतदर हो गई है। पहले लोग मारकर गुलाम बनाए जाते थे आज पैसे और सुख का लालच देकर गुलाम बनाए जाते हैं जो पहले नहीं थे। ऐसे लोग पैदा हो गए हैं और कुछ लोग अनुसंधान करने में लगे हैं की सभ्यता से उत्पन्न इन रोगों को कैसे मिटाया जाए। महात्मा गांधी जी ने तो दूरगामी आवागमन के साधनों के प्रति भी सावधान किया था कि यह कई बीमारियां, महामारियां नई सभ्यता से फैलती हैं आज हम देख रहे हैं कि कई प्रकार के संक्रामक वायरस विदेश से भी भारत पहुंचे हैं। जैसे दिल्ली के संदर्भ में कहा जा रहा है कि अब दिल्ली में कोई अफ्रीकी वायरस आया है जो लगभग लाईलाज है और इस संक्रमण और वायरस के लिए तेज गति से बढ़ाने वाले वाहन और आवागमन जवाबदार हैं। कोरोनाकाल में भी सारी दुनिया ने गांधी को याद किया था जब लोग शहरों को छोड़कर गांव भाग रहे थे और गांवों में जाकर गुजर बसर कर रहे थे। हम इतनी अकृतज्ञ कौम और संतान हो चुके हैं कि अपने महापुरुषों की कही गई सच्चाई और बताये रास्तों का संकट में प्रयोग तो करते हैं परंतु कहने में शर्माते हैं।

दिल्ली के प्रदूषण के पीछे सबसे बड़ा कारण कारें हैं हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद जो अध्ययन हुआ है उसमें पाया गया कि लगभग 56 प्रतिशत प्रदूषण कारखाने का है, 27 प्रतिशत कारों का है और लगभग 7-8 प्रतिशत पराली के धुंये का है। दिल्ली के भीतर जो बड़े-बड़े कारखाने थे, बड़े बड़े कपड़े मिल थीं, वे लगभग या तो बंद हो चुके हैं या दिल्ली के बाहर है। पराली जलाना भी मुख्य रुप से एनसीआर के बाहर ही होता है यानी पंजाब, हरियाणा आदि में, जो दिल्ली से 40-50 या 100-150 किलोमीटर दूर खेतों में होता है। शायद उसके धुंये का थोड़ा बहुत हिस्सा ही दिल्ली पहुंचता होगा।

वह तो वहीं के आसपास खेतों गांव में ही रह जाता है दिल्ली के धुएं का मुख्य कारण कारों का धुंआ है जो निरंतर बढ़ रहा है। दिल्ली में कारों की संख्या प्रतिवर्ष बढ़ रही है। इस वर्ष मारुति सुजुकी ने लगभग 2 लाख कारें बेची और इसी प्रकार टाटा, हुंडई व अन्य कार निर्माताओं की कारों की बिक्री भारी बढ़ी है। दिल्ली की आबादी के आधे के बराबर कारें हो गई हैं। कारों का धुंआ इतना जहरीला होता है कि उसकी कल्पना करना भी कठिन है परंतु हमारा सभ्य समाज, श्रेष्ठी वर्ग और यहां तक की संवैधानिक संस्थाएं भी कारों के प्रदूषण की चर्चा नहीं करती या बहुत कम करती है, क्योंकि अमूमन सब की समझ नई सभ्यता से बनती है। हम उसके अभ्यस्त और नशेड़ी हो चुके हैं। वे अपनी वर्गीय श्रेष्ठता और सुख को कायम रखना चाहते हैं यानी वह ऐसा समाज चाहते हैं कि प्रदूषण तो वे फैलाए पर उससे गरीब मरे। उद्योग जगत और पूंजीवादी तबके के मुनाफे पर कोई रोक न हो और वे स्वयं भर सुरक्षित रहें बकाया देश का जो होना हो सो हो।

वरना सुप्रीम कोर्ट सरकार को सलाह देता कि लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी दशकों से जो सुझाव दे रही है कि एक परिवार अधिकतम एक कार का कानून बने जो वास्तव में समस्या का हल है उसे लागू करने को कहते, परंतु पूंजीवाद के विकास का एक चक्र है जो एक हिस्से की आमदनी बढ़ाता है, उसे फिजूलखर्ची सिखाता है और गैर जरूरी जरुरतों का निर्माण कर अपने मुनाफे के चक्र को चलाता रहता है।

अभी कई ताजा शोध हुए हैं उनकी रिपोर्ट तो और भी भयावह है। कई शोध कार्यों से यह सूचना आई है कि प्रदूषण और संक्रमण यह ऐसे मुकाम पर पहुंच गया है, जहां वह व्यक्ति के डीएनए को भी प्रभावित करने लगा है। यह प्रदूषण अंदर जाकर शरीर की शारीरिक संरचना को विकृत कर रहा है। उसके परिणाम स्वरुप व्यक्ति की अतीत या सैकड़ों साल में निर्मित शारीरिक संरचना को ही बिगाड़ रहा है। अगर डीएनए ही प्रभावित हो गया तो इसके कितने दुष्परिणाम होंगे। व्यक्ति की इम्युनिटी खत्म होगी, रोगों से लड़ने की क्षमता खत्म होगी, दवाओं का प्रभाव शून्य होगा, बीमारियां आनुवांशिक तौर पर आगे जाएंगी और अभी तक व्यक्ति के जन्म अतीत आदि की जिन स्थितियों की जांच अभी डीएनए के माध्यम से हो जाती है वह सब समाप्त हो जाएगी। अभी हाल में ही ब्राजील के बेलेम में काप-30 (कॉप 30) जलवायु सम्मेलन हुआ था और इसमें दुनिया के 194 देशों ने भाग लिया था। परंतु यह सम्मेलन भी कोई निर्णय नहीं कर सका क्योंकि दुनिया और दुनिया की राज सत्तायें तो पूंजीवाद से चल रही है। उनमें से कोई भी देश अपना गैस उत्सर्जन घटाने को तैयार नहीं है। प्रदूषण से मुक्ति और पर्यावरण बचाने को तैयार नहीं है। लगभग 100 साल पहले महात्मा गांधी ने कहा था कि प्रकृति के पास इंसान को देने के लिए सब कुछ है परंतु लालच की पूर्ति के लिए कुछ भी नहीं हैय। आज स्थिति यह है कि दुनिया की हर तीसरी मौत प्रदूषण से हो रही है प्रदूषण के जहरीले धुयें के कारण अन्य प्रकार के प्रभाव भी होते हैं, केवल फेफड़ों में ही नहीं बल्कि शरीर की हर कोशिका में धुयें के कण प्रवेश कर चुके हैं और मानव की मूल संरचना और डीएनए को नष्ट कर रहे हैं। न केवल राजधानी बल्कि देश के अन्य महानगरों के कार्यालयों को भी बंद किया जा रहा है। फिर से कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम में भेजा जा रहा है। स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों के छात्रों को महानगरों में घर से ही ऑनलाइन पढ़ाई के लिए कहा जा रहा है। प्रातः भ्रमण और बगीचों में न जाने की सलाह दी जा रही है। बच्चों को खेल और व्यायाम से रोका जा रहा है। यानी देश की व्यवस्था ने एक प्रकार से हाथ खड़े कर दिए कि अब उनके पास व्यक्ति को गृह बंदी बनाने के अलावा और कोई मार्ग नहीं है। यह बच्चे घरों में रहकर पढ़ेंगे, न खेलेंगे ना व्यायाम करेंगे तो क्या उनका शरीर दिमाग सही ढंग से सुचारू रूप से काम कर सकेगा? जब बच्चे खेलते हैं और व्यायाम करते हैं तो वे शारीरिक और मानसिक रुप मजबूत होते हैं उनके शरीर में आक्सीजन जाती है, सामाजिक समरसता बढ़ती है और दुनिया में जीने के अनुभव भी सीखते हैं। उनके जो सम वयस्क मित्र होते हैं जिनसे संवाद होता है, संवेदनायें जन्म लेती हैं परंतु इस ग्रह बंदी के प्रयोग से क्या ये बच्चे केवल पेट भरने वाले या लाचार बंदी जैसे नहीं बन जाएंगे? क्या हम एक पूरी पीढ़ी को नष्ट नहीं कर रहे ?

श्री राहुल देव जी से अपील है कि वे दिल्ली ना छोड़े और हम सब मिलकर अपनी ताकत देश की व्यवस्था को बदलने और मानवता को बचाने के लिए लगायें। आपके पास लखनऊ में रहने के साधन है, गांव में रहने के साधन होंगे तो क्या जो दिल्ली की 3 करोड़ में से 2 करोड़ की आबादी पेट भरने के लिए लाचार होकर गांव से भाग कर दिल्ली आई है वह कहां वापस जाएगी? जिनके बच्चे गांव में अपने पिता के मनी ऑर्डर पर जिंदा है, वह कैसे जिंदा रहेंगे? राहुल जी आपका दिल्ली छोड़ना मेरी नजरों में पलायन है। मैं चाहता हूं कि आप पलायनवादी ना बने, रण छोड़ दास ना बने बल्कि मुकाबले के लिए खड़े हो।

अध्यात्म

## संत की शिष्य को सीख

अधितर परेशानियां हमारी इच्छाओं की वजह से ही आती हैं। मन में जब भी कोई इच्छा जन्म लेती है, तो उसे पूरा किए बिना मन शांत नहीं होता है। कई बार कड़ी मेहनत के बाद भी इच्छाएं अधूरी रह जाती हैं, तब मन दुख और निराशा से भर जाता है। शास्त्रों में कहा गया है- हमें मुश्किल समय में अत्यधिक दुखी और अच्छे समय में अत्यधिक प्रसन्न होने से बचना चाहिए। जब हम सुख-दुख में समभाव रहना सीख लेते हैं, तब हमारे जीवन में शांति आती है। ये बात एक लोक कथा से समझ सकते हैं।

किसी जंगल में एक आश्रम था, वहां एक गुरु और उनका शिष्य रहते थे। आश्रम में सुविधाएं बहुत कम थीं, गुरु अत्यंत संतुष्ट और प्रसन्न स्वभाव के थे, इसलिए वे हमेशा शांत रहते थे। एक दिन किसी भक्त ने आश्रम में एक गाय दान दी। शिष्य ये देखकर बहुत खुश हुआ। उसने दौड़ते हुए गुरु से कहा कि गुरुदेव, हमें आज एक बड़ी सौगात मिली है। अब हम रोज ताजा दूध पी सकेंगे। गुरु शांत चेहरे से मुस्कुराए और बोले कि अच्छी बात है। ईश्वर ने हमें आज के लिए ये सुविधा दी है, तो हम इसे स्वीकार करेंगे। अब शिष्य उत्साहित था। रोज ताजा दूध मिलने लगा, सेहत भी सुधरने लगी और उसे लगता कि जीवन पहले से बेहतर हो गया है। कुछ दिनों बाद गाय अचानक कहीं चली गई। शिष्य परेशान हो गया, उसे लगने लगा कि जैसे उसकी किसी बड़ी जरूरत को छीन लिया गया हो। वह दुखी होकर गुरु के पास पहुंचा और बोला कि गुरुदेव, आज हमारी गाय कहीं चली गई है, अब हमें ताजा दूध नहीं मिलेगा। गुरु ने शांत स्वर में कहा कि तो क्या हुआ? ये भी अच्छा है। अब हमें रोज गाय के गोबर की सफाई नहीं करनी होगी। हमारा समय बचेगा और हम भक्ति में अधिक समय दे सकेंगे। शिष्य हैरान था, जिस बात से वह दुखी था, गुरु उसी में सकारात्मकता देख रहे थे। शिष्य ने कहा कि लेकिन गुरुजी, अब हमें दूध नहीं मिलेगा। गुरु मुस्कुराए कि बेटा, जो जरूरी है, वह मिलता रहेगा। जो चला गया, वह हमारे लिए आवश्यक नहीं था। जीवन का मूल सूत्र है संतुष्टि। जो है, उसे स्वीकार करो। जो चला जाए, उसे जाने दो। इच्छा जितनी बढ़ाओगे, मन उतना अशांत होगा। शिष्य धीरे-धीरे गुरु की बात समझने लगा। सुख-दुख तो आते-जाते रहते हैं, लेकिन समभाव यानी संतुष्टि ही वह स्थायी अवस्था है, जो मन को शांति देती है। यही कारण है कि जो लोग हर परिस्थिति को स्वीकार करते हैं और जो है, उसी में खुशी ढूंढते हैं, उनके जीवन में तनाव कम और शांति ज्यादा रहती है।

# नई किताबों में संवैधानिक मूल्य का मूल्यांकन भी जरुरी

**भारत का संविधान केवल कानूनों का संग्रह नहीं, बल्कि राष्ट्र के सामूहिक विवेक और लोकतांत्रिक आत्मा का दस्तावेज़ है। इसीलिए संविधान सभा ने इसे आत्मार्पित करने की बात कही है। लेकिन जब बच्चों को संविधान पढ़ाने और समझाने की बात आती है, तो शिक्षा जगत पर यह जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे उसकी प्रस्तुति को सटीक, संतुलित और संदर्भ-समृद्ध बनाएँ। हाल ही में प्रकाशित नई एनसीईआरटी पुस्तकों ने इस बहस को फिर से जन्म दे दिया है कि क्या स्कूलों में पढ़ाई जाने वाली संवैधानिक सामग्री बच्चों को स्पष्ट और सही समझ दे रही है, या अनजाने में एक ऐसे भ्रम का भी निर्माण कर रही है जिसका असर आने वाली पीढ़ियों की नागरिक चेतना पर पड़ सकता है।**

**मनीष जैसल**

नई किताबों को देखने पर पहला प्रभाव यह मिलता है कि संविधान को अधिक सरल और कहानी-प्रधान शैली में प्रस्तुत करने की कोशिश की गई है, जहाँ बच्चे उदाहरणों, घटनाओं और बातचीत के माध्यम से मूल्यों को समझ सकें। यह दृष्टिकोण स्वागतयोग्य है, क्योंकि बच्चों के लिए गहरे कानूनी प्रावधानों को सहज बनाना ही शिक्षण का उद्देश्य होना चाहिए। लेकिन समस्या तब शुरू होती है जब सरलता की तलाश में सटीकता छूटने लगती है, और जब कलात्मक प्रस्तुति तथा सांस्कृतिक प्रतीकवाद बच्चों के मन में संवैधानिक संरचना की जगह लेने लगते हैं।

सबसे अधिक चर्चा उस अध्याय की रही, जिसमें संविधान के लागू होने और स्वीकृत होने की तारीख दोनों ही 26 जनवरी 1950 बताई गई हैं। यह तथ्यात्मक असंगति मामूली लग सकती है, लेकिन कक्षा 7 का विद्यार्थी जब पहली बार संविधान की मूल यात्रा सीखता है, तो ऐसी गलती उसके आधारभूत ज्ञान को ही गलत दिशा में मोड़ सकती है। लोकतंत्र में जहां सूचनाओं की सत्यता ही मूल मूल्य है, वहां पाठ्यपुस्तकों में ऐसी त्रुटियाँ ज्यादा गंभीर हो जाती हैं। किताबों में संविधान की मूल प्रति पर अंकित नंदलाल बोस की चित्रकला को 'संविधान का हिस्सा' बताने जैसी प्रस्तुति ने भी विशेषज्ञों को भी चकित किया है। यह बात सही है कि चित्र संविधान की सांस्कृतिक शोभा है, पर उन्हें संवैधानिक पाठ के अभिन्न अंग की तरह समझाना बच्चों के लिए भ्रमकारी है। इससे यह गलत धारणा बन सकती है कि संविधान की कानूनी सामग्री ही नहीं, बल्कि उसकी कलात्मक सज्जा भी उतनी ही बाध्यकारी है। संविधान सभा ने जानबूझकर दस्तावेज़ के भीतर धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतीकों को स्थान न देकर नागरिक स्वतंत्रता और धर्मनिरपेक्षता को प्राथमिकता दी थी। इसलिए इस तथ्य का कमजोर या उलझा हुआ चित्रण मौलिक गलतफहमी का कारण भविष्य में बन सकता है। इसी तरह प्रस्तावना में 'ईश्वर के नाम पर' जैसी किसी भी पंक्ति को शामिल न करने का निर्णय संविधान सभा का एक ऐतिहासिक और वैचारिक निर्णय था। इस पर लंबी बहस हुई थी, एचवी कामथ के प्रस्ताव को अस्वीकार किया गया था, क्योंकि सदस्यों का मत था कि राज्य और धर्म स्पष्ट अलग रहेंगे। यह चर्चा न केवल संवैधानिक मूल्यों का महत्वपूर्ण अध्याय है, बल्कि धर्मनिरपेक्षता और नागरिक स्वतंत्रता की नींव भी। किंतु नई किताबें इस बहस की गंभीरता और व्यापकता को समुचित स्थान नहीं देतीं। इससे बच्चों के मन में यह धारणा बन सकती है कि संविधान और धर्म के बीच की रेखा स्वाभाविक या अप्रासंगिक है, जबकि यह भारत के आधुनिक लोकतांत्रिक ढांचे की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता है। एक चिंता यह भी है कि संविधान में समय-समय पर हुए संशोधनों को किताबों में असमान रूप से प्रस्तुत किया गया है। 42वाँ संशोधन जिसने प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' जैसे शब्द जोड़े गए हैं, किताब के मुख्य पाठ में अनुपस्थित है, जबकि मौलिक कर्तव्यों वाली धारा 51 को विस्तार से समझाया गया है। जब एक ही संशोधन को दो टुकड़ों में बाँटकर पढ़ाया जाता है, तो बच्चा यह समझ ही नहीं पाता कि संविधान में परिवर्तन किस वैचारिक बहस के बाद हुआ था और इन संशोधनों ने मौलिक ढांचे को कैसे बदला। बच्चा जो पहली बार संविधान से परिचित हो रहा है, उसके लिए किताब की भाषा ही उसका 'संविधान-ज्ञान' बन जाती है। इसलिए मामूली दिखने वाली त्रुटियाँ आगे चलकर नागरिक चेतना में बड़े अंतर पैदा कर सकती हैं।

सवाल यह भी उठता है कि क्या इन नई किताबों में संविधान की आत्मा समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व पर पर्याप्त ध्यान दिया गया है? अध्यायों में अधिकारों और कर्तव्यों के उदाहरण तो दिए गए हैं, लेकिन जटिल लेकिन महत्वपूर्ण विषय जैसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, अल्पसंख्यक अधिकार, और सामाजिक न्याय–अनुपस्थित या कमजोर रूप में उपस्थित हैं। इससे यह खतरा पैदा होता है कि संविधान को एक जीवंत दस्तावेज़ की बजाय केवल नैतिक उपदेशों के सेट की तरह देखा जाने लगे। इन असंगतियों के कारण अभिभावक, शिक्षाविद और संविधान विशेषज्ञ स्वाभाविक रूप से सवाल उठा रहे हैं। क्या हम बच्चों को संविधान का सार सिखा रहे हैं, या उसका एक ऐसा सरलतम संस्करण पेश कर रहे हैं जिससे मूल अर्थ ही धुँधला हो जाए? क्या हम नई पीढ़ी को उस संवैधानिक परंपरा की जटिलता और संघर्ष से परिचित करा पा रहे हैं, जिसने हमारे लोकतंत्र की नींव बनाई? या हम उन्हें एक ऐसे आधे-अधूरे दस्तावेज़ से परिचित करा रहे हैं जो न इतिहास से पूरी तरह जुड़ा है और न ही आधुनिक संवैधानिक विमर्श से?

यही वजह है कि हृष्टश्वत्रञ्ज की नई संविधान-प्रस्तुति पर उठ रहे सवाल केवल शैक्षणिक बहस का हिस्सा नहीं, बल्कि देश के लोकतांत्रिक भविष्य से जुड़े प्रश्न हैं। अगर बच्चे संविधान को गलत, अधूरी या पक्षपातपूर्ण जानकारी के आधार पर समझेंगे, तो भविष्य में वे या तो भ्रमित नागरिक बनेंगे या ऐसे नागरिक जो अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों और अधिकारों को सतही रूप में ही देखेंगे। भारत जैसा विविध और जटिल देश अपने संविधान की सही समझ पर ही टिका हुआ है। इसलिए शिक्षा संस्थानों के लिए यह जरूरी है कि वे संवैधानिक सामग्री को बच्चों के सामने सरल अवश्य रखें, लेकिन इस सरलता की कीमत सटीकता और संतुलन की बलि देकर नहीं चुकाई जाए। बच्चों के मन में जो पहली छवि संविधान की बनती है, वही उनके जीवन भर की नागरिक चेतना को आकार देती है। संविधान की समझ को केवल पाठ्यपुस्तकों के पन्नों तक सीमित नहीं रखा जा सकता। आज राजनीति, समाज और संस्कृति को समझने में सिनेमा और मीडिया की भूमिका उतनी ही प्रभावी है जितनी कक्षा की किताबों की। फिल्मों, डॉक्यूमेंट्रीज़ और टीवी कार्यक्रमों में जिस तरह लोकतंत्र, चुनाव, अधिकारों और नागरिक भागीदारी को चित्रित किया जाता है, वह बच्चों और किशोरों के मन में संविधान की एक वैकल्पिक और अक्सर अधिक प्रभावशाली छवि गढ़ देता है। दुर्भाग्य से कई बार यह छवि या तो अत्यधिक नाटकीय होती है या तथ्यात्मक रूप से कमजोर। अगर हृष्टश्वत्रञ्ज वास्तव में संविधान की समझ को आधुनिक संदर्भों से जोड़ना चाहता है, तो पाठ्यपुस्तकों में यह चर्चा शामिल करना आवश्यक है कि मीडिया किस प्रकार विचारों को आकार देता है और यह भी कि मीडिया की सामग्री हमेशा सत्य, निष्पक्ष या संतुलित नहीं होती। यह जोड़ न केवल बच्चों को संवैधानिक मूल्यों की व्यापकता समझाएगा, बल्कि उन्हें यह भी बताएगा कि लोकतंत्र की रक्षा केवल कानून से नहीं, बल्कि सूचना की सत्यता से भी होती है। इसी क्रम में यह भी आवश्यक है कि हृष्टश्वत्रञ्ज किताबों में मीडिया साक्षरता को स्पष्ट रूप से शामिल किया जाए, विशेषकर वह प्रक्रिया जिसके तहत समाचार बनते, संपादित होते और प्रसारित होते हैं। बच्चे यह समझें कि व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम या यूट्यूब पर मिलने वाली जानकारी बिना सत्यापन के विश्वसनीय नहीं होती। सूचना का स्रोत क्या है, कहानी किस दृष्टिकोण से कही जा रही है, और तथ्य कहां से लिए गए हैं–यह समझ लोकतांत्रिक नागरिकता का उतना ही महत्वपूर्ण हिस्सा है जितना संविधान के अनुच्छेद जानना। किताबों में यदि मीडिया की कार्यप्रणाली, डिजिटल अफवाहों की समस्या, और तथ्य-जांच जैसे विषय शामिल किए जाएँ, तो यह बच्चों को न केवल झूठी खबरों से बचाएगा, बल्कि संविधान में निहित वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तार्किक सोच जैसी मूलभूत शिक्षाओं को भी मजबूत करेगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
व्यापार में बड़ी व स्थायी पार्टनरशिप हो सकती है। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ने वाली है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें।

**वृषभ**
प्रेम सम्बन्धों को लेकर कड़वाहट हो सकती है। सम्पत्ति की खरीदी में परेशानियों का सामना कर पड़ सकता है। छोटी-छोटी बातों पर क्रोध न करें।

**मिथुन**
परिजनों के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। यात्रा के दौरान असुविधा होने की सम्भावना है। इसीलिये आज यदि बहुत आवश्यक न हो तो यात्रा से बचें।

**कर्क**
आज किसी कारणवश दूसरे शहर की यात्रा कर सकते हैं। नजदीकी मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में जोखिम लेना चाह रहे हैं तो दिन अत्यन्त शुभ है।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिये अत्यन्त शुभ रहने वाला है। आप अपने वचनों में नियन्त्रण रखें। भोजन में शुद्धता और पौष्टिकता का ध्यान अवश्य रखें।

**कन्या**
भोग-विलास में आप धन खर्च करेंगे। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है। कारोबार में नया प्रयोग करने के लिये दिन उत्तम है।

**तुला**
आर्थिक स्थिति को लेकर थोड़ा तनाव रहेगा। लेकिन आपको गलत मार्गों का चयन करने से बचना चाहिये। नजदीकी लोग आपकी भावनाओं को ठेस पहुँचा सकते हैं।

**वृश्चिक**
राजनीति से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन विशेष रूप से शुभ है। जोड़ों में दर्द और गठिया से पीड़ित जातकों के स्वास्थ्य में सुधार आयेगा।

**धनु**
व्यावसायिक अनुबन्धों के लिये दिन अत्यन्त शुभ है। मध्यस्थता से कई अटके हुये मामलों का समाधान कर लेंगे। तर्कशक्ति दूसरों की समस्याओं का भी समाधान करने में सहायता करेगी।

**मकर**
अपनी अधूरी इच्छाओं को पूरा करने का अवसर प्राप्त होगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव हो सकता है। दूसरों के साथ अपनी तुलना न करें। धार्मिक कार्यों में आप अत्यधिक रुचि लेंगे।

**कुंभ**
आज अधिक सोच-विचार करने के कारण तनाव में आ सकते हैं। गूढ़ ज्ञान-विज्ञान को लेकर अत्यधिक जिज्ञासु रहने वाले हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें।

**मीन**
व्यवसाय में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। अनेक दिनों से रुका हुआ काम पूरा होने से आपका मन शान्त रहेगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कृषि अनुसंधान परिसर, पटना में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में दिनांक 16 दिसंबर 2025 को स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ स्वच्छता शपथ के साथ किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में डॉ. अनुप दास ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ कार्यस्थल न केवल स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि कार्यक्षमता और सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने सभी कर्मियों से व्यक्तिगत, संस्थागत एवं सामाजिक स्तर पर स्वच्छता अपनाने का आह्वान किया। विदित हो कि यह स्वच्छता पखवाड़ा 31 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान संस्थान एवं इसके अधीनस्थ केंद्रों में विभिन्न गतिविधियाँ जैसे स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, किसान दिवस, कार्यशालाएँ, वृक्षारोपण, सार्वजनिक स्थलों की सफाई, चित्रकला प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा, जिससे स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता को और अधिक सशक्त किया जा सके।



### बंगाली अखाड़ा, बारी पथ में आरोग्य वेलनेस सेन्टर का भव्य उद्घाटन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बंगाली अखाड़ा, बारी पथ में आरोग्य वेलनेस सेन्टर का भव्य उद्घाटन हुआ । सर्वप्रथम पूरे विधिविधान से पूजा अर्चना की गई। इसके बाद विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य, समाजसेवी एवं लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे ने फीता काटकर सेन्टर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डॉ. दूबे ने अपने संबोधन में कहा कि इस सेन्टर के निदेशक डॉ. साजन दूबे हैं। जिन्होंने मुम्बई से एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई की है। इसके अतिरिक्त उन्होंने सेक्सुअल मेडिसिन में सिंगापुर से फेलोशिप भी प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि इस सेन्टर पर मरीजों का ऐलोपैथिक एवं आयुर्वेदिक दोनों पद्धति से इलाज होगा । मरीजों को यहां सभी प्रकार की विश्वस्तरीय सुविधायें मिलेंगी । विदित रहे कि डॉ. साजन दूबे प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य डॉ. सुनील दूबे के सुपुत्र हैं। इस अवसर पर सेन्टर के निदेशक डॉ. साजन दूबे ने कहा कि आरोग्य वेलनेस सेन्टर की स्थापना ऐलोपैथिक एवं आयुर्वेदिक दोनों क्षेत्रों में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य पीड़ित मानवता की सेवा है। इसी सेवा भाव से इस सेन्टर की स्थापना की गयी है। इस अवसर पर डॉ. सुनील दूबे के अतिरिक्त उनकी पत्नी समाजसेविका श्रीमती उषा दूबे, संजय तिवारी, रविरंजन पाण्डेय, रौशन कुमार, धर्मवीर सिंह समेत सैंकड़ो गणमान्य व्यक्ति एवं चिकित्सक मौजूद थे।



### लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322ए के अंतर्गत बालिका आरोग्य शिविर का सफल आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322ए के अंतर्गत रीजन-1 द्वारा रविंद्र बालिका विद्यालय, राजेंद्र नगर में एक बालिका आरोग्य शिबिर का सफल आयोजन किया गया। यह सेवा प्रकल्प रीजन-1 के अंतर्गत कार्यरत आठ लायंस क्लबों के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन रीजन चेयरपर्सन लायन सीमा अग्रवाल, जोन चेयरपर्सन लायन अनुप कुमार एवं जोन चेयरपर्सन लायन समता रॉय के कुशल नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रदीप खेतान की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ लायन रचना खेतान, लायन सविता जालान, लायन संगीता खेतान, लायन सीमा जालान, लायन मेघा सिंह सहित अनेक लायन साथी उपस्थित रहे। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा छात्राओं की स्वास्थ्य जाँच की गई। स्त्री रोग विशेषज्ञों में लायन सरिता सहाय, डॉ. चारु मोदी, डॉ. सिम्पी रानी एवं डॉ. कुमकुम सिन्हा ने विशेष रूप से सेवाएँ प्रदान कीं। स्वास्थ्य शिविर के अंतर्गत एनीमिया जाँच शिविर, आई-विजन चेकअप (विजन टीम द्वारा), स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर जागरूकता सत्र, तथा एनीमिया टीम द्वारा परामर्श एवं जाँच की गई। बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य जाँच भी की गई। जिन छात्राओं में किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या पाई गई, उनके अभिभावकों से संपर्क कर आगे की आवश्यक चिकित्सा प्रक्रिया हेतु सहयोग प्रदान किया जाएगा। यह बालिका आरोग्य शिबिर बालिकाओं के स्वास्थ्य, जागरूकता एवं भविष्य की सुरक्षा की दिशा में एक अत्यंत सराहनीय पहल रहा, जिसकी विद्यालय प्रशासन, अभिभावकों एवं समाज के विभिन्न वर्गों ने प्रशंसा की।




### दानापुर नगर परिषद परिसीमन को लेकर टीम गठित

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद क्षेत्र के परिसीमन को लेकर डीसीएलआर प्रवीण चंदन ने प्रखंड के अधिकारियों के साथ बैठक किया. बैठक में नप परिसीमन को लेकर टीम गठित किया गया है.बीडीओ आलोक कुमार ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर डीसीएलआर ने नप क्षेत्र के परिसीमन को लेकर टीम गठित किया गया है. गठित टीम में बीडीओ आलोक कुमार , प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, मनरेगा पीओ , सीडीपीओ समेत अन्य पदाधिकारी को शामिल किया गया है. उन्होंने बताया कि टीम के पदाधिकारी को परिसीमन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है और कैसे परिसीमन करना है. इसके बारे में बताया गया है.

### अतिक्रमण पर प्रशासन का चला बुलडोजर

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अतिक्रमण पर 14 वें दिन मंगलवार को जिला प्रशासन के निर्देश पर रूपसपुर नहर किनारे बसे अतिक्रमणकारियों पर बुलडोजर चलाया गया. दर्जनों झोपडियों को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया है. अतिक्रमण हटाने के दौरान अतिक्रमणकारियों का विरोध का प्रशासन को करना पडा. रूपसपुर नहर किनारे टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया दंडाधिकारी सह सीओ चंदन कुमार के नेतृत्व में रूपसपुर नहर किनारे अवैध रूप से झोपडियों बना कर बसे हुए लोगों पर अभियान चलाया गया है. परिषद ईओ पंकज कुमार व ईओ (व्यवस्था ) रवि कुमार ने बताया कि नप व नगर निगम के संयुक्त अभियान चलाया गया है. उन्होंने बताया कि पूरे नगर को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जायेगा और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा. यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोबारा अतिक्रमण करने वालों से जुमार्ना वसूला जायेगा. साथ ही कानूनी कारवाई की जायेगी.



### अतिक्रमण पर छावनी प्रशासन का चला बुलडोजर

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 9 वें दिन मंगलवार को अनुमंडल व छावनी परिषद प्रशासन ने आनंद बजार से तुरहा टोली तक सडक के दोनों किनारे अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया. बुलडोजर से नाला पर स्थायी ओटा व अस्थायी अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया है और सडक किनारे झोडियों व गुमटी को भी ध्वस्त किया गया है. अतिक्रमणकारियों का आरोप है कि स्थायी रूप से पक्का अतिक्रमण करने वालों को नोटिस देकर छोड दिया जाता है और पेठिया बाजार में परिषद के परती जमीन पर दबंगों कब्जा कर किराया वसूला जा रहा है. अतिक्रमण के नाम पर गरीब व फुटपाथी दुकानों पर बुलडोजर चलाया जाता है और जुमार्ना वसूला जाने का आरोप लगाया है. दंडाधिकारी सह नप के नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार ने बताया कि जिला व अनुमंडल प्रशासन के निर्देश पर छावनी परिषद क्षेत्र में अभियान चलाकर नाला पर किये गये अतिक्रमण को हटाया जा रहा है. उन्होंने बताया कि अभियान में किसी तरह का भेदभाव नही किया जा रह है. छावनी परिषद प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों से 6 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया है.



# महताब हत्याकांड का पुलिस ने 6 दिनों में किया खुलासा, 6 आरोपी गिरफ्तार

## खाने-पीने के दौरान कब्रिस्तान में ईंट से कुचलकर की गई थी हत्या

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मखदूम साहब मजार के पास हुए युवक महताब आलम की हत्या के मामले का पुलिस ने महज 6 दिनों में सफल उद्भेदन कर लिया है. इस मामले में पुलिस ने कुल 6 लोगों को हिरासत में लिया है, जिनमें 3 वयस्क अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है और 3 नाबालिग किशोरों को निरुद्ध किया गया है. गिरफ्तार बदमाशों ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि देर रात कब्रिस्तान में महताब के साथ खाने-पीने के दौरान विवाद हो गया था, जिसके बाद ईंट और पत्थर से सिर कुचलकर उसकी हत्या कर दी गई थी. इस हत्याकांड के खुलासे की जानकारी पटना स्थित नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी ममता कल्याणी ने दी. उन्होंने बताया कि दिनांक 11.12.2025 को फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के टमटम पड़ाव स्थित कब्रिस्तान के पास से एक युवक का शव बरामद किया गया था. मृतक की पहचान जहानाबाद जिले के निवासी मोहम्मद महताब आलम के रूप में हुई थी. महताब पहले पूरे परिवार के साथ फुलवारी शरीफ के कचहरी मोहल्ला क्षेत्र में रहता था, जहां उसका ननिहाल है. मृतक के परिजनों के लिखित आवेदन के आधार पर फुलवारी शरीफ थाना कांड संख्या 2007/25, दिनांक 11.12.2025, भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था. इसके बाद नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी के निर्देश पर फुलवारी शरीफ थाना अध्यक्ष मोहम्मद गुलाम शाहबाज आलम के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन कर जांच शुरू की गई. अनुसंधान के क्रम में तकनीकी साक्ष्यों और लगातार छापेमारी के आधार पर सबसे पहले आयुष कुमार उर्फ कल्लू को गिरफ्तार किया गया. उसकी स्वीकारोक्ति के आधार पर 2 अन्य अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 3 नाबालिग किशोरों को विधि विरुद्ध पाए जाने पर निरुद्ध कर बाल सुधार गृह भेजा गया. गिरफ्तार अपराधियों में आयुष कुमार उर्फ कल्लू, उम्र 22 वर्ष, पिता संजीव चौधरी, निवासी जोगिया टोला, थाना फुलवारी शरीफ,आलोक कुमार उर्फ गोलू, उम्र 18 वर्ष, पिता छोटू महतो उर्फ राजा महतो, निवासी आदर्शनगर रोड संख्या 2, थाना फुलवारी शरीफ,अक्षय कुमार उर्फ बॉस, पिता सुरेंद्र महतो, निवासी नोनियाटोला वार्ड संख्या 4, टमटम पड़ाव के पास, थाना फुलवारी शरीफ के अलावा निरुद्ध नाबालिग किशोर में सूरज कुमार, उम्र 15 वर्ष, पिता नगीना पासवान, निवासी राष्ट्रीयगंज रामजानकी मंदिर के पीछे, थाना फुलवारी शरीफ, अंकुश कुमार, उम्र 15 वर्ष, पिता दिनेश पासवान, निवासी सतगलिया संगत, थाना फुलवारी शरीफ,मोहम्मद शैफ उर्फ टाइगर, उम्र 14 वर्ष, पिता मोहम्मद शाहिद, निवासी संगी मस्जिद लाल मियां की दरगाह के पास, थाना फुलवारी शरीफ शामिल हैं.पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों की भूमिका हत्या की घटना में स्पष्ट रूप से सामने आई है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है. जानकारी के अनुसार मोहम्मद महताब आलम जहानाबाद जिले का रहने वाला था और वह अपनी मां के साथ इलाज और मन्नत के उद्देश्य से फुलवारी शरीफ के टमटम पड़ाव स्थित मखदूम साहब की मजार पर आया था. बताया गया कि महताब आलम पहले कचहरी मोहल्ला क्षेत्र में अपनी ननिहाल के पास रहता था, लेकिन करीब 2 वर्ष पहले पूरे परिवार के साथ जहानाबाद जाकर बस गया था. मजार पर आने के बाद उसकी यहां के पुराने कुछ साथियों से मुलाकात हुई. इसी दौरान उसने अपनी मां से कहा कि आप घर चली जाइए, वह रात में कहीं रुक जाएगा और सुबह वापस आ जाएगा. अगले दिन सुबह मखदूम साहब मजार के पास पानी भरे एक गड्ढे से महताब आलम का शव बरामद किया गया. घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी, जिसके बाद पुलिस ने गंभीरता से जांच करते हुए पूरे हत्याकांड का खुलासा महज छः दिनों में कर दिया.



## दानापुर में सड़क निर्माण को लेकर शिवाला चौक से कन्हौली तक सात माह आवागमन बंद रहेगा

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिवला चौक से कन्हौली तक एनएचएआई द्वारा सडक निर्माण कार्य को लेकर 18 दिसंबर से 15 जुलाई 26 तक इस मार्ग पर वाहन का परिचालन बंद रहेगा. एसडीओ दिव्या शक्ति ने बताया कि शिवाला चौक से कन्हौली के बीच स्थित शैक्षणिक संस्थानों के मद्देनजर सीमित समय के लिए वाहनों के परिचालन करने की अनुमति दी गई है. उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर सुबह में 7.30 बजे 8.30 बजे तक और दोपहर में 2 बजे से 3 बजे तक वाहनों का परिचालनों किया जायेगा. उन्होंने बताया कि भविष्य में शैक्षणिक संस्थानों के समय परिवर्तन के उपरांत शैक्षणिक संस्थानों से संबंधित वाहनों के आवागमन के समयावाधि में परिवर्तन संभव है. एसडीओ ने बताया कि सडक निर्माण कायार्वाधि तक आरा (भोजपुर) से पटना के बीच वाहनों के यातायात सुचारू रखने के लिए अनुमंडल प्रशासन ने वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया गया है. उन्होंने बताया कि आरा ,बिहटा चौक, मनेर होते हुए दानापुर कैंट पटना, आरा, बिहटा चौक, मनेर , शेरपुर, छितनावां, उसरी बाजार शिवाला होते हुए पटना , आरा ,बिहटा चौक, कन्हौली (सरमेरा मोड), नौबतपुर , एम्स चौराहा होते हुए पटना और आरा ,बिहटा चौक, कन्हौली (सरमेरा मोड), नौबतपुर बाजार होते हुए शिवाला पटना वाहनों का परिचालन किया जायेगा. उन्होंने बताया कि शिवाला चौक से कन्हौली के बीच रहने वाले लोगों के लिए छोटे वाहनों के आवागमन के लिए उपलब्ध वैकल्पिक मार्ग नीले रंग से मानचित्र में दशार्या गया है.

## अतिक्रमण पर कड़ा प्रहार, माइकिंग से दी प्रशासन ने अंतिम मोहलत

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त तेवर दिखाते हुए माइकिंग के जरिए लोगों को अंतिम चेतावनी दी है। प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि नालियों के ऊपर, सड़क किनारे तथा अन्य सभी सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अतिक्रमण को लोग निर्धारित समय सीमा के भीतर, यानी कल तक स्वयं हटा लें। प्रशासन ने दो टूक कहा है कि तय समय के बाद यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो बिना किसी अतिरिक्त सूचना के प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए उसे बलपूर्वक हटाया जाएगा। इस दौरान अतिक्रमण हटाने में जो भी खर्च आएगा, उसकी वसूली सीधे संबंधित अतिक्रमणकारी से की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार यह कदम शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने, जलनिकासी की समस्या से निजात दिलाने और आम नागरिकों को होने वाली परेशानियों को दूर करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

## गांधी मैदान के दिन बहुरे, नगर परिषद ने कराई साफ सफाई एवं मिटटी भराई

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** काफी लंबे अरसे बाद नगर परिषद की निद्रा टूट गई है, गांधी मैदान के आसपास रहने वाले लोगों और साथ ही मॉर्निंग वॉकर एवं खेलकूद में काफी दिनों से कठिनाइयों का सामना कर रहे लोगों को राहत मिली है। नगर परिषद अध्यक्ष विद्याधर विनोद सिंह ने अपनी देखरेख में पूरे गांधी मैदान की साफ सफाई के साथ ही मिट्टी बराबर भराई का कार्य कराया। बताते चले कि मनेर के गांधी मैदान में लगभग एक से डेढ़ फीट बारिश का पानी बीते कई महीनो से लगा था जिस कारण से आसपास के लोगों का रहने वाले घरों में सीलन तो वही रही थी मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया था कई जगह पानी के बदबू होने से लोगों में बीमारियों का डर भी सता रहा था। महाराज नगर में आने जाने के लिए लोगों को भी परेशानी हो रही थी,पानी सूखने के बाद भूमि ऊबड़खाबड़ हो गई थी नगर परिषद के कर्मियों ने जेसीबी के माध्यम से बराबर किया एवं मिट्टी भराई की। सुबह में स्वास्थ्य को लेकर मॉर्निंग वाक करने वाले व बिभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए शारिरिक तैयारियां करने वाले युवाओं को भी जान जोखिम में डालकर राजमार्ग पर दौड़ लगानी पड़ रही थी। हालांकि लंबा अरसा बीत जाने के बाद गांधी मैदान की साफ सफाई अभियान चलाया गया। जिससे लोगों में खुशी है। मौके पर पार्षद अखिलेश यादव, प्रतिनिधि रणवीर सिंह यादव, एनजीओ के संजय कुमार, सफाई निरीक्षक इमरान हुसैन, सुधीर कुमार, प्रधान लिपिक मुकेश कुमार, जीतू यादव आदि मौजूद थे।



## साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, चार आरोपी गिरफ्तार, 13 मोबाइल बरामद

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी पटना के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का पदार्फाश करते हुए 4 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपी किराए के मकान में रहकर लॉटरी और अन्य ऑनलाइन माध्यमों से देशभर के लोगों को ठगी का शिकार बना रहे थे. इस पूरे मामले की जानकारी नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी परिचय कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान दी. उन्होंने बताया कि रामकृष्ण नगर थाना अंतर्गत शिवनगर जक्खियारपुर इलाके में एक किराए के मकान से साइबर ठगी का संचालन किए जाने की गुप्त सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में छापेमारी की गई, जहां से 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. छापेमारी के दौरान पुलिस ने 13 मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनका उपयोग साइबर ठगी के लिए किया जा रहा था. पुलिस के अनुसार आरोपी ईमेल, व्हाट्सएप और टेक्स्ट मैसेज के माध्यम से लोगों से संपर्क कर लॉटरी और अन्य झांसे देकर यूपीआई और बैंक खातों में अवैध रूप से पैसा मंगवाते थे. प्रारंभिक जांच में लाखों रुपये के लेनदेन के साक्ष्य मिले हैं, हालांकि सटीक राशि की जांच की जा रही है. गिरफ्तार आरोपियों में चिंटू कुमार, निवासी नालंदा जिला, रबिन, निवासी बेंगलुरु कर्नाटक, मधुसूदन रेड्डी, निवासी नारायणपेट जिला कर्नाटक और गोविंद राज शामिल हैं. पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में 3 कर्नाटक के और 1 बिहार का रहने वाला है. नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ने बताया कि इस गिरोह का मास्टरमाइंड अभी फरार है, जिसने मकान किराए पर लिया था. उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है. पुलिस को आशंका है कि यह गिरोह पैन इंडिया स्तर पर साइबर ठगी को अंजाम दे रहा था और बिहार के साथ-साथ अन्य राज्यों के लोगों को भी निशाना बना रहा था. पुलिस सभी आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी ताकि नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों, खातों और तकनीकी पहलुओं की जानकारी जुटाई जा सके.



## ईख पदाधिकारी ने किया सुगौली चीनी मिल गेट का निरीक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुगौली चीनी मील के गेट का निरीक्षण के दौरान गन्ना लेकर आए किसानों से सीधा संवाद स्थापित किया गया ' तथा उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। पदाधिकारी द्वारा किसानों को आश्वस्त किया गया कि उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्र एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। निरीक्षण के क्रम में चीनी मिल प्रबंधन के साथ भी विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा के दौरान चालान निर्गत करने में आ रही समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया गया एवं निर्देश दिया गया कि चालान निर्गत प्रक्रिया में उत्पन्न सभी तकनीकी अथवा प्रशासनिक बाधाओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त, वर्तमान जाड़े के मौसम को ध्यान में रखते हुए चीनी मिल परिसर में किसानों के लिए समुचित व्यवस्था करना अनिवार्य बताया गया। इसमें बैठने की व्यवस्था, पेयजल, अलाव/ताप की व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए, जिससे गन्ना आपूर्ति हेतु आने वाले किसानों को राहत मिल सके। ईख पदाधिकारी द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि किसानों की सुविधा एवं हितों की रक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।



## दानापुर में छह प्याउ केंद्र का शुभारंभ

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छावनी परिषद क्षेत्र में छह स्थानों पर प्याऊ केंद्र का शुभारंभ किया गया है. मंगलवार को परिषद के मुख्य अधिशासी पदाधिकारी सपन कुमार ने बस पडाव, बलदेव स्कूल,पेठिया बाजार ,पोस्ट ऑफिस के पास , आनंद बाजार में किया गया है. उन्होंने बताया कि आम लोगों को शुद्ध पेयजल के लिए इधर -उधर भटकना पडता था. जिसको देखते हुए प्याऊ केंद्र का शुभारंभ किया गया है.

## दानापुर छावनी परिषद ने 28 दुकानों का किया आवंटन

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छावनी परिषद ने वेडिंग जोन के तहत 28 दुकानों को सर्वे के अनुसार आवंटन किया गया है. परिषद के सीईओ सपन कुमार ने बताया कि बस पडाव पर वेडिंग जोन के तहत 28 दुकानों को सर्वे में नाम अपने पर दुकान का आवंटन किया गया है. उन्होंने बताया कि परिषद क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त व स्वच्छ बनाने के लिए वेडिंग जोन के तहत 110 दुकनों को आवंटन किया जायेगा. दुकानों में सौर उर्जा से विद्युत आपूर्ति मुहैया कराया जायेगा.

## दानापुर में लाल कोठी स्कूल रोड में नाले का गंदा पानी सडक पर बह रहा

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छावनी परिषद प्रशासन नाला पर किये गये अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया जा रहा है. वही लाल कोठी स्कूल रोड में नाला जाम होने से सडकों पर नाले के गंदे पानी बहने से स्कूली बच्चों समेत आम लोगों को भारी परेशानी झेलना पड रहा है. स्थानीय लोगों ने बताया कि वर्षो पूर्व जल निकासी के लिए बडे नाला था ,परंतु छोटा नाला निर्माण कराये जाने से जल निकासी समुचित ढंग से नही होता है और शनिचरा स्थान नाला जाम रहने से जल निकासी अवरूद्ध हो गया है. जिससे आये दिनों सडकों पर नाले के गंदे पानी बहते है. इसके बाद भी छावनी परिषद प्रशासन चुप्पी साधे हुए है. सफाई निरीक्षक मो फिरोज ने बताया कि जाम नाले का सफाई कराया जा रहा है और नाले में किये गये अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जायेगा.



## संजय सरावगी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। दरभंगा सदर के विधायक संजय सरावगी को बिहार भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर बनकटवा प्रखंड के भाजपा कार्यकताओं ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए शीर्ष नेतृत्व के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। पूर्व जिला प्रभारी वरुण सिंह ने बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि इनके प्रदेश अध्यक्षीय कार्यकाल में भी बिहार में पार्टी को मजबूती मिलेगा तथा संगठन सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। हर्ष व्यक्त करने वालों में पूर्व प्रमुख गणेश यादव, किसान मोर्चा अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, श्याम सुंदर श्रीवास्तव, प्रमोद कुशवाहा, सुबोध यादव, अवधेश सिंह, छोटेलाल यादव, सुभाष साह, गगन देव पंडित, रमेश शाह, धर्मेंद्र सिंह, अखिलेश मिश्रा, गजेंद्र राम, बलिराम तिवारी, शिवचंद्र पासवान, मुन्ना साह, धर्मेंद्र यादव, रामशब्द कुशवाहा, नागा साह, पवन चौधरी, ललन चौधरी, बबलू श्रीवास्तव, शिवचंद्र शर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।



## मारपीट मामले मे एक अभियुक्त गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जीतना थाना क्षेत्र के बनकटवा गांव से पुलिस ने छापामारी कर मारपीट मामले के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेज दियोपकड़ा गया अभियुक्त विनोद साह पिता नथुनी शाह को पुलिस ने उसके घर पर छापेमारी कर गिरफ्तार कियोइसके विरुद्ध मारपीट मामले के जानलेवा हमला करने का आरोप था, जिसके बाद से यह फरार चल रहा थो इस कांड में एक दूसरा अभियुक्त भी जेल जा चूका है इस छापेमारी अभियान में एसआई शिवजी पासवान एवं कई अन्य पुलिस जवान शामिल थे। उक्त बात की जानकारी जीतना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने दी है।

# दानापुरः नाले का ढक्कन टूटने से आए दिन होती है दुर्घटना









**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 38 में आरपीएस मोड स्थित आर्य समाज मंदिर से नया टोला कृष्ण गोशाला तक आधा दर्जन से ज्यादा नाला के ढक्कन टूटने से जानलेवा साबित हो रहा है. आये दिन दुर्घटना घट रही है. इस मार्ग से स्कूली बस व स्कूली बच्चों टूटे नाला के ढक्कन में गिरने का हर समय डर बना रहता है. स्थानीय लोगों ने बताया कि करीब डेढ साल पूर्व बुडको द्वारा करीब एक करोड की लगात से नया टोला कृष्ण गोशाला से लेकर आर्य समाज मंदिर आरपीएस मोड तक पीसीसी सडक और आरसीसी नाला का निर्माण कराया गया था. परंतु नाले के ढक्कन कमजोर होने के कारण आधा दर्जन से अधिकांश ढक्कन टूटे गये है. इस मार्ग से स्कूल बस समेत स्कूली बच्चों पैदल आते जाते है. जिससे नाला के टूटे हुए ढक्कन में गिरकर जख्मी होने का डर बना रहता है. स्थानीय लोगों ने बताया कि नाला के ढक्कन टूटे रहने के कारण प्रत्येक दिन दुर्घटना हो रही है.जिसको लेकर मोहल्ले के लोगों ने इसकी शिकायत नगर परिषद के अधिकारी , पार्षद समेत अन्य विभाग से भी किये जाने के बाद भी टूटे हुए नाला के ढक्कन मरम्मत करने का कोई उचित पहल नही किया गया है. स्थानीय लोगों द्वारा बार बार शिकायत किये जाने के बाद भी इसका समाधान तक नहीं किया जा रहा है. स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सड़क काफी व्यस्त रहती है. सड़क पर बने नाले का ढ़क्कन टूटना यहां की नियति बन गयी है. कई बार लोगों ने खुद के पैसे से ढ़क्कन मरम्मत कराने तक का काम किया है. एक ढ़क्कन ठीक हुआ नहीं कि दूसरा टूट रहा है. जिससे लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं. इसके बावजूद भी नगर परिषद प्रशासन की आंख नहीं खुल रही है. जिसका खामियाजा स्थानीय लोग सहित इस रास्ते चलने वाले लोगों को उठाना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण नाला निर्माण नहीं होने से समस्या गंभीर बन गयी है.परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि टूटे हुए नाला के ढक्कन जल्द मरम्मत कराया जायेगा. उन्होंने बताया कि बुडको द्वारा अंदर ग्राउंड आरसीसी नाला व पीसीसी सडक का निर्माण कराया गया था.

## 18 दिसम्बर को जॉब कैम्प सह कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का होगा आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चम्पारण जिला नियोजनालय के कैंपस में 18.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे एक दिवसीय जॉब कैंप-सह-कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब कैम्प में आदि चित्रगुप्त फाइनेंस लिमिटेड द्वारा भाग लिया जाएगा ' और अभ्यर्थियों का चयन ग्राहक मित्र पद के लिए किया जाएगा। विभिन्न पदों के लिए योग्यता 12 वीं पास एवं बाइक और ड्राइविंग लाइसेंस आवश्यक है, उम्र पुरुष 18-30 वर्ष निर्धारित है। जॉब का कार्यस्थल नजदीकी 50 से 100 डट में होगा और मानदेय 11000 से 16000 उळउ प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। साथ ही साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाएगी।

# एकमा बाजार में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान, बदला बाजार व सड़क का स्वरूप

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व घोषित तिथि व कार्रवाई के तहत नगर पंचायत एकमा बाजार क्षेत्र में वर्षों से बाजार की पहचान बने अतिक्रमण पर नगर पंचायत व प्रखंड सह अंचल प्रशासन ने पुलिस बल के सहयोग से सख्त रुख अपनाते हुए विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरूआत की। यह अभियान मंगलवार से प्रारंभ हुआ है, जिसे अगले कुछ दिनों में पूर्ण रूप से संपन्न करने का लक्ष्य रखा गया है। पहले दिन ब्लॉक रोड, स्टेशन रोड व परसागढ़ मोड़ पर सरकारी रास्तों, गलियों व नालों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने का कार्य शुरू कराया गया। इस अभियान में नगर पंचायत एकमा बाजार के कार्यपालक



पदाधिकारी रमण राज, जेई लालू कुमार, एकमा बीडीओ डॉ अरुण कुमार, अंचलाधिकारी अमलेश कुमार, राजस्व पदाधिकारी रामप्रवेश साहू, थानाध्यक्ष ध्रुव प्रसाद सिंह, राजस्व कर्मचारी प्रमोद कुमार सिंह, अमीन संजीत कुमार, विभा कुमारी, सरोज कुमार, नपं कर्मी कमल किशोर, प्रवीण कुमार शर्मा के साथ एकमा थाना व छपरा मुख्यालय से आयी अतिरिक्त पुलिस बल के साथ-साथ नगर पंचायत, प्रखंड व अंचल कार्यालय के कर्मी भी शामिल रहे।

# इंडो-नेपाल बॉर्डर रोड पर सख्त कार्रवाई

## एक ही दिन में चार अलग-अलग स्थलों पर चला बुलडोजर

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंचल घोड़ासहन अंतर्गत आज दिनांक 16 दिसंबर 2025 को इंडो-नेपाल बॉर्डर रोड क्षेत्र में अतिक्रमण के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया गया। एक ही दिन में चार अलग-अलग स्थलों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई, जिससे लंबे समय से बाधित मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य इंडो-नेपाल बॉर्डर रोड से संबंधित विकास योजनाओं को निर्बाध एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करना है।

### कोरैया ग्राम में विरोध के बीच कार्रवाई

कार्रवाई की शुरूआत कोरैया ग्राम से की गई, जहां सड़क पर बने दो अवैध ढांचों को ध्वस्त किया गया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा कड़ा विरोध किया गया, परंतु प्रशासन द्वारा स्थिति को नियंत्रित रखते हुए नियमानुसार कार्रवाई पूरी की गई। मौके पर स्थानीय



सरपंच, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इसी क्षेत्र में सड़क पर अवस्थित अन्य कुछ संरचनाओं के संबंध में स्थानीय लोगों द्वारा यह निवेदन किया गया कि वे स्वयं अतिक्रमण हटा लेंगे ताकि निर्माण सामग्री सुरक्षित की जा सके। प्रशासन द्वारा मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए शेष संरचनाओं को पांच दिनों की मोहलत प्रदान की गई।

### झरोखर और बड़ोखर ग्राम में बुलडोजर एक्शन

इसके पश्चात झरोखर ग्राम में कार्रवाई की गई, जहां पहले से बने पक्के मकान इंडो-नेपाल बॉर्डर रोड के निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे थे। नियमानुसार कार्रवाई करते हुए इन अवैध संरचनाओं को हटाया गया। इसके बाद बड़ोखर ग्राम में भी सड़क किनारे स्थित तीन झोपड़ियों एवं तीन मकानों को ध्वस्त किया गया, जिससे उक्त मार्ग को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया।

### श्रीपुर में सुलह के माध्यम से समाधान

इसके अतिरिक्त श्रीपुर ग्राम में आवेदक रवि रंजन द्वारा हीरा पासवान के मकान से संबंधित अतिक्रमण का मामला सामने आया। दोनों पक्षों के बीच विवाद एवं सामाजिक संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन की पहल पर आपसी सुलह-समझौते का मार्ग प्रशस्त किया गया। फलस्वरूप किसी भी प्रकार का ढांचा ध्वस्त नहीं किया गया तथा दोनों पक्षों द्वारा स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर रास्ता उपलब्ध कराने पर सहमति व्यक्त की गई।

# बेतिया में टेंडर माफिया का खुला खेल, विकास कार्यों पर असर

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम चंपारण जिले में टेंडर माफिया सक्रिय हो गये है, जो विकास परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया में हेरफेर कर रहा है। यह गिरोह बिना किसी स्पष्ट हस्तक्षेप के स्थानीय ठेकेदारों को धमकाकर अपनी मर्जी से टेंडर मैनेज कर रहा हैं, जिससे जिले के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पिछले कुछ वर्षो में इस सिंडिकेट से जुड़ी टेंडर वार के कारण कई खूनी संघर्ष भी हो चुके हैं, जिसमें दो लोगों की जान चली गई और कई अन्य पर जानलेवा हमले हुए हैं। पुलिस ने इस गिरोह के खिलाफ जांच तेज कर दी है, लेकिन जांच में बड़ी मुश्किलें आ रही हैं क्योंकि प्रभावित लोग डर के मारे सामने नहीं आ रहे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विवेक कुमार दीप के

### सिंडिकेट के खिलाफ प्रशासन की जांच तेज, लेकिन गवाहों में डर

अनुसार, इस गिरोह ने टेंडर मैनेज कर अकूत संपत्ति अर्जित की है। ठेकेदारों का आरोप है कि यह सिंडिकेट टेंडर में हेरफेर करता है और अधिकारियों पर दबाव डालकर फाइलों को मैनेज करता है। अगर कोई विरोध करता है, तो उसे धमकियां मिलती हैं या टेंडर से बाहर कर दिया जाता है।कई विभागीय अधिकारी भी इस माफिया के सामने बेबस हैं, और कहा जा रहा है कि गिरोह को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। इस स्थिति से निजात पाने के लिए प्रशासन को और सख्त कदम उठाने होंगे।


**बिहार सरकार**

**उत्पाद न्यायालय, वरीय उप समाहर्त्ता –सह–पीठासीन पदाधिकारी, औरंगाबाद।**
**(मद्यनिषेध कोर्ट–6)**

**अति आवश्यक सूचना**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा निम्नलिखित वादों में वाहन मालिकों/भूमि मालिकों/संबंधितों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम, 2018 के अन्तर्गत पुलिस/उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में आपके वाहन/भूमि/सामग्री को जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है।

ज्ञातव्य हो कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधन) नियमावली 2022 के नियम 12(क) के तहत वाहन स्वामी से प्रपत्र IV में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति/वाहन के भुगतान पर जप्त वाहन एवं नियम 12(ख) के तहत भू–स्वामी से प्रपत्र V में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति के भुगतान पर जप्त/सील परिसर को छोड़ने का प्रावधान है।

उत्पाद अधिहरण वाद में सुनवाई की तिथि– **19.12.2025** को निर्धारित की गयी है।

**अधिहरण हेतु वाहन/भूमि की सूची निम्न प्रकार है :–**

| क्र0 सं0 | उत्पाद वाद सं0 | वाहन /भूमि मालिक का नाम एवं पता | थाना/उत्पाद थाना कांड संख्या | वाहन/भूमि का विवरण | सुनवाई की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 24/25 | नाम :– मंचल कुमारी<br>पिता :– विशेश्वर यादव,<br>ग्राम+पो0 :– दउदमा,<br>थाना :– आंति<br>जिला :– गया (बिहार)<br>पिन नं0:– 824116 | गोह थाना काण्ड सं0 331/22 दिनांक– 17.11.2022 | हिरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल निबंधन सं0– BR-26Q-8781, चेचिस नं0– MBLHAW016KHC13280, इंजन नं0– HA10ACKHC50075 | 19.12.2025 |
| 02 | 40/25 | गुमनाम | उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड सं0 22/25 दिनांक– 19.01.2025 | साइकिल | 19.12.2025 |
| 03 | 26/25 | नाम :– गौतम कुमार<br>पिता :– मिथिलेश सिंह,<br>ग्राम+पो0 :– अंगराही,<br>थाना :– दाउदनगर<br>जिला :– औरंगाबाद (बिहार)<br>पिन नं0:– 824115 | उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड सं0 429/24 दिनांक– 23.12.2024 | हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाइकिल निबंधन सं0– BR-26V-4196, चेचिस नं0– MBLHAW129NHB01052 , इंजन नं0– HA11EYNHB00528 | 19.12.2025 |
| 04 | 25/25 | नाम :– राजूनन्दन कुमार<br>पिता :– सत्येन्द्र पासवान,<br>ग्राम :– टंडई, पो0 :– भरौधा<br>थाना :– गुरूआ<br>जिला :– गया (बिहार)<br>पिन नं0:– 824208 | कासमा थाना काण्ड सं0 150/24 दिनांक– 02.09.2024 | हिरो ग्लैमर मोटरसाइकिल निबंधन सं0– BR-02Ak-9416, चेचिस नं0– MBLJAR024JGD55577, इंजन नं0– JA06ERJGD66659 | 19.12.2025 |
| 05 | 50/25 | नाम :– पिन्टु चौधरी<br>पिता :– कामेश्वर चौधरी,<br>ग्राम :– वाशिलपुर,<br>पो0+थाना :– अरवल,<br>जिला :– अरवल (बिहार)<br>पिन नं0:– 824401 | उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड सं0 38/25 दिनांक– 31.01.2025 | बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल निबंधन सं0– BR-56B-7821, चेचिस नं0– MD2A76AY1JRH33451, इंजन सं0– PFYRJH36934 | 19.12.2025 |
| 06 | 42/25 | नाम :– पंकज कुमार<br>पिता :– सचित यादव,<br>ग्राम :– घेजना,<br>थाना :– गोह,<br>जिला :– औरंगाबाद (बिहार)<br>पिन नं0:– 821312 | उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड सं0 93/25 दिनांक– 23.01.2025 | हिरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल निबंधन सं0– BR-26D-9153, चेचिस नं0– MBLHA10BJFHD58801 इंजन सं0– HA10ETFHD58801 | 19.12.2025 |
| 07 | 43/25 | नाम :– अनील मेहता<br>पिता :– कपिदेव प्रसाद मेहता,<br>ग्राम :– बैरिया,<br>थाना :– माली,<br>जिला :– औरंगाबाद (बिहार)<br>पिन नं0– 824102 | उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड सं0 91/25 दिनांक– 23.01.2025 | बजाज पल्सर मोटरसाइकिल निबंधन सं0– BR-26L-1555, चेचिस नं0– MD2A11CZ1GRH10254 इंजन सं0– DHZRGH60611 | 19.12.2025 |
| 08 | 38/25 | नाम :– रंजीत कुमार<br>पिता :– जुदागीर प्रजापत,<br>ग्राम :– संसा,<br>थाना :– दाउदनगर,<br>जिला :– औरंगाबाद (बिहार)<br>पिन नं0– 824143 | उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड सं0 397/24 दिनांक– 28.11.2024 | हिरो स्पलेण्डर प्लस निबंधन सं0– BR-26N-4563, चेचिस नं0– MBLHAR075J4C06316, इंजन सं0– HA10AGJ4C11051 | 19.12.2025 |
| 09 | 46/25 | नाम :– सत्यनारायण मेहता<br>पिता :– स्व0 राजू महतो,<br>ग्राम :– रूकुंडी,,<br>थाना :– बंदेया, गोह,<br>जिला :– औरंगाबाद (बिहार)<br>पिन नं0– 824203 | कासमा थाना औरंगाबाद काण्ड सं0 10/25 दिनांक– 23.01.2025 | हिरो स्पलेण्डर प्रो मोटरसाइकिल निबंधन सं0– BR-26J-0957, चेचिस नं0– MBLHA10BFFHE41279 इंजन सं0– HA10ERFHE60041 | 19.12.2025 |
| 10 | 34/25 | नाम :– सोलया पपनम<br>पिता :– मुथुज,<br>ग्राम :– अज्ञात,<br>थाना :– अज्ञात,<br>जिला :– अज्ञात<br>पिन नं0– 801102 | उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड सं0 404/24 दिनांक– 01.12.2024 | हिरो होण्डा स्पलेण्डर प्रो मोटरसाइकिल निबंधन सं0– TN-09BJ-4484, चेचिस नं0– MBLHA10ADBHD00958 इंजन सं0– HA10EHBHD01135 | 19.12.2025 |
| 11 | 61/25 | नाम.– विजय बहादुर सिंह<br>पिता – राम नारायण सिंह,<br>ग्राम – बनरसिया,<br>थाना– सासाराम,<br>जिला– रोहतास (बिहार)<br>पिन नं0– 824113 | उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड सं0 129/25 दिनांक– 14.04.2024 | Ape Extra Dlx Tempu निबंधन सं0– BR-45P-3890, चेचिस नं0– MBX0003BFVC619835, इंजन सं0– R8C2953990 | 19.12.2025 |
| 12 | 65/25 | नाम.– ओम प्रकाश कुमार<br>पिता – श्याम सुन्दर सिंह,<br>ग्राम :– बलखोरा, पो0–नीमा,<br>थाना :– आमस,<br>जिला :– गया (बिहार)<br>पिन नं0– 824202 | नगर थाना औरंगबाद काण्ड सं0 481/24 दिनांक– 06.07.2024 | पियागो टेम्पु निबंधन सं0– BR- 02T-6440, चेचिस नं0– ZFRD683826, चेचिस नं0– R3C2308070 | 19.12.2025 |
| 13 | 67/25 | गुमनाम | उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड सं0 120/25 दिनांक– 07.04.2025 | मारूति सुजुकी कार इंजन सं0– F10DN4167681, चेचिस सं0–MA3EED81 S00344113*H5, | 19.12.2025 |
| 14 | 55/25 | नाम.– प्रमोद कुमार<br>पिता – महेन्द्र साव,<br>पता :– तेली टोला, दाउदनगर,<br>थाना :– दाउदनगर<br>जिला :– औरंगाबाद (बिहार)<br>पिन नं0 :– 824143 | कासमा थाना काण्ड सं0 230/24 दिनांक– 29.12.2024 | सुजुकी मोटरसाइकिल निबंधन सं0– BR-24k-4334, चेचिस नं0– MB8NF4BCF8189447 इंजन नं0– F479293110 | 19.12.2025 |
| 15 | 70/25 | नाम :– शिव मूरत कुमार<br>पिता :– श्याम बिहारी राम,<br>ग्राम :– नावाडीह,<br>पो0 :– गम्हरिया,<br>थाना :– अकोरीगोला<br>जिला :– रोहतास (बिहार)<br>पिन नं0– 821301 | उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड सं0 196/25 दिनांक– 06.06.2025 | बजाज पल्सर मोटरसाइकिल निबंधन सं0– BR-24Y-5068, इंजन नं0– DHYRJJ85108, चेचिस नं0– MD2A11CY9JRJ17141 | 19.12.2025 |
| 16 | 73/25 | नाम :– गुलाम हैदर<br>पिता :– जबीर अली,<br>पता :– वार्ड नं0–23,<br>पो0 :– औरंगाबाद,<br>थाना :– औरंगाबाद<br>जिला :– औरंगाबाद (बिहार)<br>पिन नं0– 824101 | उत्पाद थाना औरंगाबाद काण्ड सं0 522/25 दिनांक– 15.05.2025 | स्कूटी निबंधन सं0– BR-26Q-2941, इंजन नं0– E3Y4E0170193, चेचिस नं0– ME1SED198J0121087 | 19.12.2025 |
| 17 | 94/25 | नाम :– देवनाथ राम<br>पिता :– सुरज राम,<br>ग्राम+पो0 :– धरम परसा,<br>थाना :– मंझागढ,<br>जिला :– गोपालगंज (बिहार)<br>पिन नं0– 841427 | उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड सं0 198/25 दिनांक– 08.06.2025 | TVS अपाची मोटरसाइकिल निबंधन सं0– BR-28AC-3783, चेचिस नं0– MD637GE53N2N08392 इंजन नं0– GE5NN2X08028 | 19.12.2025 |
| 18 | 95/25 | गुमनाम | उत्पाद थाना औरंगाबाद काण्ड सं0 363/25 दिनांक– 03.04.2025 | Piaggio ape टेम्पु निबंधन सं0–अज्ञात, चेचिस सं0–अज्ञात, इंजन सं0– अज्ञात | 19.12.2025 |
| 19 | 96/25 | गुमनाम | उत्पाद थाना औरंगाबाद काण्ड सं0 510/25 दिनांक– 12.05.2025 | Piaggio टेम्पु निबंधन सं0–BR-24F-6920, चेचिस सं0–MBX0000ZFSH95, इंजन सं0– RFG2667649 | 19.12.2025 |
| 20 | 97/25 | गुमनाम | उत्पाद थाना औरंगाबाद काण्ड सं0 698/25 दिनांक– 02.07.2025 | बाजाज पल्सर मोटरसाइकिल चेचिस सं0– MD2A36FX5SCB57914, इंजन सं0– JLXCSB70609 | 19.12.2025 |
| 21 | 129/25 | 1. नाम– नौसाद अखतर<br>पिता– अब्दुल हसन अंसारी,<br>ग्राम– सोनौली,<br>थाना– मसरक (बिहार)<br>2. नाम :–प्रदीप कुमार हरित<br>पिता– अज्ञात<br>पता– अज्ञात | नगर थाना काण्ड सं 48/23 दिनांक– 18.01.2023 | 1.रॉयल इंफिल्ड बुलेट मोटरसाइकिल निबंधन सं0– BR-31Q-0509, चेचिस सं0– ME3U3S5C0EC420589, इंजन सं0– U3S5COEC420589<br>2. i 10 Sportz कार निबंधन सं0– UP-14AR-7439, चेचिस सं0– MALAN51C R8M140664*G, इंजन सं0–G4LA8M005691 | 19.12.2025 |
| 22 | 131/25 | गुमनाम | कासमा थाना काण्ड सं 106/25 दिनांक– 14.08.2025 | बाजाज पल्सर मोटरसाइकिल निबंधन सं0– BR-26E-3912 चेचिस सं0– MD2DHDJZZUCF51868, इंजन सं0– DJGBUF10567 | 19.12.2025 |
| 23 | 29/25 | नाम.– विकास कुमार<br>पिता– गजाधर साव,<br>ग्राम– देवहारा,<br>थाना– गोह,<br>जिला– औरंगाबाद (बिहार)<br>पिन नं0– 824203 | गोह थाना काण्ड सं0 328/24 दिनांक– 05.11.2024 | मौजा– देवहरा, थाना नं0– 133, खाता नं0– 201, खेसरा नं0– 250, रकवा– –डी0 | 19.12.2025 |
| 24 | 30/25 | नाम.– बड़े चौधरी उर्फ जितेन्द्र चौधरी<br>पिता– रतन चौधरी,<br>ग्राम– मई, भुईयां विगहा<br>थाना– रफीगंज,<br>जिला– औरंगाबाद (बिहार)<br>पिन नं0– 824125 | रफीगंज थाना काण्ड सं0 10/24 दिनांक– 14.01.2024 | मौजा– मई, थाना नं0– 700, खाता नं0– 47, खेसरा नं0–47, रकवा– 10X10 वर्गफीट | 19.12.2025 |
| 25 | 31/25 | नाम– चन्दन कुमार उर्फ कुंदन कुमार<br>पिता– स्व0 फुलेन्द्र सिंह,<br>पता– सत्येन्द्र नगर चंडी कॉलोनी, वार्ड नं0–03, औरंगाबाद<br>थाना– नगर,<br>जिला– औरंगाबाद (बिहार)<br>पिन नं0– 824101 | नगर थाना काण्ड सं0 402/24 दिनांक– 11.06.2024 | मौजा– कथरूआ, थाना नं0– 561, खाता नं0– 23, खेसरा नं0 – 881, रकवा– 01 डी0 | 19.12.2025 |
| 26 | 32/25 | 1. नाम.– इन्दल चौधरी<br>2.सत्येन्द्र चौधरी<br>3. संजय चौधरी<br>सभी पिता स्व0 शनिचर चौधरी<br>ग्राम– नइकी,<br>थाना– रफीगंज<br>जिला– औरंगाबाद (बिहार)<br>पिन नं0– 824125 | रफीगंज थाना काण्ड सं0 56/24 दिनांक– 25.02.2024 | मौजा– नइकी, थाना नं0– 407, खाता नं0– 97, खेसरा नं0– 1409, रकवा– 10X10 वर्गफीट | 19.12.2025 |
| 27 | 33/25 | नाम.– सावित्री देवी,<br>पति– रामानन्द साव<br>ग्राम+पो0– कासमा,<br>थाना– कासमा<br>जिला– औरंगाबाद (बिहार)<br>पिन नं0– 824125 | कासमा थाना काण्ड सं0 115/24 दिनांक– 31.07.2024 | मौजा– कासमा, थाना नं0– 743, खाता नं0– 88, खेसरा नं0– 405, रकवा– 10X10 वर्गफीट | 19.12.2025 |
| 28 | 39/25 | रामकलिया देवी,<br>पति– इन्द्रदेव यादव,<br>ग्राम– चन्द्रेहटा,<br>थाना– रफीगंज,<br>जिला– औरंगाबाद<br>पिन नं0–824125 | उत्पाद थाना औरंगाबाद काण्ड सं0 814/24 दिनांक– 22.08.2024 | मौजा– केराप, थाना नं0– 423, खाता नं0– 235, खेसरा नं0– 665, 666, रकवा– 10X10 वर्गफीट | 19.12.2025 |
| 29 | 82/25 | गुमनाम | हसपुरा थाना काण्ड सं 11/25 दिनांक– 12.01.2025 | मोटरसाइकिल निबंधन सं0– BR-Z21-8214 चेचिस सं0– MBLHAW085KH33742, इंजन सं0–HA10A1KHK24483 | 19.12.2025 |
| 30 | 83/25 | नाम:– पप्पु कुमार यादव<br>पिता :– मोहन यादव,<br>ग्राम :– बादल विगहा,<br>पो0 :– मनिका,<br>थाना :– मदनपुर,<br>जिला :– औरंगाबाद (बिहार)<br>पिन नं0 :– 824208 | हसपुरा थाना काण्ड सं0 84/25 दिनांक– 22.03.2025 | बजाज सी0टी0 100 मोटरसाइकिल निबंधन सं0– BR-26Q-7202, चेचिस नं0– MD2B37AY4HRG55912 इंजन नं0–PFYRHG41968 | 19.12.2025 |
| 31 | 84/25 | नाम:– शुभम राज<br>पिता :– रन जी प्रसाद,<br>पता :– पुरानी जी0टी0 रोड,<br>थाना :– औरंगाबाद,<br>जिला :– औरंगाबाद (बिहार)<br>पिन नं0– 824101 | उत्पाद थाना औरंगाबाद काण्ड सं0 677/25 दिनांक– 25.06.2025 | सुजुकी स्कूटी निबंधन सं0– BR-26T5481, चेचिस नं0– MB8DP12DLL8433417, इंजन नं0– AF21246930 | 19.12.2025 |
| 32 | 85/25 | नाम:– संजय कुमार सिंह<br>पिता :– विश्वनाथ सिंह,<br>ग्राम :– बलीया,<br>थाना :– कुटुम्बा,<br>जिला :– औरंगाबाद (बिहार)<br>पिन नं0– 824123 | उत्पाद थाना औरंगाबाद काण्ड सं0 588/25 दिनांक– 04.06.2025 | बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल निबंधन सं0– BR-26D-6508, चेचिस नं0– MD2A18AZ2FPK09652, इंजन नं0– DZZPFK79840 | 19.12.2025 |
| 33 | 89/25 | नाम:– मिथलेश चौधरी<br>पिता :– स्व0 नारायण चौधरी,<br>ग्राम :– नीमा, परसावॉ,<br>थाना :– मगध मेडिकल कॉलेज,<br>जिला :– गया (बिहार)<br>पिन नं0 :– 823001 | कासमा थाना काण्ड सं0 220/24 दिनांक–11.12.2024 | हिरो होण्डा ग्लैमर मोटरसाइकिल निबंधन सं0– BR-02S-0275, चेचिस नं0– MBLJA06ACCGF02232, इंजन नं0– JA06EJCGF02290 | 19.12.2025 |
| 34 | 90/25 | नाम:– संतोष कुमार<br>पिता :– दिनेश चौहान,<br>ग्राम+पो0 :– सोनहथु,<br>थाना :– हसपुरा,<br>जिला :– औरंगाबाद (बिहार)<br>पिन नं0 :– 824115 | उत्पाद थाना औरंगाबाद काण्ड सं0 212/25 दिनांक– 20.06.2025 | बजाज पल्सर मोटरसाइकिल निबंधन सं0– BR-26AB-3011, चेचिस नं0– MD2B68BX1SPA21634, इंजन नं0– DHXPSA80173 | 19.12.2025 |
| 35 | 105/25 | नाम:– प्रतिभा कुमारी<br>पिता/पति :– उमेश पासवान,<br>ग्राम :– कमलधारा,<br>पो0 :– गुरूआ,<br>थाना :– गुरूआ,<br>जिला :– गया (बिहार)<br>पिन नं0 :– 824205 | गोह थाना काण्ड सं0 149/25 दिनांक– 04.05.2025 | हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाइकिल निबंधन सं0– BR-02BK-0920, चेचिस नं0– MBLHAW223PHB16440, इंजन नं0– HA11E7PHB12380 | 19.12.2025 |
| 36 | 107/25 | नाम :– विरमणी कुमार<br>पिता :– सिद्धेश्वर प्रसाद,<br>ग्राम :– Samaya NO-07, At-49Kh, Lakshmipur,<br>थाना :– प्रहलादपुर,,<br>जिला :– पटना (बिहार)<br>पिन नं0 :– 803306 | कासमा थाना काण्ड सं0 21/25 दिनांक– 17.02.2025 | हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाइकिल निबंधन सं0– BR-01HH-7033, चेचिस नं0– MBLHAW228PHG01396 , इंजन नं0– HA11E7PHG34345 | 19.12.2025 |
| 37 | 108/25 | नाम:– संजय कुमार<br>पिता :– लखन सिंह यादव,<br>ग्राम :– भुण्डर विगहा,<br>पो0 :– राम डिहरा,<br>थाना :– अमझर,<br>जिला :– रोहतास (बिहार)<br>पिन नं0 :– 821312 | रफीगंज थाना काण्ड सं0 724/24 दिनांक– 17.12.2024 | हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाइकिल निबंधन सं0– BR-24AA-7412, चेचिस नं0– MBLHAW088KHB09158, इंजन नं0– HA10AGKHB85484 | 19.12.2025 |
| 38 | 109/25 | नाम:– प्रविण पाण्डेय<br>पिता :– जय राम पाण्डेय,<br>ग्राम :– पिसाय,<br>पो0 :– चंदा,<br>थाना :– खुदवॉ<br>जिला :– औरंगाबाद (बिहार)<br>पिन नं0– 824124 | उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड सं0 256/25 दिनांक– 30.07.2025 | Piaggio टेम्पु निबंधन सं0– BR-26F-2259, चेचिस नं0– ZFPK590518, इंजन नं0– R2K2215969 | 19.12.2025 |
| 39 | 113/25 | नाम:– विन्दु कुमार<br>पिता :– श्री बालदेव यादव,<br>ग्राम :– चौवार,<br>पो0 :– चौवार,<br>थाना :– टनकुपा,<br>जिला :– गया (बिहार)<br>पिन नं0 :– 805128 | कासमा थाना काण्ड सं0 84/25 दिनांक– 24.06.2025 | हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाइकिल निबंधन सं0– BR-02AT-1653, चेचिस नं0– MBLHAW083KHD05508 , इंजन नं0– HA10AGKHD08707 | 19.12.2025 |
| 40 | 114/25 | नाम:– अजीत कुमार<br>पिता :– शिव शंकर सिंह,<br>ग्राम :– खानपुर,<br>थाना :– वजीरगंज,<br>जिला :– गया (बिहार)<br>पिन नं0 :– 805131 | कासमा थाना काण्ड सं0 41/25 दिनांक– 06.04.2025 | हिरो होण्डा ग्लैम्र मोटरसाइकिल निबंधन सं0– BR-02R-0542, चेचिस नं0– MBLJA06ABBGM01485, इंजन नं0– JA06EHBGM01459 | 19.12.2025 |
| 41 | 115/25 | गुमनाम | गोह थाना काण्ड सं 174/25 दिनांक– 21.05.2025 | हिरो होण्डा मोटरसाइकिल चेचिस सं0– 03X16C36126, इंजन सं0– 03K15M48064 | 19.12.2025 |
| 42 | 49/24 | नाम:– अजीत कुमार<br>पिता :– शिव शंकर सिंह,<br>ग्राम :– खानपुर,<br>थाना :– वजीरगंज,<br>जिला :– गया (बिहार) | बंदेया थाना काण्ड सं 59/24 दिनांक– 20.07.2024 | TVS अपाची मोटरसाइकिल निबंधन सं0–BR-02AR-6649, चेचिस नं0– MD634DE62K2A00560, इंजन नं0–DE6AK2300577 | 19.12.2025 |
| 53 | 45/24 | गुमनाम | देवकुण्ड थाना काण्ड सं 09/24 दिनांक– 13.04.2024 | मोटरसाइकिल इंजन सं0– DZZRDA13921, चेचिस सं0– MD2A18AZ5DRA14259 | 19.12.2025 |
| 54 | 07/24 | नाम :– अरविन्द यादव<br>पिता– विनेश यादव<br>ग्राम– बेला वारिस,<br>थाना– बंदेया,<br>जिला– औरंगाबाद (बिहार) | बंदेया थाना काण्ड सं0 64/23 दिनांक–28.09.2023 | मौजा– बेला, थाना नं0– 299, खाता नं0– 102, खेसरा नं0– 459, रकवा– 01 डी0 | 19.12.2025 |
| 55 | 15/24 | 1. नाम.– दाखो देवी<br>पिता– स्व0 चलितर चौधरी<br>2. सुरेश चौधरी उर्फ सुदेश चौधरी<br>पिता– राजगीर चौधरी<br>सभी ग्राम– बेला वारीस,<br>थाना– बंदेया,<br>जिला– औरंगाबाद (बिहार) | बंदेया थाना काण्ड सं0 02/23 दिनांक–21.01.2023 | मौजा– बेला वारीस, थाना नं0– 299, खाता नं0– 92, खेसरा नं0– 499, रकवा– 12 – डी0 | 19.12.2025 |
| 56 | 46/24 | नाम.– रेखा देवी<br>पति– जितन पासवान,<br>ग्राम– कजपा टोले, अनन्त विगहा<br>थाना– रफीगंज,<br>जिला– औरंगाबाद (बिहार) | रफीगंज थाना काण्ड सं0 258/24 दिनांक– 23.06.2024 | मौजा– कजपा, थाना नं0– 646, खाता नं0– 103, खेसरा नं0–137, रकवा– 10X10 वर्गफीट | 19.12.2025 |
| 57 | 171/23 | नाम.– महावीर रिकियासन<br>पिता– कारू रिकियासन,<br>ग्राम– चरकॉवा, उपरीडीह,<br>थाना– रफीगंज,<br>जिला– औरंगाबाद (बिहार) | रफीगंज थाना काण्ड सं0 429/23 दिनांक– 01.10.2023 | मौजा– चरकॉवा हाजी, थाना नं0– 702, खाता नं0– 78, खेसरा नं0–889, रकवा– 8X6 वर्गफीट | 19.12.2025 |
| 58 | 20/24 | नाम.– प्रदीप चौधरी<br>पिता– जनार्दन चौधरी,<br>ग्राम– शेरा विगहा,,<br>थाना– रफीगंज,<br>जिला– औरंगाबाद (बिहार) | रफीगंज थाना काण्ड सं0 509/23 दिनांक– 01.10.2023 | मौजा– सोनवर्षा, थाना नं0– 710, खाता नं0– 40, खेसरा नं0–98, रकवा– 10X10 वर्गफीट | 19.12.2025 |
| 58 | 35/24 | नाम.– श्यामू कुमार<br>पिता– स्व0 राजेन्द्र चौधरी,<br>ग्राम–धुसरी,टोला करण विगहा<br>थाना– हसपुरा,<br>जिला– औरंगाबाद (बिहार) | हसपुरा थाना काण्ड सं0 71/24 दिनांक– 31.03.2024 | मौजा– धुसरी, थाना नं0– 114, खाता नं0– 03, खेसरा नं0– 64, रकवा– 0.03 डी0 | 19.12.2025 |
| 59 | 36/24 | 1. राजनन्दन सिंह<br>पिता– स्व0 कृपाल गोप<br>2. भजन यादव<br>पिता– कृपाल यादव<br>सभी ग्राम– हवसपुर<br>थाना– हसपुरा,<br>जिला– औरंगाबाद (बिहार | हसपुरा थाना काण्ड सं0 61/24 दिनांक– 16.03.2024 | मौजा– हवसुपुर, थाना नं0– 25, खाता नं0– 22, खेसरा नं0–19, रकवा–0.01 डी0 | 19.12.2025 |
| 60 | 28/24 | नाम.– गिरजा देवी<br>पिता– जानकी शरण सिंह<br>ग्राम– बसन विगहा,<br>थाना– हसपुरा,<br>जिला– औरंगाबाद (बिहार) | हसपुरा थाना काण्ड सं0 267/23 दिनांक– 19.09.2023 | मौजा– चौराही, थाना नं0– 35, खाता नं0– 79, खेसरा नं0– 1203, रकवा– 10X10 वर्गफीट | 19.12.2025 |
| 61 | 27/24 | नाम.– झलक चौधरी<br>पिता– युगेश्वर चौधरी<br>ग्राम– चनहट,<br>थाना– हसपुरा,<br>जिला– औरंगाबाद (बिहार) | हसपुरा थाना काण्ड सं0 51/23 दिनांक– 22.02.2023 | मौजा– चनहट, थाना नं0– 111, खाता नं0– 3, खेसरा नं0– 443, रकवा– 03 डी0 | 19.12.2025 |
| 62 | 26/24 | नाम.– राजू चौधरी<br>पिता– किशोरी चौधरी<br>ग्राम– कोईलवॉ,<br>थाना– हसपुरा,<br>जिला– औरंगाबाद (बिहार) | हसपुरा थाना काण्ड सं0 288/23 दिनांक– 01.11..2023 | मौजा– कोईलवॉ, थाना नं0– 112, खाता नं0– 156, खेसरा नं0– 952, रकवा– 0.01 डी0 | 19.12.2025 |
| 63 | 25/24 | नाम.– राजाराम चौधरी<br>पिता– शिवचन्द्र चौधरी<br>ग्राम– करण विगहा,<br>थाना– हसपुरा,<br>जिला– औरंगाबाद (बिहार) | हसपुरा थाना काण्ड सं0 75/24 दिनांक– 06.04.2024 | मौजा– अमझरशरीफ, थाना नं0– 29, खाता नं0– 224, खेसरा नं0– 552, रकवा– 16– डी0 | 19.12.2025 |
| 64 | 34/24 | नाम.– सुशीला देवी<br>पति– बैजनाथ भुईया,<br>ग्राम– ढोसिला वनटोली<br>थाना– रफीगंज,<br>जिला– औरंगाबाद (बिहार) | रफीगंज थाना काण्ड सं0 554/23 दिनांक– 24.12.2023 | मौजा– ढोसिला, थाना नं0– 880, खाता नं0– 52, खेसरा नं0– 957, रकवा– 10X10 वर्गफीट | 19.12.2025 |
| 65 | 33/24 | 1. नाम.– संजय चौधरी<br>2. सत्येन्द्र चौधरी<br>3. इंदल चौधरी<br>पिता– शनिचर चौधरी<br>ग्राम– नैकी, थाना– रफीगंज,<br>जिला–औरंगाबाद (बिहार) | रफीगंज थाना काण्ड सं0 28/24 दिनांक– 05.04.2024 | मौजा– नइकी, थाना नं0– 407, खाता नं0– 97, खेसरा नं0– 1409, रकवा– 10X10 वर्गफीट | 19.12.2025 |
| 66 | 32/24 | नाम.– प्रकाश प्रसाद<br>पिता– ईश्वर प्रसाद<br>पता– पोस्स ऑफिस गली रफीगंज,<br>थाना– रफीगंज,<br>जिला– औरंगाबाद (बिहार) | रफीगंज थाना काण्ड सं0 77/21 दिनांक–10.03.2021 | मौजा– रफीगंज, थाना नं0– 419, खाता नं0– 41, खेसरा नं0– 528, रकवा– 0.04 डी0 | 19.12.2025 |
| 67 | 37/24 | नाम.– दिपक चौधरी<br>पिता– उदय चौधरी,<br>ग्राम– राजा विगहा<br>थाना– रफीगंज,<br>जिला– औरंगाबाद (बिहार) | रफीगंज थाना काण्ड सं0 107/24 दिनांक–24.03.2024 | मौजा– चरकावॉ महमूद, थाना नं0– 418, खाता नं0– 148, खेसरा नं0–1184, रकवा– 10X10 वर्गफीट | 19.12.2025 |

अतः आप अथवा वाद से संबंधित कोई अन्य व्यक्ति, जिनका कोई हित निहित हो उपर्युक्त निर्धारित तिथि को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे अथवा आपके उपस्थित नहीं होने पर एक पक्षीय सुनवाई कर नियमानुसार वाद का निष्पादन कर दिया जाएगा।

**वरीय उप समाहर्त्ता–सह–**
**पीठासीन पदाधिकारी,**
**उत्पाद न्यायालय नं0 – 6,औरंगाबाद।**

PR- 019556 ( Excise ) 2025-26

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

## एक नजर

### मॉब लिचिंग के खिलाफ विरोध मार्च

**हसपुरा( औरंगाबाद)**। बिहार राज्य के नवादा में कपड़ा फेरी करने वाला मो.अतहर हुसैन की मांस लिचिंग मे हत्या किए जाने के खिलाफ हसपुरा में भाकपा माले की ओर से विरोध दिवस प्रदर्शन मार्च के साथ किया गया। प्रदर्शनकारी का. रामशरण यादव पुस्तकालय से चलकर बसस्टैंड होते हुए पटेल चौक, मेन बाजार में एनडीए सरकार के जमकर नारे बाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भाकपा माले प्रखंड सचिव दिनेश राम ने किया। प्रदर्शन में शामिल सांसद प्रतिनिधि कृष्णा भारती, माले नेता सादुल्लाह खां, माले प्रखंड प्रभारी कामता यादव सीपीआई नेता विजय कुमार ने कहा भाजपा - सत्ता संरक्षित हिंसा नहीं चलेगी, गरीबों व कमजोर वर्ग के लोगों पर बुलडोजर कार्रवाई और भीड़ हत्या पर रोक लगाना होगा। प्रदर्शन कारी नवादा में मुस्लिम कपड़ा फेरी करने वाले मो. अतहर हुसैन के हत्यारा को गिरफ्तार कर सजा देने, झुठा मुकदमा करने वाले पुलिस पदाधिकारी के खिलाफ कारवाई करना,पीड़ित परिवार के एक सदस्य को नौकरी व 25 लाख मुआवजा, पिडित परिवार को सुरक्षा देने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन में शामिल हृदयानंद सिंह, अशोक यादव, अजीत कुमार चन्द्रवंशी, नवल पासवान, महबूब आलम, वीरेंद्र चौधरी ने कहा केन्द्र व राज्य की सरकार अत्याचारी हो गई है। गृहमंत्री सम्राट चौधरी से नवादा के घटना में सार्वजनिक जबाब माले कार्यकर्ता करति है।

### बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

**अंबा (औरंगाबाद)**। रेफरल अस्पताल कुटुंबा के प्रभारी चिकित्सा के पदाधिकारी नवल किशोर सिंह ने मंगलवार की सुबह पल्स पोलियो अभियान के तहत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई और अभिभावकों से अपील किया कि पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो का टीका अवश्य लगवाएं ताकि कोई भी बच्चा खुराक से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि 14 से 18 दिसंबर तक यह अभियान चलेगा। जिसमें टिकाकर्मी घर - घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाएंगे। इसके अलावा मोबाइल और ट्रांजिट टीमें यात्रा में रहने वाले बच्चों को भी पोलियो की खुराक देंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि सौ प्रतिशत बच्चों तक पोलियों की खुराक पहुंचाई जाए ताकि पोलियो मुक्त अभियान को मजबूती मिल सके।

### छेड़खानी करने के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने गयाजी जिले के करीमगंज मोहल्ला निवासी मोहम्मद जावेद को जेल भेजा है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पटना से ट्रेन पकड़ कर एक युवती अपने घर टेहटा आ रही थी, इसी बीच ट्रेन में सवार गयाजी जिला निवासी मोहम्मद जावेद उसके साथ छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर भी वह नहीं माना। अंततः छेड़खानी किए जाने कि सूचना युवती ने मोबाइल फोन पर अपने परिजनों को दी, इसके बाद युवती के परिजन टेहटा स्टेशन पर पहुंच गए और इस संबंध में उक्त व्यक्ति को ट्रेन से उतार कर पूछताछ करने लगे, जिसके बाद युवक उनके परिजनों के साथ मारपीट करने लगा। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने टेहटा थाने की पुलिस को दी। इस दौरान त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छेड़खानी के आरोप में उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### विवाद में मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना क्षेत्र के भल्लू खैरा गांव खेत में बकरी चराने को लेकर मारपीट की घटना हुई। जिसमें मो. ताहिर कुरैशी, मो साजिद कुरैशी, आजम कुरैशी, घायल हो गये।जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में किया गया। वहीं बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। प्रथम पक्ष के ताहिर कुरैशी ने आजम कुरैशी, नेयाज कुरैशी उर्फ सूरज, नेहाल कुरैशी उर्फ गोप, कादिर कुरैशी, सहजादी खातून वहीं दूसरे पक्ष के सहजादी खातून ने गांव के ही माजिद कुरैशी, ताहिर कुरैशी, जमाहिर कुरैशी, राशिद कुरैशी को नामजद आरोपित बनाया है। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि खेत में बकरी चराने को लेकर मारपीट हुई है। प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

### बाइक चोरी मामले में केस दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। बौर गांव से एक बाइक चोरी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बंध में बंदेया थाना क्षेत्र के रुकुन्दी गांव निवासी चंद्रदेव प्रसाद ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें उल्लेख्य किया है कि दो वर्ष से बौर गांव में किराए का रूम लेकर ग्रामीण चिकित्सक का काम करते हैं। सोमवार को लगभग तीन बजे रूम के सामने से हिरोहोंडा बाइक चोरी हो गया। काफी खोजबीन किया पर नहीं मिला। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

### बाइक की ठोकर से बुजुर्ग जख्मी

**औरंगाबाद**। रिसियप थाना क्षेत्र के रिसियप बाजार के समीप सड़क पार करने के दौरान अनियंत्रित बाइक की चपेट में आने से एक 80 वर्षीय वृद्ध घायल हो गए। घायल वृद्ध की पहचान रिसियप गांव निवासी चंद्रदेव राम के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल वृद्ध ने बताया कि वे अपने घर से बेटी के घर गए हुए थे। वापस घर लौटने के दौरान रिसियप बाजार स्थित घर पहुंचने से पहले सड़क पार करने के दौरान एक अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दी। सूचना पर परिजन पहुंचे और घायल वृद्ध को उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया।

### ऑटो की ठोकर से बाइक सवार ज़ख्मी

**औरंगाबाद**। शहर के जसोइया मोड़ के समीप ऑटो की चपेट में आने से बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान मदनपुर प्रखंड के सलैया थाना क्षेत्र के बेरी गांव निवासी सुनील कुमार के रूप में हुई है। घायल युवक ने बताया कि वह अपने घर से बाइक पर सवार होकर औरंगाबाद शहर के जसोइया मोड़ स्थित एक आइटीआइ कॉलेज में एएलपी कक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन कराने का रहा था। इसी दौरान जसोइया मोड़ के समीप अनियंत्रित ऑटो की चपेट में आने से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे एक ऑटो की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया।

### पल्स पोलियों अभियान की शुरुआत

**मदनपुर**। पांच दिवसीय पल्स पोलियों टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई है। कार्यक्रम की शुरूआत मदनपुर के उमगा रोड स्थित उमगेश्वरी ईंट भट्ठे पर बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य व डॉक्टर कुमार जय के द्वारा नवजात बच्चे को पोलियों का दो बुंद खुराक पिलाकर किया गया। प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक ने बताया कि इस कार्यक्रम की सफलता के लिए 29 पर्यवेक्षक दलों के देख-रेख में 79 दल घर-घर दल, 11 ट्रांजिट दल, 1 मोबाईल दल के अलावे 1 एकल दल कार्य कर रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य प्रबंधक ललन प्रसाद, ब्लाक मोबिलाईजेशन कोऑर्डिनेटर दीपक सिन्हा, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक ओम प्रकाश गुप्ता, पोलियो की-पर्सन बृजनंदन सिंह, एएनएम अर्चना कुमारी, ईंट भट्ठा मालिक प्रमोद कुमार सिंह के साथ आशा फैसिलिटेटर कुसुम कुमारी और आशा कार्यकर्त्ता सावित्री कुमारी शामिल हुए।

### पत्रकार सह शिक्षाविद् को पितृशोक

**जहानाबाद**। राष्ट्रीय सहारा के वरिष्ठ पत्रकार सह राष्ट्रपति पुरस्कार शिक्षाविद् डॉ. एस. के. सुनील के पिता 84 वर्षीय सियाराम शर्मा का निधन मंगलवार को प्रातः काल में हो गया। निधन के पश्चात पटना में गंगा किनारे श्मशान घाट पर सियाराम शर्मा के बड़े पुत्र अनील कुमार ने मुखाग्नि दी। इस दौरान निधन की खबर मिलते ही शिक्षा जगत और राजनीति से जुड़े कई महत्वपूर्ण लोगों ने अपनी ओर से शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके शव यात्रा में शामिल हुए। इसके पहले उनके पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव बसंतपुर ले जाया गया जहां उनके स्वजनों और ग्रामीणों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। स्वर्गीय सियाराम शर्मा लोजपा के महिला मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ इंदु कश्यप के ससुर थे।

# आवासीय कन्या विद्यालय में 'दीदी की रसोई' का उप विकास आयुक्त ने किया शुभारंभ



**520 विद्यालय की छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण भोजन की सुविधा होगी उपलब्ध**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जिले के अमथुआ स्थित पिछड़ा–अति पिछड़ा कन्या उच्च विद्यालय में मंगलवार को उप विकास आयुक्त, डॉ. प्रीति द्वारा 'दीदी की रसोई' का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता (विभागीय जांच), जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, काको की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी दीदियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने हेतु शुभकामनाएं दी। बिहार सरकार द्वारा वर्ष 2018 से राज्य के विभिन्न जिलों में जीविका के माध्यम से 'दीदी की रसोई' का सफल संचालन किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आजीविका के स्थायी अवसर प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर तथा सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है। जहानाबाद जिले में यह 'दीदी की रसोई' की यह चौथी इकाई स्थापित की गई है, जिसका संचालन जीविका दीदियों द्वारा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछड़ा–अति पिछड़ा कन्या उच्च विद्यालय, अमथुआ में स्थापित यह 'दीदी की रसोई' आज से नियमित रूप से संचालित की जाएगी। इससे 520 विद्यालय की छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण भोजन की सुविधा उपलब्ध होगी, साथ ही जीविका दीदियों की आय में भी वृद्धि होगी।

# दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने लिया हिरासत में



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के विसुनगंज थाना क्षेत्र में दुष्कर्म का एक मामला सामने आया है। जहां एक मूक बधिर नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आ रहा है। वहीं पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को हिरासत में लिया है। पूरे मामले की जानकारी देते हुए विसुनगंज थाना अध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली के थाना क्षेत्र के एक गांव में मूक बधिर नाबालिक बच्चे के साथ गांव के ही दो युवक ने दुष्कर्म किया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है। जो नाबालिग है। उन्होंने बताया कि दूसरा युवक फरार चल रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि तीन दिन पूर्व भी मखदुमपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिक बच्ची के साथ ऑटो रिक्शा चालक द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया था। जिसमें पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वही जिले में लगातार हो रहे नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म की घटना से लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# जहानाबाद : पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। मंगलवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे प्रभारी सिविल सर्जन, जहानाबाद के द्वारा अमर शहीद जगदेव प्रसाद, सदर अस्पताल, जहानाबाद परिसर स्थित जीएनएम प्रशिक्षण संस्थान में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर पल्स पोलियो अनुराष्ट्रीय टीकाकरण अभियान, दिसम्बर, 2025 का शुभारम्भ किया गया। पल्स पोलियो अनुराष्ट्रीय टीकाकरण अभियान के तहत दिनांक 16 दिसम्बर 2025 से 20 दिसम्बर 2025 तक सभी बच्चों को पोलियो का ड्रॉप पिलाया जायेगा तथा दिनांक 22 दिसम्बर 2025 को चक्र के दौरान सभी छुटे हुए बच्चों को बी०टीम कार्य में टीकाकृत कराया जायेगा। जहानाबाद जिला हेतु 157835 का लक्षित बच्चों का टीकाकरण किया है। जहानाबाद मे 214650 घरों को लक्षित किया गया है। पल्स पोलियो अनुराष्ट्रीय टीकाकरण अभियान हेतु 1217 टीकाकर्मियों को संलग्न किया गया। 145 पर्यवेक्षकों है, 414 घरों मे घर-घर टीम जा कर पल्स पोलियो टीकाकरण किया जाएगा। ट्रांजिट टीम की संख्या 75 है, 15 मोबाइल टीम, 37 सब डीपो, 16 कोल्ड चेन हैण्डलर है।उक्त अवसर पर प्रभारी अपर मुख्य चिकितसा पदाधिकारी, जहानाबाद/ जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी -सह- कार्यकारी अधीक्षक एवं अस्पताल प्रबंधक, अमर शहीद जगदेव प्रसाद, सदर अस्पताल, जहानाबाद/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रा०स्वा० केन्द्र, सिकरिया / प्राचार्य, जी०एन०एम० प्रशिक्षण संस्थान इत्यादि के कर्मी उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जिले के कल्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत किनारी और टाली गांव के बीच सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान भुवन कुमार के रूप में हुई है, जो मसौढ़ी थाना क्षेत्र के बैरमपुर गांव का निवासी बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भुवन कुमार घायल अवस्था में सड़क पर पड़ा हुआ था। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घटना की सूचना कल्पा थाना को दी। सूचना मिलते ही कल्पा थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल सदर अस्पताल, जहानाबाद में भर्ती कराया।

### घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के सुगांव गांव मे घर के बाहर से एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। जानकारी देते हुए मोटरसाइकिल मालिक श्याम नारायण प्रसाद उर्फ अंतू यादव ने बताया कि सोमवार की रात वे अपने ग्लैमर मोटरसाइकिल जिसका नंबर बीआर-02 एक्यू 7280 है। को हर रोज़ की तरह घर के बाहर गली में खड़ी कर सो गए थे। जब सुबह जागे तो देखा की मोटरसाइकिल नहीं है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में टेहटा थाने में आवेदन दिया गया है।

# जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। मंगलवार को देवनंदन हाई स्कूल, बंधुगंज में जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं को लैंगिक समानता, सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान छात्र एवं छात्राओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, लैंगिक संवेदीकरण, पॉक्सो अधिनियम, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा, विधिक जागरूकता तथा उच्च शिक्षा के अवसरों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि जागरूकता एवं शिक्षा के माध्यम से ही जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम संभव है। इस जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में देवनंदन हाई स्कूल, बंधुगंज के छात्र-छात्राओं, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं प्रधानाध्यापक का सराहनीय सहयोग रहा। साथ ही आईसीडीएस से पुष्पा कुमारी, कुमारी किरण (महिला पर्यवेक्षिका), अविनाश कुमार गुप्ता (प्रखंड समन्वयक), शैलेश कुमार (जेंडर स्पेशलिस्ट) तथा मीरा कुमारी (बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, मोदनगंज) की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं से जेंडर समानता को अपनाने, हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाने तथा एक सुरक्षित एवं समतामूलक समाज के निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया गया।

### वाहन जांच के दौरान 152 लीटर अवैध शराब कार से बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देश पर नियमित चलाए जा रहे वाहन जांच और निरीक्षण के क्रम में एक कार से 152 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है। वहीं मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग जहानाबाद की टीम द्वारा मंगलवार को अवैध शराब के विरुद्ध मुस्तीचक, नेहालपुर एवं क्षुनाठी में छापामारी की गई जिसमें अवैध शराब की पांच भट्ठी को ध्वस्त किया गया जिसमें 15260 किलो जावा महुआ 433 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद किया गया। बताया गया कि निरीक्षण के क्रम मे पटना-डोभी एन. एच. 22 पर सेरथुआ के पास एक चार पहिया वाहन विदेशी शराब के साथ जब्त किया गया है।

# प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई, 64335 का लक्ष्य




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत हुई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह और स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर लोगों को पल्स पोलियो अभियान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि भारत को पोलियो मुक्त बनाने के उद्देश्य से रफीगंज प्रखंड क्षेत्र में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 64,335 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इस मौके पर अकाउंटेंट राजेश कुमार, विकास कुमार, सुपरवाइजर मनोज कुमार मधुकर, मुमताज आलम, सुनील कुमार दीप, बीसीएम सनी कुमार, बीएमसी सुभाष कुमार, मो. मुमताज, एएनएम दावन तिग्गा, रंजना कुमारी, सुमन कुमारी सहित कई अन्य स्वास्थ्यकर्मी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# उतर कोयल नहर परियोजना में गड़बड़ी पर ग्रामीणों ने एडीएम और सीओ से की बातचीत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। उतर कोयल नहर परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण में की गई गड़बड़ियों पर रफीगंज प्रखंड परिसर में मंगलवार को एडीएम औरंगाबाद तथा अंचलाधिकारी से बातचीत की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि इस नहर को बेतुके ढंग से निकाला जा रहा है तथा अधिग्रहित जमीन के मुआवजा की राशि भी मनमाने ढंग से तय की गयी है। एडीएम ने शिकायतों को नोट किया पर कोई ठोस आश्वासन देने में विफल रहे। उपस्थित ग्रामीणों ने इसका जमकर प्रतिकार किया और अपनी मांगों पर विचार करके ठोस नतीजे पर पहुंचने का अनुरोध किया। साथ ही आगाह किया कि अगर मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं किया गया तो इसे आंदोलन का रूप दिया जाएगा। इस बातचीत में करमा मसूद, अहमदपुर, चौबड़ा, ओड़ियाचक गांव के सैकड़ो किसान मौजूद थे। बातचीत का नेतृत्व क्रांतिकारी किसान यूनियन से जुड़े बबलू कुमार, संजय श्याम, ब्रजेश कुमार, नागेश्वर यादव, प्रेमचन्द प्रसाद, वल्लीउल्लाह खान, ब्रजेश यादव, प्रेम कुमार, राजदेव यादव, शेखर कुमार, बबन यादव, पिंटु यादव, नन्दकिशोर कुमार, कमलेश यादव, विश्वनाथ साव, उपेन्द्र यादव, नागेन्द्र प्रसाद (शिक्षक), सोनू कुमार आदि ने किया।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: ईसी/टी/टीआर. ऑल्ट./ओटी-26/25-26, दिनांक: 10.12.2025।** उप मुख्य विद्युत अभियंता, लोको, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, कांचरापाड़ा, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन-743145 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा संख्या: ईसी_टी_टीआर-ऑल्ट_ओटी-26_25-26। कार्य का नाम एवं उसका स्थान:** उप सीईई (डब्ल्यू)/कांचरापाड़ा संगठन के शॉप-15 के अधीन सी एंड डब्ल्यू कॉम्प्लेक्स, कांचरापाड़ा वर्कशॉप, पूर्व रेलवे में खुली निविदा के आधार पर 01 वर्ष की अवधि के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आठ (08) अदद 8-व्हीलर डीईटीसी टाइप अंडरस्लंग ट्विन ड्राइव टावर वैगन के 16 अदद अंडरस्लंग माउंटेड ट्रैक्शन अल्टरनेटर का समय-समय पर ओवरहॉलिंग कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 74,11,957.76 (जीएसटी सहित)। **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** ₹ 1,48,200। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **वेबसाइट जहाँ से निविदा दस्तावेज उपलब्ध होगा:** निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण **08.12.2025 से 31.12.2025 को अपराह्न 3.00 बजे** तक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। **विज्ञापन की अवधि:** 08.12.2025 से 31.12.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा करने की अवधि:** 17.12.2025 से 31.12.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 31.12.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** 31.12.2025 को अपराह्न 3.30 बजे।

(MISC-328/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway**
**@easternrailwayheadquarter**



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है। ई.निविदा सं. : पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईपीसी–04–25–26.

1. कार्य का नाम : पूर्व मध्य रेल के अन्तर्गत इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट और निर्माण (ईपीसी) के तहत प्रमुख पुल संख्या 04 (3x18.30 मीटर कम्पोजिट गर्डर), 11ए (3x30.50 मीटर कम्पोजिट गर्डर), 12 (4x30.50 मीटर कम्पोजिट गर्डर), 19 (1x18.30 मीटर कम्पोजिट गर्डर), 20 (1x24.4 मीटर कम्पोजिट गर्डर) और 22 (1x18.30 मीटर कम्पोजिट गर्डर) का निर्माण, जिसमें डबल लाइन ट्रैक का सबस्ट्रक्चर और सिंगल लाइन ट्रैक का सुपरस्ट्रक्चर शामिल है, साथ ही इसके एप्रोच और आरओबी संख्या 1ए (1x102.0 मीटर, स्टील ओपन वेब गर्डर), 1बी (1x102.0 मीटर, स्टील ओपन वेब गर्डर) और 24 (1x102.0 मीटर, स्टील ओपन वेब गर्डर) का कार्य, साथ ही लघु पुल/उपमार्ग संख्या 1C (1x6.0 मीटर बॉक्स), 1D (1x3.0 मीटर बॉक्स), 24A (1x6.0 मीटर बॉक्स), 25A (1x6.0 मीटर बॉक्स), 24B (1x6.0 मीटर बॉक्स) और 25B (1x6.0 मीटर बॉक्स) निर्माण बिक्रमशिला–कटारिया नई रेल लिंक परियोजना के संबंध में। 2. अंकलित मूल्य (रू.) : ₹640,79,33,882.35, 3. निविदा प्रपत्र का लागत (रू.) : ₹0.00, 4. अग्रधन राशि (रू.) : ₹2,00,00,000/–. 5. कार्य पूर्ण करने की अवधि : 1095 दिन। 6. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 28.01.2026 at 12.15 बजे।

ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइटः http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

द्रष्टव्य : निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाईट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाइट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/ पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/1454/एमएचएक्स/नि./टी/25–26/64


# महिला क्रिकेटर करेंगी मिलेनियम क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

**हसपुरा (औरंगाबाद)/नबिटा सं**। हसपुरा हाई स्कूल बड़ी खेल मैदान में होने वाले मगध वर्ल्ड कप के नाम से विख्यात मिलेनियम कप क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजकों नें इस बार विशेष तैयारी कर रखी है। कमिटी के अध्यक्ष शाहबाज मिन्हाज एवं कार्यकारी अध्यक्ष प्रिंस शौंडिक नें बताया कि 14 जनवरी के दिन बिहार और झारखंड की महिला टीम के द्वारा उद्घाटन मैच कराया जाएगा। कमिटी के सचिव राजू भारती ने बताया कि इस बार की युवा कमिटी ने कुछ अलग करने का विचार किया है। उद्घाटन मैच से पहले एनएसएसटी स्कूल के बच्चों द्वारा देशभक्ति थीम पर सुंदर व बेहतरीन झांकी प्रस्तुत की जाएगी, जिसकी तैयारी अभी से ही चल रही है। वहीं रजत गुप्ता,पप्पू यादव,राणा यादव नें बताया कि मिलेनियम कप क्रिकेट टूर्नामेंट जिस नाम के लिए जाना जाता है, वो बम्पर इनामों की बौछार इस बार भी होगी। मैन ऑफ़ द सीरीज पुरस्कार में स्कूटी दिया जायेगा। मुन्ना शर्मा,बबलू खाँ,मनीष यादव,अंकित,रुपेश नें बताया कि बाउंड्री के चारों तरफ बैरिकेडिंग की जाएगी।

# मानदेय नहीं मिलने से सफाई कर्मियों में असंतोष

**मदनपुर(औरंगाबाद)/नबिटा सं**। मदनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत बेरी, खिरियावां, बनियां समेत अन्य पंचायतों के सफाई कर्मियों, सुपरवाइजर एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक को पिछले नौ महीने से मानदेय नहीं मिला है जिससे उनकी रोजमर्रा की जीविकापार्जन में समस्या उत्पन्न हो गई है। ये सफाई कर्मी लोहिया स्वच्छ अभियान के तहत वर्ष 2022 में बहाल किए गए थे ताकि स्वच्छ गांव और स्वास्थ्य गांव का सपना पूरा हो सके। बेरी पंचायत के सफाई कर्मी रमकलिया देवी, पारस नाथ चंद्रवंशी, सिताराम रिकियासन और खिरियावां पंचायत के चौठी रिकियासन, सुरेश भुइयां, राजकेश्वर भुइयां, धर्मेन्द्र रिकियासन, अखिलेश राम, मुन्ना राम ने बताया कि नौ माह से उन्हें मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। इस संबंध में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के प्रखण्ड समन्वयक ओमप्रकाश ने बताया कि मई महीने तक मानदेय का भुगतान किया गया है। इसके बाद स्टेट से आवंटन नहीं आया है जिस कारण मानदेय नहीं दिया गया है। आवंटन प्राप्त होते ही भुगतान कर दिया जाएगा। यह हाल पूरा राज्य का है। उन्होंने बताया कि प्रपोजल फिर से भेजा गया है। संभवत जल्द ही राशि आएगी और उन्हें भुगतान कर दिया जाएगा।


**टाटा स्मारक केंद्र/TATA MEMORIAL CENTRE**

परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार का एक सहायता प्राप्त संस्थान/ A Grant-in-Aid Institution under Department of Atomic Energy, Government of India.

विज्ञापन संख्या/Advt.No. TMC/AD-151/2025 | उपलब्ध पद/ POSITIONS AVAILABLE | 01.12.2025

टाटा स्मारक केंद्र (टीएमसी) निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:Tata Memorial Centre(TMC) invites applications for the following posts :

| | |
|---|---|
| **स्थान/LOCATION : एचबीसीएच एवं आरसी, मुजफ्फरपुर HBCH & RC, MUZAFFARPUR** | |
| 1 | प्रशासनिक अधिकारी III (भंडार)/ADMINISTRATIVE OFFICER III (STORES) |
| 2 | उप लेखा नियंत्रक/DEPUTY CONTROLLER OF ACCOUNTS |
| 3 | उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी ग्रेड I/DEPUTY CHIEF SECURITY OFFICER GRADE I |
| 4 | जन संपर्क अधिकारी I/PUBLIC RELATIONS OFFICER I |
| 5 | उप प्रशासनिक अधिकारी/DEPUTY ADMINISTRATIVE OFFICER |
| 6 | लेखा अधिकारी II/ACCOUNTS OFFICER II |
| 7 | सहायक प्रशासनिक अधिकारी/ ASSISTANT ADMINISTRATIVE OFFICER |
| 8 | सहायक लेखा अधिकारी/ ASSISTANT ACCOUNTS OFFICER |
| 9 | सहायक प्रशासनिक अधिकारी (क्रय एवं भंडार)/ASSISTANT ADMINISTRATIVE OFFICER (PURCHASE AND STORES) |
| 10 | सहायक/ASSISTANT |
| **स्थान/LOCATION : एचबीसीएच/एमपीएमएमसी, वाराणसी/HBCH/MPMMC, VARANASI** | |
| 1 | सहायक प्रशासनिक अधिकारी (क्रय एवं भंडार)/ASSISTANT ADMINISTRATIVE OFFICER (PURCHASE AND STORES) |
| **स्थान/ LOCATION : बीबीसीआय, गुवाहाटी/BBCI, Guwahati** | |
| 1 | उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी ग्रेड I/DEPUTY CHIEF SECURITY OFFICER GRADE I |
| 2 | लेखा अधिकारी II/ACCOUNTS OFFICER II |
| 3 | सहायक प्रशासनिक अधिकारी/ASSISTANT ADMINISTRATIVE OFFICER |
| **स्थान/LOCATION : एचबीसीएच & आरसी, मुल्लनपुर, पंजाब/HBCH & RC, MULLANUR,PUNJAB** | |
| 1 | उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी ग्रेड I/DEPUTY CHIEF SECURITY OFFICER GRADE I |
| 2 | सहायक प्रशासनिक अधिकारी/ASSISTANT ADMINISTRATIVE OFFICER |
| 3 | सहायक लेखा अधिकारी/ ASSISTANT ACCOUNTS OFFICER |
| 4 | सहायक/ ASSISTANT |
| **स्थान/LOCATION : एचबीसीएच, संगरूर, पंजाब/HBCH, SANGRUR, PUNJAB** | |
| 1 | उप प्रशासनिक अधिकारी(एचआरडी)/DEPUTY ADMINISTRATIVE OFFICER (HRD) |
| 2 | लेखा अधिकारी II/ACCOUNTS OFFICER II |
| 3 | सहायक प्रशासनिक अधिकारी/ASSISTANT ADMINISTRATIVE OFFICER |
| 4 | सहायक लेखा अधिकारी/ASSISTANT ACCOUNTS OFFICER |
| 5 | सहायक प्रशासनिक अधिकारी (क्रय)/ASSISTANT ADMINISTRATIVE OFFICER (PURCHASE) |
| 6 | सहायक/ASSISTANT |
| **स्थान/LOCATION : एक्ट्रेक, नवी मुंबई/ACTREC, NAVI MUMBAI** | |
| 1 | उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी ग्रेड I/DEPUTY CHIEF SECURITY OFFICER GRADE I |
| 2 | जन संपर्क अधिकारी I/PUBLIC RELATIONS OFFICER I |

**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 24.12.2025 है (शाम 05.30 बजे तक; IST)/Last date for online application is 24.12.2025 (upto 05.30 PM ; IST)**

**विवरण के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट पर जाएँ: http://tmc.gov.in और "करियर" पर क्लिक करें**
**विज्ञापन क्रमांक 151/2025/For details, please visit our website: http://tmc.gov.in and click "Careers"**
**Advt. No.151/2025**

CBC 48149/12/0007/2526

# सभी विभाग लंबित कार्यों को समय पर करे पूर्ण : डीएम

## शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा, आपूर्ति, राजस्व आदि विभागों का प्रगति प्रतिवेदन किया गया प्रस्तुत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में सभी विभागों की योजनाओं एवं कार्यो की प्रथम समीक्षा बैठक जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में की गई। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया गया। तथा उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा, राजस्व, आपूर्ति, खनन, मनरेगा, आवास, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान सहित अन्य विभागों का प्रगति प्रतिवेदन जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन की स्थिति, गुणवत्ता तथा समयबद्ध निष्पादन की विस्तार से समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। योजना एवं विकास विभाग की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना, संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, बिहार मंदिर चहारदिवारी निर्माण येजना, बिहार महादलित विकास मिशन योजना एवं नीति आयोग की समीक्षा की। समीक्षा उपरांत उन्होंने सभी चल रहे कार्यो को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। मनरेगा योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने खेल मैदान, जीविका भवन निर्माण कार्य आदि की समीक्षा की। जिला पदाधिकारी ने ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सभी पंचायतों में आयोजित होने वाले रोजगार दिवस को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया, ताकि लोगों को इससे अधिक से अधिक लाभान्वित किया जा सकें। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की समीक्षा करते हुए सभी पंचायतों में अकार्यरत ई-रिक्शा, पैडल रिक्शा को मरम्मत करने का निर्देश दिया साथ ही डब्लूपीयू को भी कार्यरत कराने का निर्देश दिया ताकि पंचायतों में सफाई का कार्य सुचारूरूप से चलता रहे। सामाजिक सुरक्षा के समीक्षा के क्रम में कबीर अंत्येष्ठी अनुदान योजना से आच्छादित लाभुकों के भुगतान की स्थलीय जांच हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को मासिक निरीक्षण का निदेश दिया गया। इसके साथ ही अन्य विभागों की योजनाओं की जिला पदाधिकारी द्वारा बारिकी से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिया गया। सभी विभागों के पदाधिकारियों को अपने-अपने विभाग की लंबित कार्यो को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि नियमित समीक्षा के माध्यम से ही प्रशासनिक कार्यों में गति लाई जा सकती है। इसलिए सभी विभाग के पदाधिकारी लगातार अपने-अपने विभागों के कार्यो की समीक्षा करेंगे एवं अद्यतन प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, लक्ष्यों की समय पर पूर्ति तथा जनहित से जुड़ी योजनाओं में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अंत में जिला पदाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, कर्मियों को समय पर कार्यालय आने का निर्देश दिया। ताकि अधिक से अधिक कार्यो को समय पर निष्पादित किया जा सकें।बैठक में नगर आयुक्त, नगर निगम, उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्त्ता (सामान्य एवं आपदा प्रबंधन), सिविल सर्जन, अपर समाहर्ता विभागीय जांच सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता सहित जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# गीदड़ काटने से आधा दर्जन जखमी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के विभिन्न गांवों में गीदड़ ने आधा दर्जन से अधिक व्यक्तियों को काटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। सभी जख्मियों का इलाज पीएचसी नावकोठी में किया गया। जख्मियों में इनैया के मुकेश तांती की पत्नी ललिता देवी, सौखी साह के पुत्र गणेश साह, नरेश राम की पत्नी रंजू देवी, चक्का के राम पुकार महतो की पुत्री सोनम कुमारी, नावकोठी के वासो महतो के पुत्र अर्जुन महतो, पहसारा के गोपाल पंडित की पत्नी वसंती देवी, पीर नगर के त्रिवेणी सदा के पुत्र अर्जुन सदा, बेगमपुर के सुरेश पासवान की पत्नी रामकली देवी हैं। चिकित्सा पदाधिकारी डा हिमांशु ने बताया कि ललिता देवी तथा अर्जुन सदा को गाल, जांघ तथा हाथ में काट लिया है। इसके हाथ की अंगूली भी गीदड़ चबा गया। इसकी गंभीर स्थिति के मद्देनजर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया गया है। जख्मियों ने बताया कि डेगराहा चौर में खेत देखने, मवेशी के लिए चारा लाने गए थे। अर्जुन ने बताया कि बीपीएस पब्लिक स्कूल नावकोठी के उत्तर दिशा में एक महिला को गीदड़ काट रहा था। उसे बचाने गया, गीदड़ उसे छोड़ कर मुझे ही काट लिया। गीदड़ के आतंक से किसान अब चौर जाने से भी डर रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग के पदाधिकारी से गीदड़ के आतंक से त्राण दिलाने की गुहार लगाई है। वन विभाग के पदाधिकारी अमित कुमार एवं प्रीति कुमारी ने बताया कि घटना को संज्ञान में लेकर इसकी उचित कार्रवाई करने का प्रयास किया जा रहा है।

# एसपी के जनता दरबार में आए कई मामले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**तेघड़ा।** थाना परिसर में सोमवार को पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने जनता दरबार का आयोजन किया। जिसमें सैकड़ों लोगों की फरियाद सुनी गई और मौके पर ही तुरंत कार्रवाई का निर्देश दिया। इस जनता दरबार में आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे थे। जनता दरबार के दौरान कई गंभीर मुद्दे एसपी के सामने उठाए गए। तेघड़ा नगर परिषद के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि कन्हैया कुमार ने एसपी मनीष कुमार से क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे सुखा नशा, स्मैक और गांजा के अवैध कारोबार को लेकर सख्त शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि इससे युवा पीढ़ी प्रभावित हो रही है। वहीं बरौनी-1 के मुखिया पंकज सिंह राधे राधे ने एक चौंकाने वाली शिकायत की। उन्होंने बताया कि धोखाधड़ी और कालाबाजारी के आरोप में जेल भेजे गए व्यक्ति त्रिपुरारी कुमार को महज 24 घंटे के भीतर ही बेल (जमानत) मिल गई। मुखिया ने इस मामले की निष्पक्ष जांच और त्वरित कार्रवाई की मांग की। एसपी मनीष कुमार ने सभी फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि किसी भी तरह की अवैध गतिविधि या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल इन मामलों की जांच शुरू करने और सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया।एसपी ने जोर देकर कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य लोगों को न्याय दिलाना और पुलिस एवं जनता के बीच विश्वास को बढ़ाना है।

# भाकपा माले का बुलडोजर राज के विरूद्ध प्रतिवाद मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** भाकपा-माले ने अपने कार्यालय से मंगलवार को बुलडोजर राज के विरुद्ध प्रायिवाद मार्च निकाला जो समाहरणालय स्थित उत्तरी द्वार पहुंच सभा में परिणत हो गया। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा-माले जिला सचिव दिवाकर प्रसाद ने कहा कि नवादा जिले के रोह थाना क्षेत्र के भट्टा गांव में 5 दिसंबर को कपड़ा फेरीवाले मोहम्मद अतहर हुसैन की बर्बर मॉबलिंचिंग गंभीर सवाल खड़े करती है। यह घटना बिहार में भाजपा द्वारा सांप्रदायिक हिंसा के लगातार बनाए जा रहे माहौल का जीवंत उदाहरण है। गृह मंत्री सम्राट चौधरी के कार्यभार संभालने के बाद बिहार में मॉब हिंसा और बुलडोजर कार्रवाई बढ़ी है। यदि एनडीए सरकार बिहार में योगी मडल लागू करने का सपना देख रही है तो यह बिहार की सामाजिक एकता और लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक है और इसका जोरदार जवाब दिया जाएगा। वीरपुर के कपड़ा व्यवसाई मोहम्मद सहजाद ने अपराधियों को रंगदारी नहीं दिया तो हत्या कर दी गई। कार्यक्रम को इंसाफ मंच के संयोजक एहतेशाम अहमद अधिवक्ता, तलहत यास्मीन अधिवक्ता, चन्द्रदेव वर्मा, नवल किशोर सिंह, राजेश श्रीवास्तव, इन्द्रदेव राम, नूरूल इस्लाम जिम्मी, संजय ठाकुर, कैलाश महतो, विशाल पासवान, मोहम्मद शोहराव, शंकर रजक, रामकुमार तांती, राजेश मालाकार, रामललित यादव, अरविंद महतो ने संबोधित किया।

# जैविक/प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** अर्थ गंगा अंतर्गत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तत्वावधान में कृषि भवन, सभागार आरा में जैविक/प्राकृतिक खेती विषय पर प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला आयोजित की गयी। उद्घाटन डीएओ एवं डीपीओ, जिला गंगा समिति नमामी गंगे भोजपुर अमित कुमार द्वारा संयुक्त रूप से की गयी। डीएओ द्वारा प्राकृतिक/जैविक खेती की महता एवं उद्देश्य की जानकारी दी गयी। जिला परियोजना प्रबंधक, नमामी गंगे अमित कुमार द्वारा रसायनिक उर्वरकों, कीटनाशक, खरपतवार नाशक आदि के प्रयोग से एग्रो इकोलॉजी पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की गयी। कार्यक्रम में जिला उद्यान पदाधिकारी, सहायक निदेशक, (शष्य), प्रक्षेत्र, सहायक निदेशक रसायन, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, भोजपुर, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, आरा सदर, सहायक, उद्योग प्रसार पदाधिकारी, भोजपुर सम्मिलित हुए एवं कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए अपने विचार व्यक्त किये। सहायक निदेशक, रसायन द्वारा भोजपुर जिले में संचालित प्राकृतिक खेती योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी। जैविक/प्राकृतिक खेती विषय पर प्रशिक्षण- सह-कार्यशाला में तकनीकी संसाधन सेवी के रूप में कृषि विज्ञान केन्द्र, भोजपुर के वैज्ञानिक डॉ सच्चीदानन्द सिंह एवं डॉ अनिल कुमार यादव उपस्थित हुए। डॉ सच्चीदानन्द सिंह द्वारा जैविक/प्राकृतिक उत्पाद के सेवन का महत्व, जैविक खेती की आवश्यकता एवं जैविक खेती के पूर्व की जाने वाली गतिविधियों पर उपस्थित कृषकों के बीच जानकारी साझा की गयी। कृषि वैज्ञानिक डॉ अनिल कुमार यादव द्वारा जैविक/प्राकृतिक खेती में प्रयुक्त इनपुट यथा-गोबर खाद, कम्पोस्ट, जैविक खाद, वर्मीकम्पोस्ट, वर्मीवास, जीवामृत, बीजामृत आदि के उत्पादन एवं प्रयोग विधि की जानकारी दी गयी।

# नावकोठी में पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत

## मॉनिटरिंग के लिए लगाए गए हैं 18 सुपरवाइजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

20 हजार बच्चों को मिलेगा लाभ




**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में 16 दिसंबर से होने वाले पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत चिकित्सा पदाधिकारी डा हिमांशु ने पीएचसी में 0-5 वर्ष के बच्चों को दो बूंद दवा पिलाकर की। उन्होंने कहा कि इस अभियान में 0-05 वर्ष तक के 20 हजार बच्चों को पोलियो का ड्राप देकर प्रतिरक्षित करने का लक्ष्य है। इसके लिए 42 हाउस टू हाउस टीम, 08 मोबाइल टीम, 01 ट्रांजिट टीम तथा 18 सुपरवाइजर की तैनाती की गई है। दवा के सतत एवं निर्बाध आपूर्ति हेतु पहसारा, गम्हरिया, रजाकपुर, देवपुरा, समसा में सब डिपो एवं बेगमपुर में ड्रापिंग प्वाइंट बनाये गए हैं। मौके पर बीएमसी गोपाल शर्मा, बी सीएम उषा कुमारी, एएनएम मिंटू कुमारी, सुपरवाइजर कपूर चंद ठाकुर, शंभू प्रसाद चौधरी, सदानंद, हरिनंदन महतो, राहुल कुमार आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जीडी कॉलेज परिसर में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का सातवें एवं अंतिम दिन भव्य समापन किया गया। इस अवसर पर शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न शैक्षणिक, रचनात्मक एवं कौशल विकास से जुड़ी प्रतियोगिताओं में उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधा प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में पूरे सप्ताह की गतिविधियों का सारांश प्रस्तुत किया गया तथा स्वयंसेवकों के योगदान की सराहना की गई। मौके पर मौजूद कलेज के प्राचार्य प्रोफेसर भूपेंद्र नारायण ने कार्यक्रम पदाधिकारी सहित सभी स्वयंसेवक को निरंतर कार्यक्रम के लिए बधाई व आगे के लिए शुभकामनाएं दिया।इस अवसर पर यूनिट एक की कार्यक्रम पदाधिकारी डा. सहर अफरोज ने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य युवाओं के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनमें सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने अनुशासन, नेतृत्व और सेवा भाव का उत्ष्ट परिचय दिया है। मेधा प्रतिभागियों का सम्मान अन्य स्वयंसेवकों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। यूनिट दो के कार्यक्रम पदाधिकारी दिनेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सात दिवसीय शिविर में आयोजित प्रतियोगिताओं ने स्वयंसेवकों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और टीम भावना को निखारने का कार्य किया है। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को मैडल व प्रतियोगिता परीक्षा में काम आने वाला पुस्तक देकर सम्मानित किया गया तथा शिविर की सफलता के लिए सभी स्वयंसेवकों कार्यक्रम पदाधिकारियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। शिविर के दौरान आशु भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशा कुमारी, द्वितीय निशि रानी एवं तृतीय स्थान प्रिंस केसरी ने प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम मो. मिजान, द्वितीय प्रिंस केसरी तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से उज्ज्वल एवं अभिनव को मिला। फर्स्ट एड बॉक्स निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम फलक, द्वितीय याशमीन एवं तृतीय कुलदीप रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान याशमीन, द्वितीय शुभ्रा लक्ष्मी तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से फलक एवं श्रीराम ने प्राप्त किया। कविता पाठन प्रतियोगिता में प्रथम निशा कुमारी, द्वितीय विक्रम राठौड़ एवं तृतीय कोमल रहीं। वहीं मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम आसमां खातून, द्वितीय शहनाज तथा तृतीय स्थान निशि रानी को मिला। पाक कला प्रतियोगिता में प्रथम शाहिन अनवर, द्वितीय गुलशन कुमार एवं तृतीय स्थान याशमीन ने प्राप्त किया।इसके अतिरिक्त क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीम एक, द्वितीय टीम छह तथा तृतीय स्थान टीम पाँच को मिला।

# संजय सरावगी ने बढ़ाया मिथिला का मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** नगर विधानसभा के प्रभारी सह जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी ने बिहार भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी से उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें नव दायित्व के लिए बधाई दी एंव केन्द्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में ही यह संभव है कि एक सामान्य कार्यकर्ता प्रदेश का अध्यक्ष बन सकता है। संजय सरावगी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से दरभंगा सहित संपूर्ण मिथिला एवं बिहार में खुशी का माहौल है। संजय सरावगी के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्ज़ा मिलेगी और पार्टी बिहार में और अधिक सशक्त होकर जन-जन तक पहुंचेगी। उनके अनुभव एवं संगठनात्मक क्षमता से पार्टी को आगामी चुनौतियों में मजबूती मिलेगी। कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में भाजपा सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को और मजबूती से आगे बढ़ाएगी तथा बिहार में संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि संजय सरावगी के सक्षम नेतृत्व में, संगठन को एक नई ऊर्ज़ा और दिशा मिलेगी। वह बिहार में भारतीय जनता पार्टी को और अधिक सशक्त, अनुशासित एवं जनोन्मुखी बनाने में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। उन्होंने संजय सरावगी को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, गृहमंत्री अमित साह, कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नवीन सहित सभी केन्द्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

# संकुलस्तरीय टीएलएम मेला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखण्ड के सीआरसी उच्च माध्यमिक विद्यालय पालीडीह में मंगलवार को शिक्षकों की प्रतिभा और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग के निर्देश पर संकुल स्तरीय निपुण टीएलएम मेला आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार, गोपाल कुमार और विश्वनाथ साह ने संयुक्त रूप से किया। निर्णायक मंडल में अर्पण कुमार, नगीना शर्मार और मनोज कुमार शामिल थे।टीएलएम मेला में गणित विषय में मिडिल स्कूल। चूड़ामनचक के मो फारूख ने प्रथम स्थान हासिल किया। हिंदी में प्राथमिक विद्यालय पाली के अमित कुमार ने प्रथम स्थान पाया। पर्यावरण में मिडिल स्कूल पाली डीह के सुधीर कुमार पाठक ने प्रथम और अंग्रेजी में मिडिल स्कूल लखनपुर के देशबंधु और उर्दू विषय में महताब अंसारी ने प्रथम स्थान पाया। चयनित शिक्षकों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# नियोजित शिक्षिका की मौत

**आरा।** बड़हरा प्रखंड के नथमलपुर पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय नया सेमरिया में नियोजित शिक्षिका सुनीता देवी का हार्ट अटैक से मौत हो गई। यह घटना मंगलवार सुबह 10 बजे के आसपास हुआ। मौत की सूचना मिलते ही प्रखंड के शिक्षक संकुल संसाधन केंद्र नथमलपुर पहुचें। जहां एक शोक सभा आयोजित हुआ। शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया।

# नाट्य महोत्सव में केकई नाटक का मंचन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** दिनकर कला भवन में रंग संस्था द प्लेयर्स एक्ट द्वारा संस्ति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से चतुर्थ राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव रंग उत्सव के दूसरे दिन केकई नाटक का मंचन किया गया।रंग उत्सव के दुसरे दिन रंग दूत, सीधी, मध्य प्रदेश की नाट्य प्रस्तुति कैक्रेई का मंचन किया गया। जिसका लेखन व निर्देशन रानवि रंग मंडल में अपनी अभिनय प्रतिभा का जलवा दिखा चुके युवा अभिनेता व निर्देशक प्रसन्न सोनी ने किया। रामायण के किरदार कैक्रेई पर आधारित इस नाटक में निर्देशक एक नए नजरिये के साथ कैक्रई के चरित्र को लोगों को देखने और सोचने पर विवश करने में सफल होते हैं। इस कथा में कई पात्र ऐसे हैं। जिन्हें हम केवल परंपरा के आधार पर दोषी मानते रहे हैं। कैक्रेयी उनमें सबसे बड़ा उदाहरण है। सदियों से उसे केवल उस स्त्री के रूप में याद किया गया। जिसने राम को वनवास दिया। परंतु शायद ही किसी ने उसके भीतर झाँककर देखा हो। इस प्रस्तुति का उद्देश्य यही है कि दर्शक कैक्रेयी को एक नए नजरिये से देखें। वह न केवल रानी थी। बल्कि एक माँ एक पत्नी और एक धर्मनिष्ठ नारी भी थी। उसका हर निर्णय केवल व्यक्तिगत स्वार्थ से प्रेरित नहीं था। बल्कि उस समय की सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों और उसके कर्तव्य-बोध से जुड़ा था। दर्शकों ने इस नाटक को देखते हुए पाया कि कैक्रेयी केवल दोषी नहीं थी। बल्कि वह भी परिस्थितियों की शिकार और अपने वंश की रक्षा के लिए बलिदान देने वाली नारी थी। यही संदेश इस नाटक के माध्यम सेदेने का प्रयास था। मंचन के पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कला एवं संस्ति पदाधिकारी श्याम कुमार साहनी, ड अमित रौशन, गणेश गौरव, अमिय कश्यप, ड राहुल कुमार, दिलीप कुमार सिन्हा, विश्वरंजन कुमार सिंह राजू , अध्यक्ष समीर शेखर ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।संस्था की और से पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह से अतिथियों को सम्मानित किया गया।अपने उद्बोधन में संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए अतिथियों ने यह कहा कि इस तरह के उत्सव हमारी सांस्तिक जड़ों को मजबूत करने और एक दूसरे से कुछ नया सीखने के साथ ही कला साहित्य और रंगमंच प्रेमियों के लिए एक शानदार अवसर है। पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन युवा कवि और अभिनेता दीपक कुमार ने किया। नाट्य मंचन के उपरांत नाटक के निर्देशक प्रसन्न सोनी को उपमहापौर अनीता राय, कला एवं संस्ति पदाधिकारी श्याम कुमार साहनी और समाजसेवी विश्वरंजन कुमार सिंह राजू के द्वारा अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ और प्रतिक चिन्ह से सम्मानित किया गया।

# नवजात को खुराक पिलाकर की गई पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिले में पांच दिनों तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह ने आज नवजात शिशुओं को खुराक पिलाकर की। इस मौके पर स्थानीय सदर अस्पताल में मंगलवार को आयोजित एक समारोह में उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह ने भागलपुर वासियों से अपील करते हुए कहा कि 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक चलने वाले पोलियो उन्मूलन अभियान में जन्म से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को दो बूंद पोलियो की दवा अवश्य पिलाई जाए ताकि उनका जीवन स्वस्थ रह सके। प्रभारी सिविल सर्जन डॉ पंकज मानस्वी ने कहा कि पोलियो उन्मूलन अभियान आगामी 20 दिसंबर तक चलने के बाद बी टीम का कार्य 22 दिसंबर को होगा। जिसमें 5 दिनों तक चलने वाले अभियान से वंचित बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई जाएगी। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ धनंजय कुमार ने कहा कि जिले में कुल हाउस टू हाउस टीम 1488, ट्रांजिट टीम 315, मोबाइल टीम 86 बनाया गया है जिसके द्वारा 645248 घरों में कुल 668832 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इस अवसर पर सदर अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. राजू कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आर पी जायसवाल, छपरा यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति डॉ फारूक अली, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ अमर राज, यूनिसेफ के एसएमसी अमित कुमार, यूएनडीपी के संदीप सिंह, पीसीआई के आनंद कुमार, जेएसआइ के रिंकेश कुमार, अस्पताल के स्वास्थ्य प्रबंधक आशुतोष कुमार, यूनिसेफ के बीएमसी पीतांबर कुमार सिंहा, फील्ड मॉनिटर गोपाल चौधरी मौजूद थे।

CMYK

# पुनपुन अंतरराष्ट्रीय पौष पितृपक्ष खरमास मेले का उद्घाटन, पिंडदानियों को मिलेंगी सभी सुविधाएं

## 16 दिसंबर से 14 जनवरी तक चलेगा मेला, देश-विदश से पिंडदानी करते हैं पिंडदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** पुनपुन में पौष माह का मिनी पितृपक्ष मेला शुरू हो गया है। जो 16 दिसंबर से 14 जनवरी तक के लिए इस मेले का आयोजन किया गया है। पुनपुन अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेला का उद्घाटन विधायक श्याम रजक, एसडीएम अभिषेक कुमार, प्रखंड प्रमुख गुड़िया देवी, नगर अध्यक्ष रितेश भुटाली ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक श्याम रजक ने कहा कि पुनपुन में देश-विदेश से लोग यहां पर अपने पितरों की मुक्ति के लिए पिंडदान करने आते हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा की पुनपुन घाट का अपना ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व रहा है। मेले के स्वरूप को और विस्तार करने की जरूरत है। 20 वर्ष पहले का पुनपुन व आज के पुनपुन में काफी बदलाव देखने को मिलि है। धर्म में आस्था व विश्वास रखने वाले पितरों की मुक्ति के लिए देश-विदेश के सैकड़ों श्रद्धालु पिंडदान करने के लिए पुनपुन नदी घाट पर आते हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा खरमास मेला भगवान सूर्य पर समर्पित है क्योंकि भगवान सूर्य 15 दिनों के लिए आराम करने चले जाते हैं जहां रथ में गधे को जोड़कर भगवान सूर्य का रथ चलाया जाता है। जिससे मौसम भी परिवर्तन होता है। इसके अलावा उन्होंने कहा की भगवान श्री राम भी अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए यहां पिंड का तर्पण किए थे। वहीं एसडीएम अभिषेक कुमार ने कहा कि खरमास मेला की शुरुआत नेपाल के राजा ने की थी। इसके अलावा उन्होंने देश-विदेश से आने वाले पिंडदानियों की हर मूलभूत सुविधा, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, आदी की व्यापक तैयारी के बारे में बताया। उद्घाटन कार्यक्रम के मौके पर कार्यपालक अनुमंडल कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार, भूमि सुधार उपसमाहर्ता कोमल किरण, पुनपुन बीडीओ उदय कुमार, सीओ ममता कुमारी, ईओ पुष्पक कुमार आदी शामिल रहे।

### छह वरीय नोडल पदाधिकारी, 54 दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ती

**मसौढ़ी।** पुनपुन अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेले की शुरुआत मंगलवार यानी 16 दिसंबर से शुरू हो गई है। जो आगामी 14 जनवरी तक चलेगा। जिसको लेकर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर अनुमंडल प्रशासन ने पुलिस मजिस्ट्रेट की तैनाती की है। जिसमें नोडल पदाधिकारी के रूप में 6 पदाधिकारीयों की तीन पालियों में प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा 57 दंडाधिकारी और 77 पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी पुलिस मजिस्ट्रेट तीन पालियों में ड्यूटी पर मुस्तैद रहेंगे। जो सुबह 6:00 बजे से दोपहर 2:00 तक, दोपहर 2:00 से रात 10:00 तक और रात 10:00 बजे से सुबह 6:00 तक ड्यूटी पर रहेंगे। पूरे पुनपुन में पूजा स्थल से लेकर सभी 18 जगहों पर पुलिस मजिस्ट्रेट एवं क्विक मोबाइल की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा खरमास मेला नियंत्रण कक्ष भी स्थापित की गई है जिसका वरीय प्रभार राजस्व पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार को बनाया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि यह मेला 14 जनवरी तक चलेगा और इस पूरे मेले देश विदेश से आने वाले पिंड दानी को किसी भी तरह की असुविधा ना हो जिसको लेकर व्यापक तैयारियां की गई है। साफ सफाई लाइट एवं सुरक्षा यातायात सुविधा, भीड़ नियंत्रण तमाम चीजों की तैयारी की गई है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पांच साल में 50 लाख...

निश्चय-3 का पांचवां निश्चय 'सुलभ स्वास्थ्य- सुरक्षित जीवन' है। इसके तहत प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को विशिष्ट चिकित्सा केंद्र के रूप में और जिला अस्पतालों को अति विशिष्ट चिकित्सा केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। दरअसल, राज्य के नए मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में बेहतर पढ़ाई एवं इलाज के लिए लोक-निजी भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा। दूर के ग्रामीण इलाकों में बेहतर चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के लिए डॉक्टरों को अलग से प्रोत्साहन की व्यवस्था और सरकारी डॉक्टरों की निजी प्रैक्टिस पर रोक लगाने की नीति लाई जाएगी। सात निश्चय-3 का छठा निश्चय 'मजबूत आधार-आधुनिक विस्तार' है। इसके तहत राज्य में शहरी क्षेत्रों का विस्तार और नागरिक सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। साथ ही नए आधुनिक नियोजित शहरों का विकास किया जाएगा और शहरी गरीबों के लिए सस्ते आवास की व्यवस्था की जाएगी। शहरों में आसान कनेक्टिविटी के लिए 5 नई एक्सप्रेस-वे सड़कों का निर्माण और ग्रामीण सड़कों का फ़ेज वाइज 2 लेन में चौड़ीकरण कराया जाएगा। इसके अलावा सभी इच्छुक लोगों के घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही राज्य के टूरिस्ट जगहों को विकसित कर नेशनस और इंटरनेशनल लेवल के पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित किया जाएगा। साथ ही पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाले सर्किट में सभी प्रकार की सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसके अलावा राज्य में महत्वपूर्ण जगहों पर हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में फिल्मों की शूटिंग के लिए फिल्म सिटी का निर्माण और फिल्म व्यवसाय को प्रोत्साहित किया जाएगा। खास बात यह भी है कि पटना में वर्ल्ड क्लास स्पोर्ट्स सिटी के निर्माण के साथ ही राज्य के सभी जिलों में खेलों के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी। राज्य में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी कराया जाएगा। साथ ही प्रगति यात्रा से संबंधित 430 स्वीकृत योजनाओं और सात निश्चय-2 के बचे कार्यों को तेजी से पूरा किया जाएगा। सात निश्चय-3 का सातवां और अंतिम निश्चय 'सबका सम्मान-जीवन आसान' है। इसके तहत राज्य में आधुनिक तकनीक, नवाचार और संवेदनशील सुशासन के माध्यम से राज्य के सभी नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिये काम किया जाएगा।

# समता पार्टी के दौर से जदयू के साथी रहे महेंद्र सिंह के श्राद्धकर्म में पहुंचे सीएम, दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** पुनपुन प्रखंड के रसिलचक गांव में मंगलवार की शाम को मुख्यमंत्री नितिश कुमार ने जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया रहे दिवगंत महेन्द्र सिंह के श्राद्धकर्म कार्यक्रम मे सम्मलित हुए एवं उनके तैलचित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की उसके बाद उनके शोक संतत परिजनों से मुलाकात की। दरअसल दिवगंत पूर्व जदयू प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र सिंह समता पार्टी के दौर के साथी रहे हैं और काफी नजदीकी भी रहे हैं। मौके पर श्राद्धकर्म आयोजित कार्यक्रम में, विधायक श्याम रजक, विधान पार्षद रविन्द्र प्रसाद सिंह, विधान पार्षद संजय गांधी, ललन शर्राफ, पुनपुन प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार सहनी, ओम सिंह मनीष कुमार, सहित गणमान्य नेतागण ने श्रद्धांजलि अर्पित की बताया जाता है कि दिवगंत महेंद्र सिंह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे इस बीमारी के चलते उनका निधन हो गया था। बहरहाल श्राद्ध कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों ने दिवगंत आत्मा की शांति को लेकर प्रार्थना और श्रद्धांजलि अर्पित की।

# 34 हजार बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी में में मंगलवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ हुआ। जहां अस्पताल प्रभारी डॉ रामानुजन ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर इसका उद्घाटन किया। यह अभियान जिले में 16 से 20 दिसंबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि तीन तरह की टीम पोलियो की खुराक पिलाने का काम करेंगी। इस अवसर पर पीएससी प्रभारी डॉक्टर रामानुज, डॉ आनंद, चंद्रभूषण प्रसाद, डब्ल्यूएचओ ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ईश्वर चंद्र सिंह, एवं राकेश पटेल एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। डॉ. रामानुज ने आम जनता से अपील की है कि वे अपने सभी छोटे बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलवाएं। उन्होंने इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करने का भी आग्रह किया। डब्ल्यूएचओ ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ईश्वर चंद्र सिंह ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए कुल 101 कर्मी घर-घर में जाकर दवा पिलायेगें। 17 ट्रांजिट टीम, 40 सुपरवाइजर टीम, और चार स्पेशल टीम बनाई गई है जो ईट भट्ठा पर घूम घूम कर पल्स पोलियो की खुराक पिलाएंगे।। बहरहाल राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान मंगलवार से शुरू होना है। इस सघन अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। जहाँ स्वास्थ्य कर्मी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों को पोलियो की दो बूंदें पिलायेंगें। ये बूथ स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, बस स्टैंडों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर बनाए गए हैं ताकि कोई भी बच्चा खुराक से वंचित न रहे।

# डीएम के निर्देश पर मसौढ़ी, धनरूआ एवं पुनपुन के सभी अस्पतालों का रात में हुआ निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** जिलाधिकारी के निदेश पर अधिकारियों द्वारा सोमवार देर शाम विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों-सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, अनुमंडल अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया गया। मसौढ़ी में बीडीओ प्रभाकर कुमार, धनरूआ में बीडीओ सीमा कुमारी और पुनपुन में बीडीओ उदय कुमार ने अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण में रोस्टर के अनुसार अनुपस्थित पाए गए सभी चिकित्सा पदाधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों का वेतन अगले आदेश तक अवरूद्ध करते हुए स्पष्टीकरण किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के उद्देश्यों के अनुरूप आम जनता के लिए उत्तम स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सम्पूर्ण प्रशासनिक तंत्र इसके लिए सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध है। अस्पतालों का औचक निरीक्षण इसी उद्देश्य के तहत कराया जा रहा है। निरीक्षी पदाधिकारियों द्वारा मरीजों एवं उनके परिजनों से भी फीडबैक लिया गया है। उनके द्वारा विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन समर्पित किया गया है। इसके आलोक में अग्रेतर सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अस्पतालों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है। रोस्टर के अनुसार चिकित्सकों एवं कर्मियों की कर्तव्य पर उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, अस्पतालों की साफ-सफाई सहित सभी मानकों पर सरकार के दिशा-निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है।

# जिसने भी राम कथा रस पिया, वह जी भर के जिया : ध्रुव महाराज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अथमलगोला।** प्रखंड अंतर्गत करजान गांव के दुर्गा स्थान परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा समारोह के प्रथम दिवस का विधिवत उद्घाटन प्रसिद्ध शल्य चिकित्सक डॉ अरुण कुमार सिंह ने मंगलवार को किया। इस अवसर पर मैनेजर सिंह, रामायण सिंह, सुनील सिंह, राजेश्वर सिंह, अरविंद सिंह, बिजेंद्र सिंह, बबलू सिंह, अजीत सिंह, प्रेम सिंह, लाली सिंह,सिकंदर कुमार बबलू सहित दर्जनों प्रबुद्ध जन एवं सैकड़ों की संख्या में कथा प्रेमी मौजूद रहे। प्रवचनकर्ता श्री ध्रुव जी महाराज ने कथा की शुरुआत में श्री राम कथा के महत्व का बखान करते हुए कहा कि जिसने भी राम कथा रस पिया, वह जी भर के जिया। उन्होंने करुणा और धर्म के संदेश को सरल एवं भावपूर्ण शब्दों में प्रस्तुत किया। कथा का उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक मूल्यों सद्भाव और नैतिकता को सुदृढ़ करना है। कथा के दौरान भगवान श्री राम के जन्म से लेकर वनवास सीता हरण लंका विजय और राज्याभिषेक तक की लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। भजनों और संकीर्तन ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जिससे श्रोतागण भाव विभोर हो उठे। आयोजन में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं। आयोजको द्वारा सुरक्षा स्वच्छता और बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचकर कथा का लाभ लेने और अनुशासन बनाए रखने की अपील की है। प्रतिदिन सायं काल कथा भजन कीर्तन और आरती का कार्यक्रम होगा। आयोजकों के अनुसार इस राम कथा के माध्यम से जन मानस में धर्म सत्य और सेवा के भाव को जागृत करने का प्रयास किया जा रहा है।

# 21 बोतल विदेशी शराब को मसौढ़ी पुलिस ने किया जब्त

## न्यू इयर सेलिब्रेशन की थी तैयारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** न्यू ईयर की पार्टी और मौज मस्ती कर हुडदंग मचाने वालों की खैर नहीं होगी, दरअसल नए थाना अध्यक्ष ने कमान संभालते ही लगातार अपने पूरे इलाके में गस्ती को बढ़ा दी है। इसके अलावा शराब सप्लायर पर सक्रियता दिखाते हुए तबातोड़ छापेमारी भी कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिली की ट्रेन से उतरकर बोतल से भरा हुआ थैला एक सप्लायर लेकर जा रहा है, जिसे टीम गठित कर तरेगना रेलवे स्टेशन के आसपास घेराबंदी की गई, लेकिन इससे पहले ही शराब सप्लायर को पुलिस की भनक लग गई थी वह बोतल से भरा हुआ शराब का थैला छोड़कर फरार हो गया और पुलिस लावारिस स्थिति में बोतल से भरा हुआ थैला को जप्त किया है। बरामद शराब में विभिन्न कंपनियों के 19 अंग्रेजी विदेशी शराब की बोतलें हैं। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिली थी की तारेगना रेलवे स्टेशन से ट्रेन से उतरकर शराब माफिया शराब सप्लाई करने के लिए जा रहा है। सूचना को सत्यापन करते हुए टीम के साथ तारेगना रेलवे स्टेशन के आसपास गिरफ्तारी को लेकर घेराबंदी की जहां इससे पहले ही शराब सप्लायर को पुलिस की भनक लगते ही बोतल से भरा हुआ थैला को छोड़कर वह फरार हो गया था।

# छात्राओं को देसी कट्टा दिखाकर करता था परेशान, चढ़ गया पुलिस के हत्थे

## देसी पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** लहसुना थाना क्षेत्र में पिछले कई दिनों से सरकारी स्कूल की छात्राओं को स्कूल जाने के दौरान देसी कट्टा दिखाकर उसे छेड़खानी करने की कोशिश कर रहा था, जिसकी शिकायत लगातार पुलिस को मिल रही थी, ऐसे में लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून के नेतृत्व में टीम गठित करते हुए उन लफंगों के खिलाफ घेराबंदी कर छापेमारी की गई, जहां उसमानचक मुर्गी फार्म के पास से दो निरूद्ध बालक को एक देसी कट्टा दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ क्रम में बताया कि अपने किसी साथी से देशी कट्टा लिए थे। बहरहाल बुधवार को सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करते हुए पूरे घटनाक्रम को बताया की पुलिस ने दो निरुद्ध बालक को देसी कट्टे और जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया है और पूरे मामले की जांच कर रही है कि आखिर यह पिस्तौल किसके पास से क्यों लाया पूरे घटना की छानबीन की जा रही है।

# बिक्रम में थानाध्यक्ष की विदाई पर समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रम।** थानाध्यक्ष विनोद कुमार के स्थानांतरण पर थाना परिसर में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता डीएसपी 2 पंकज कुमार ने की। मौके पर उपस्थित बीडीओ पंकज कुमार एवं अंचलाधिकारी स्वयं प्रभा ने थानाध्यक्ष के बिक्रम में दो वर्षों के कार्यकाल के दौरान हुए बदलाव और सहयोग की चर्चा की। डीएसपी पंकज कुमार ने पुलिसिंग व्यवस्था पर चर्चा की।मौके पर अंचल निरीक्षक चंद्रिका प्रसाद, रानीतालाब थानाध्यक्ष बिट्टू कुमार, एसआई वरुण कुमार, विष्णु कुमार, शशि भूषण सिंह, सुब्रत वासुदेव, महफूज अहमद, अजय कुमार, गुड्डू सिंह, सतीश शर्मा, अनिल कुमार, दिलीप यादव, चंदन कुमार, अभिजीत कुमार, जितेंद्र यादव, शंकर पासवान, अजित सिंह आदि मौजूद थे।

# बीस सूत्री की बैठक में योजनाओं में पारदर्शिता लाने पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** धनरूआ प्रखंड मुख्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष वेद प्रकाश ने की। नवनिर्वाचित विधायक अरूण मांझी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक से पहले नवनिर्वाचित विधायक अरुण मांझी को प्रखंड प्रशासन की ओर से बुके का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इस बैठक में सरकारी योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा धनरूआ प्रखंड में आंगनवाड़ी संचालन में शिकायत, लघु सिंचाई, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी का गायब रहना, अंचल कार्यालय, ग्रामीण सडक विभाग, समेत कई विभागों के मुद्दे पर गहन समीक्षा की गई एवं किसानों से जुड़े मुद्दे जिसमें यूरिया और डीएपी की कालाबाजारी पर चर्चा हुईं। शिकायत मिली की गोदामों में खाद होने के बावजूद दुकानदार अधिक दामों पर बेच रहे। बैठक में बीडीओ सीमा कुमारी, सीओ श्वेता कुमारी, सीडीपीओ जीनत कौसर, धनरूआ थाना के अपर थानाध्यक्ष आलोक कुमार समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे हैं। वही बीस सूत्री, उपाध्यक्ष सतीश यादव, दिलीप चंद्रवंशी सुषमा यादव, रंजन कुमार, अरविंद कुशवाहा, उपेंद्र सिंह, विकास कुमार असिन अहमद आदि शामिल रहे।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/584, दिनांक: 15.12.2025।** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा संख्या: एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/07/25-26/आरआरएसके। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** दमदम जंक्शन-पेट्रापोल के सम्बन्ध में संकेत कार्य - सियालदह मंडल में टीआरआर (पी)-24.590 टीकिमी. एवं सीटीआर(पी)-9.607 टीकिमी.। **निविदा मूल्य:** ₹ 64,94,449.64। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **जमा की जानेवाली बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 1,29,900। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 महीना। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 26.12.2025। **निविदा जमा बंद होने की तारीख:** 09.01.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 09.01.2026 को दोपहर 2.30 बजे। **विवरण जहाँ उपलब्ध है: www.ireps.gov.in। तकनीकी पात्रता की शर्तें:** निविदादाता को जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गई है उसके ठीक पहले वाले महीने की अंतिम तारीख को समाप्त विगत 07 (सात) वर्षों के दौरान कार्य (र्यों) की निम्नलिखित श्रेणियों में से कोई भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया हुआ होना अथवा काफी हद तक पूरा किया हुआ होना चाहिए: (i) समरूप प्रकृति के तीन कार्य, जिसमें से प्रत्येक की कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 30% की राशि के समान हो अथवा (ii) समरूप प्रकृति के दो कार्य, जिसमें से प्रत्येक की कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 40% की राशि के समान हो अथवा (iii) समरूप प्रकृति का एक कार्य, जिसकी कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 60% की राशि के समान हो। **वित्तीय पात्रता की शर्तें:** निविदादाता के पास वी/एन अथवा 'वी', जो भी कम हो, का न्यूनतम औसतन वार्षिक ठेकागत कारोबार अवश्य होना चाहिए; जहाँ वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन = कार्य संपादन हेतु निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकागत कारोबार की गणना लेखा-परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार विगत तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकागत भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, पिछले वर्ष का तुलन पत्र अभी तक तैयार/लेखा-परीक्षित ना होने के मामले में, औसत वार्षिक ठेकागत कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा-परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जायेगा। निविदादाता को लेखा-परीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथोचित समर्थित सनदी लेखापाल से प्राप्त प्रमाणपत्र/सनदी लेखापाल द्वारा यथोचित प्रमाणित लेखा-परीक्षित तुलन पत्र की प्रतियों के साथ जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इंस्टेंट निविदा दस्तावेज की प्रपत्र-6) के अनुसार आवश्यक जानकारियां अवश्य जमा करनी होंगी। **जमा किये जाने वाले अन्य दस्तावेज:** निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनुसार। **समरूप प्रकृति का कार्य:** डेटा लॉगर या आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना और शुरुआत या ईआई या आरआरआई या पीआई या आईबीएस या आईबीएच या लेवल क्रॉसिंग गेट इंटरलॉकिंग या यार्ड संशोधन या यूएफएसबीआई या ट्रैक सर्किट (एएफटीसी या डीसी टीसी) या एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी या एमएसडीएसी या एचए-एसएसडीएसी) या स्वचालित सिग्नलिंग से जुड़े किसी भी सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्य को इस निविदा कार्य के लिए समान प्रकृति के कार्य के रूप में माना जाएगा। **द्रष्टव्य:** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनुसार पात्रता की शर्तों को पूरा करने के उनके/उसके दावे के समर्थन में दस्तावेज अवश्य जमा करना होगा। निविदादाता द्वारा जमा किये जाने वाले अनुशंसा पत्र के समर्थन में दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की प्रतियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता या निविदा देने वाली फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-अभिप्रमाणन/डिजीटल रूप से हस्ताक्षर अवश्य होने चाहिए। स्व-सत्यापन में शामिल हैं हस्ताक्षर, मुहर एवं तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर)।

(SDAH-304/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

### मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की उत्तर कोयल नहर परियोजना की समीक्षा

# भूमि हस्तांतरण का काम शीघ्र पूरा करने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** उत्तर कोयल नहा परियोजना से संबंधित समीक्षा बैठक बिहार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि उत्तर कोयल जलाशय परियोजना झारखंड राज्य से प्रारंभ होकर बिहार राज्य के औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर, कुटुम्बा, देव, औरंगाबाद एवं मदनपुर प्रखंडों से होते हुए गया जिला में प्रवेश करती है। इस परियोजना के अंतर्गत कुल 09 पैकेज (पैकेज-03 से 11 तक) सम्मिलित हैं, जिनकी कुल लंबाई 77.69 किमी है। इसमें से लगभग 12 कि.मी. गया जिला में तथा शेष



61.69 कि.मी. औरंगाबाद जिला में अवस्थित है। मुख्य सचिव द्वारा इस महत्वाकांक्षी परियोजना की नियमित एवं सतत समीक्षा की जा रही है। उत्तर कोयल नहर परियोजना अंतर्गत भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, नवीनगर, अम्बा, औरंगाबाद, मदनपुर एवं गया द्वारा की जा रही है। परियोजना के अंतर्गत कुल 41.251 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण प्रस्तावित है जिसमें से अब तक 36.2182 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूर्ण कर लिया गया है। शेष 5.032 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है जबकि 2.276 हेक्टेयर भूमि सामाजिक प्रभाव आंकलन (एसआईए) हेतु प्रक्रियाधीन है। मुख्य सचिव द्वारा की गई उच्चस्तरीय समीक्षा के आलोक में जिलाधिकारी द्वारा उत्तर कोयल नहर परियोजना के त्वरित एवं निर्बाध क्रियान्वयन हेतु अंचल अधिकारी–नवीनगर, कुटुम्बा, मदनपुर, देव एवं रफीगंज तथा कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, औरंगाबाद, मदनपुर, अम्बा, नवीनगर एवं गया को स्पष्ट एवं कड़े निर्देश दिए गए कि परियोजना से संबंधित शेष भूमि के हस्तांतरण सहित सभी आवश्यक औपचारिकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ ही उनके द्वारा कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, औरंगाबाद को एसआईए हेतु निर्धारित राशि संबंधित संस्थान को अविलंब उपलब्ध कराई जाए ताकि वैधानिक प्रक्रियाओं में किसी भी स्तर पर विलंब न हो तथा परियोजना का कार्य समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया जा सके।

# डीएम ने बच्चों को पिलाया पोलियोरोधी वैक्सीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर अस्पताल के मॉडल भवन में 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियोरोधी वैक्सीन पिलाकर 16 से 20 दिसंबर के बीच संपन्न होने वाले पल्स पोलियो अभियान का जिला स्तर पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा उद्घाटन किया गया। जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. अनवर आलम द्वारा बताया गया कि 16 से 20 दिसंबर तक घर-घर जाकर 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियोरोधी वैक्सीन पिलाई जाएगी। छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाने का कार्य 22 दिसंबर को किया जाएगा। इस अनुराष्ट्रीय टीकाकरण दिवस कार्यक्रम के दौरान जिले के लगभग चार लाख बच्चों दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. मिथिलेश प्रसाद सिंह एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन के सर्वेलेंस मेडिकल ऑफिसर डॉ.



नकीब द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार भारत में पोलियो का उन्मूलन हो चुका है किंतु पड़ोसी देश पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान में केस मिलने के कारण प्रीवेंटिव रूप में नियमित रूप से देश भर में नियमित टीकाकरण दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं यूनिसेफ के पदाधिकारी एवं कर्मियों की भूमिका निर्धारित की गई है। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. लालसा सिन्हा एवं डीपीएम मो. अनवर आलम के साथ-साथ जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मिथिलेश प्रसाद सिंह, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अरविन्द सिंह, जिला संचारी एवं गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ रवि रंजन, विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ मो. नक़ीब, यूनिसेफ के एसएमसी मो. नैयर, यूएनडीपी के वीसीसीएम अर्शी अली खान सहित अन्यान्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# हत्या सहित अन्य मामलों में 12 लोग गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। अलग-अलग मामलों में 32 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 12 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के शीर्ष में एक, हत्या के प्रयास में 2, शराब कांड में 4 एवं अन्य शीर्ष कंाड में 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 111 लीटर देसी शराब, 600 लीटर स्प्रिट, 1 ट्रक, 2 कार, 2 स्कूटी, 24.98 क्विंटल कोयला बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1078 वाहनों की जांच की गई जिसमें 73500 रूपये बरामद किया गया है। इसके अलावा 131 वारंट एवं 4 कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की माने तो इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# मीडिया की मजबूती से ही सशक्त होता है लोकतंत्र : प्रमोद कुमार सिंह

## सोन वर्षा वाणी के स्थापना दिवस पर उमड़ा जनसमूह, विचार और लोक संस्कृति का दिखा संगम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पत्रकारिता केवल सूचनाओं का संप्रेषण नहीं बल्कि समाज को दिशा देने वाला वह मजबूत स्तंभ है, जिस पर लोकतंत्र की नींव टिकी होती है। जब मीडिया ईमानदारी, निर्भीकता और जनसरोकार के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करता है तभी लोकतांत्रिक व्यवस्था सशक्त बनती है। यह बातें रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने सोमवार की शाम औरंगाबाद नगर भवन में आयोजित सोन वर्षा वाणी के 27वें स्थापना दिवस सह सांस्कृतिक समारोह में अपने संबोधन के दौरान कहीं। विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने सोन वर्षा वाणी की 27 वर्षों की यात्रा को संघर्ष, समर्पण और सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों और चुनौतियों के बावजूद किसी छोटे जिले से निकलकर लगातार 27 वर्षों तक निर्भीक और जनपक्षधर पत्रकारिता करना आसान नहीं है। यह उपलब्धि सोन वर्षा वाणी की टीम की निष्ठा और पाठकों के विश्वास का परिणाम है। बता दें कि सोमवार को नगर भवन, औरंगाबाद में आयोजित इस समारोह का विधिवत शुभारंभ रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय पांडेय, समाजसेवी अजीत कुमार सिंह, नवबिहार टाइम्स के



संपादक कमल किशोर एवं समाजसेवी संतोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके उपरांत सोन वर्षा वाणी समूह के संपादक श्रीराम अंबष्ट के नेतृत्व में सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ, फूलमाला और शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। उद्घाटन सत्र के बाद शिक्षा, स्वास्थ्य, समाजसेवा, पत्रकारिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कई विशिष्ट व्यक्तियों को मंच पर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक प्रमोद कुमार सिंह और एसडीपीओ संजय पांडेय ने संयुक्त रूप से सम्मान प्रदान किया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय पांडेय ने अपने संबोधन में मीडिया और पुलिस-प्रशासन के बीच स्वस्थ समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह आवश्यक है कि मीडिया और प्रशासन के बीच संवाद, विश्वास और पारदर्शिता बनी रहे। यदि मीडिया तथ्यपरक और जिम्मेदार भूमिका निभाए तथा प्रशासन जनता के प्रति संवेदनशील रहे, तो कानून-व्यवस्था स्वतः मजबूत होती है। उन्होंने सोन वर्षा वाणी की संतुलित पत्रकारिता की सराहना की। नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर ने पत्रकारिता के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डिजिटल युग के बावजूद प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता आज भी कायम है। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि प्रदेश में औरंगाबाद ऐसा एकमात्र जिला है, जहां की मिट्टी से दो समाचारपत्र निरंतर प्रकाशित हो रहे हैं, जो यहां की जागरूकता और पत्रकारिता की परंपरा को दर्शाता है। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता, समाजसेवी अजीत कुमार सिंह, रेडक्रॉस चेयरमैन सतीश कुमार सिंह, डॉ. उमेश सिंह, वरीय अभियंता ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, प्रकाश कुमार सिन्हा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ठंड से बचाव को ले सदर अस्पताल में बना कोल्ड वार्ड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मौसम परिवर्तन एवं ठंड लगने के जोखिम को ध्यान में रखते हुए जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में कोल्ड वार्ड बनाया गया है। बता दें कि जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया था कि सदर अस्पताल में 10 बेड का कोल्ड स्ट्रोक वार्ड' बनाया जाए। उनके निर्देशानुसार सदर अस्पताल में उक्त व्यवस्था कर दी गई है। उस व्यवस्था का आकलन मंगलवार को जिलाधिकारी द्वारा सदर



अस्पताल के भ्रमण के क्रम में की गई। दिए गए निर्देश के अनुरूप वार्ड में 10 बेड, रूम हिटर, कंबल एवं आवश्यक दवाइयो की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है, जिसे देखकर जिलाधिकारी द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी। विदित हो कि ठंड लगने पर शरीर की रक्त नालिकाएं सिकुड़ जाती हैं, जिससे रक्तचाप बढ़ता है और खून गाढ़ा हो जाता है, मस्तिष्क में रक्त का थक्का जमने या रक्त प्रवाह रुकने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे रोगियों के आने पर स्वास्थ्य संस्थान आवश्यक मैनेजमेंट के लिए तत्पर रह सके इस दिशा में जिलाधिकारी स्तर से एक पहल के रूप में यह कार्य किया जा रहा है।

# कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर की कार्यशैली में होगा परिवर्तन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** राज्य परियोजना परिषद बिहार, शिक्षा परियोजना परिषद पटना के द्वारा आयोजित जिलों के कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर्स को क्रियाशील करने हेतु सोमवार को पटना में क्षमता वर्धन कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें औरंगाबाद जिले से गुणवत्ता शिक्षा समन्वयक सर्वेश कुमार एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव, कुटुंबा के प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता ने औरंगाबाद जिले का नेतृत्व किया। उक्त कार्यशाला में कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर को क्रियाशील करने हेतु राज्य के विभिन्न जिलों से आए गुणवत्ता समन्वयक और प्रधानाध्यापकों ने अपने विचार साझा किए। उक्त कार्यक्रम मित्रा फॉर चेंज के राज्य प्रमुख नीरज दास गुरु के नेतृत्व में किया गया। उनके टीम में आकाश निकम, प्रद्युम्न इत्यादि ने विस्तार पूर्वक सीआरसी से संबंधित विषय वस्तुओं को रखा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एससीईआरटी के ज्वाइंट सेक्रेट्री सदर बहादुर सिंह ने की। अतिथि के रूप में बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. उदय कुमार उज्ज्वल उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के बाद राज्य के सभी जिलों में पदस्थापित सीआरसी संचालकों एवं समन्वयकों को राज्य से चयनित होकर आए प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण प्राप्त कर इस दिशा में कार्य करना होगा।

# संजय सरावगी का संगठनात्मक अनुभव पार्टी के लिए बेहद महत्वपूर्ण : सुशील

## संजय सरावगी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संजय सरावगी को बिहार भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सुशील कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है, जहां मेहनत और निष्ठा के बल पर कोई भी साधारण कार्यकर्ता जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा में समर्पण भाव से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को हमेशा सम्मान और जिम्मेदारी मिलती है। सुशील कुमार सिंह ने कहा कि संजय सरावगी का संगठनात्मक अनुभव पार्टी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्र जीवन से ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में



विभिन्न पदों पर कार्य किया है। इसके बाद भाजयुमो में जिला मंत्री और दरभंगा भाजपा के जिला महामंत्री की जिम्मेदारी निभाई। वे दरभंगा सदर विधानसभा क्षेत्र से छह बार विधायक निर्वाचित हो चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति से संगठन को नई ऊर्ज़ा मिलेगी और कार्यकर्ताओं का मनोबल और मजबूत होगा। इस अवसर पर भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रदेव यादव, अवध किशोर प्रसाद सिंह, मनोज शर्मा, देव, पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह, अनिल सिंह, आशु अभिनव, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, शुभेंदु शेखर सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह और अनिता सिंह, जिला परिषद सदस्य रामेश्वर बैठा, विनय शर्मा, रविंद्र शर्मा, रामलखन सिंह, उदय प्रताप सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेंद्र कुमार सिंह, शुभम सिंह, नलिनी रंजन, मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता, मुनीन्द्र राम, बिनोद चंद्रवंशी, भरत सिंह, प्रितेश सौरभ, किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष विनय सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त की।

# जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के भाजपा विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह के सौजन्य से विधानसभा क्षेत्र के नौगढ़ में आज जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों तक सेवा पहुंचना आवश्यक है। समारोह में स्थानीय विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने उपस्थित महिलाओं एवं पुरुष समुदाय को उन्हें सेवा का अवसर प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया तथा कहा कि वह जनता के सुख-दुख



में हमेशा खड़े रहेंगे और जनता ने जो ताकत दी है उसका भरपूर उपयोग जन सेवा में करते रहेंगे। इस अवसर पर गोविंद नारायण सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, अमरेंद्र कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, सुरजीत कुमार सिंह समेत भारी संख्या में समाजसेवी एवं नौगढ़, मंझार तथा पोइंवा पंचायत के लोग उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व जम्होर एवं कर्मा भगवान में आसपास के पंचायत के लोगों के बीच कंबल का वितरण किया जा चुका है जबकि बुधवार का बसडीहा खेल मैदान में तथा गुरुवार को भेड़िया धर्मशाला मैदान में आसपास के पंचायत के लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

ठंड से बचाव
सामान्य जानकारी व सलाह



यह अवश्य करें:
- जरूरत न हो तो ठंड में बाहर निकलने से बचें (विशेषकर वृद्ध एवं बच्चे)।
- पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें।
- दस्ताने, जूते, मोजे, टोपी अथवा मफलर का इस्तेमाल करें।
- आँखों को ठंड से बचाने के लिए बाहर निकलते समय चश्मे का इस्तेमाल करें।
- कमरे को गर्म रखने के लिए घर में हीटर, ब्लोअर इत्यादि का प्रयोग सावधानी व सतर्कता के साथ करें।

खाने का ध्यान रखें:
- पर्याप्त भोजन कर बाहर निकलें।
- यथासंभव गर्म एवं गुनगुना पानी पीयें।
- ठंडा खाना खाने एवं ठंडा पेय पदार्थ पीने से बचें।
- उच्च कैलोरी वाले भोज्य पदार्थ का सेवन करें।

PR-368751(Health Med Edu and Family Welfare)25-26

बच्चों को ठंड से बचाव हेतु सलाह
- ठंड में बच्चों का विशेष ध्यान रखें। बच्चों को ठंडी हवा से बचाएं एवं अधिक देर ठंड में न रहने दें।
- बच्चों के सर, गला, छाती तथा हाथ–पाँव को अच्छी तरह से ढंक कर रखें।
- बच्चों को एक के ऊपर एक गर्म कपड़े पहनायें यह उन्हें गर्म रखेगा।
- बच्चों के तापमान की जाँच करते रहें।

अत्यधिक कंपकपी, बार–बार उल्टी या मतली होने पर, सुस्ती अथवा मुर्छित होने पर तुरन्त डॉक्टर से सलाह लें

आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज़ को एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचाने हेतु निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन–आरोग्य योजना की जानकारी हेतु निःशुल्क डायल करें (टॉल फ्री) नम्बर- 18003456540

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी/शिकायत हेतु 24x7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार